आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

# दैनिक अवन्तिका

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार
सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 147 | उज्जैन, शुक्रवार 12 जून, 2026 | ज्येष्ठ कृष्ण 12 (अधिकमास) संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com




## देश विदेश

### केरलम में निपाह वायरस लौटा, संक्रमित वेंटिलेटर पर

**तिरुवनंतपुरम।** केरलम में इस साल निपाह वायरस का पहला केस मिला है। इसकी जानकारी गुरुवार को सामने आई। मरीज 43 साल का है और कोझिकोड का रहने वाला है। राज्य सरकार ने रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद पूरे प्रदेश में हाई अलर्ट जारी कर दिया है। मरीज को हल्का बुखार आने पर प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती किया गया था। बाद में कोझिकोड मेडिकल कॉलेज भेजा गया। उसकी हालत गंभीर है और वह वेंटिलेटर पर है। स्वास्थ्य मंत्री के. मुरलीधरन ने कहा, मरीज कई लोगों के संपर्क में आया था। अस्पताल के स्टाफ और उसके संपर्क में आए संभावित लोगों को क्वारंटीन रहने को कहा गया है। फिलहाल घबराने की जरूरत नहीं है। 2018 के बाद से केरलम में छठी बार संक्रमण फैला है।

### कल्याण बनर्जी का अल्टीमेटम ममता मुझे चुनें या अभिषेक को

**कोलकाता।** ममता बनर्जी की मुश्किलें कम होते नहीं दिख रही हैं। विधायक और सांसद लगातार उनका साथ छोड़ रहे हैं। इस बीच, उनके सबसे करीबी सांसद कल्याण बनर्जी की भी गुरुवार को नाराजगी सामने आई। उन्होंने कहा कि ममता दीदी को तय करना होगा कि वे मेरे साथ हैं या अभिषेक बनर्जी के साथ। अभिषेक को सीनियर नेताओं का सम्मान करना नहीं आता। वह बहुत अहंकारी हैं। इसी वजह से पार्टी बर्बाद हुई है। उन्होंने कहा, अगर ममता दीदी को अभिषेक बनर्जी पर ही निर्भर रहना है, तो उनके साथ रहें और मुझे छोड़ दें। अगर उनसे अलग रास्ता चुनती हैं, तो मैं ममता दीदी के साथ हूं। कल्याण की नाराजगी की वजह टीएमसी का फर्जी साइन केस है। उन्होंने बताया, मुझे आधी रात को बताया गया कि इस केस से जुड़े वकील बदल दिए गए हैं, इनमें मैं भी था। यह अपमानजनक है।

### पंजाबी एक्ट्रेस ने रैपर बादशाह को बताया पति देव



**मुंबई।** पंजाबी एक्ट्रेस ईशा रिखी ने सोशल मीडिया पर रैपर और म्यूजिक प्रोड्यूसर बादशाह के साथ एक तस्वीर शेयर की है और बादशाह को पति देव बताया है। जिसके बाद उनकी शादी को लेकर चल रही चर्चाएं फिर तेज हो गई हैं और इसे दोनों के रिश्ते की सार्वजनिक पुष्टि माना जा रहा है। दरअसल, इंस्टाग्राम पर एक आस्क मी एनीथिंग सेशन के दौरान एक यूजर ने ईशा से सवाल पूछा, मैम, आपकी और बादशाह भाई की शादी हो गई है, फिर आप दोनों एक-दूसरे को इंस्टाग्राम पर फॉलो क्यों नहीं करते? इस पर ईशा ने मजाकिया अंदाज में लिखा, मुझे लगता है कि अब इन सवालों की बाढ़ आ गई है। 'क्या आपकी शादी हो गई है?, क्या आपकी शादी बादशाह से हुई है?, आप दोनों एक-दूसरे को फॉलो क्यों नहीं करते?, आप साथ में तस्वीरें क्यों नहीं पोस्ट करते? जैसे सवाल लगातार पूछे जा रहे हैं। इसके बाद उन्होंने हंसने वाली इमोजी के साथ लिखा, हां, मेरी शादी हो चुकी है। अब सबसे ज्यादा पूछे जाने वाले सवाल पर आते हैं- आप दोनों एक-दूसरे को फॉलो क्यों नहीं करते? सच कहूं तो इसका जवाब मेरे पति को देना चाहिए। पति देव (बादशाह), जनता के मन में कई सवाल हैं। कृपया जल्द से जल्द उनका जवाब दें।

### अमेरिका का भारतीय क्रू वाले तीसरे जहाज पर अटैक, अब तक 3 मौतें

**तेल अवीव।** ओमान के पास भारतीय नाविकों वाले जहाजों पर अमेरिकी हमलों को लेकर भारत ने कड़ा विरोध दर्ज किया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि अमेरिकी नौसेना ने भारतीय क्रू वाले तीसरे जहाज एमटी जलवीर पर भी हमला किया है। इस पर सवार सभी 20 भारतीय सुरक्षित हैं और उन्हें निकालने का काम जारी है। इससे पहले एमटी सेत्तेबेल्लो और एमटी मैरीवेक्स पर भी हमले हो चुके हैं। इन घटनाओं में अब तक 3 भारतीय नाविकों की मौत हो चुकी है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि तीनों जहाजों पर अमेरिकी नौसेना ने हमला किया है। भारत ने इस मामले पर अमेरिकी राजदूत को तलब कर कड़ा विरोध दर्ज कराया और कहा कि जहाजों पर हो रहे हमले तुरंत बंद होने चाहिए।

### राम मंदिर में 7 करोड़ रुपये चढ़ावे की चोरी का आरोप

**अयोध्या।** अयोध्या राम मंदिर में आए चढ़ावे में 7 करोड़ रुपए की चोरी के दावे पर सियासत जारी है। खुद को मंदिर का पूर्व लेखा प्रभारी बताने वाले महिपाल सिंह ने कहा कि मंदिर में चोरी कोई नई बात नहीं थी, यह रोजाना होती थी। मैंने खुद चोरी पकड़ी थी। उन्होंने बताया कि इसकी शिकायत राम मंदिर ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय और मेंबर गोपाल जी से की थी। अगले ही दिन चंपत राय ने मुझे हटा दिया। मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों की 8 महीने पुरानी फुटेज डिलीट करवा दी गई। चंपत राय मंदिर परिसर की व्यवस्थाओं में मनमर्जी चलाते हैं। अगर कोई विरोध करता है, तो उसे हटा दिया जाता है। इस बीच, शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने एटा में कहा- 'राम मंदिर में शिला पूजन के समय से ही चोरी हो रही है। कितने आरोप लग चुके हैं।

---

इंदौर के पटेल ब्रिज पर नगर निगम का पानी के बेकाबू हुए टैंकर ने कई लोगों को रौंदा

## जान बचाकर भागे लोग, 4 घायल, भीड़ ने टैंकर में की तोड़फोड़

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर के पटेल ब्रिज पर गुरुवार दोपहर नगर निगम का पानी का टैंकर बेकाबू हो गया। टैंकर को अपनी ओर आता देख लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। अनियंत्रित टैंकर ने कई कारों और बाइकों को टक्कर मार दी, जिससे 4 लोग घायल हो गए।

प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक हादसा टैंकर के ब्रेक फेल होने से हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टैंकर अचानक अनियंत्रित हो गया और सड़क पर आगे बढ़ते हुए वाहनों को टक्कर मारता चला गया। इससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे से नाराज लोगों ने टैंकर में तोड़फोड़ कर दी।

- चालक ने फुटपाथ पर चढ़ाकर रोका टैंकर
- सड़क पर आगे बढ़ते हुए वाहनों को टक्कर मारता चला गया
- हादसे से नाराज लोगों ने टैंकर में तोड़फोड़ कर दी






प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चालक ने स्थिति को भांपते हुए टैंकर को फुटपाथ की ओर मोड़ दिया। इससे वाहन रुक गया और बड़ा हादसा टल गया। लोगों का कहना है कि यदि टैंकर आगे बढ़ता रहता तो कई और वाहन इसकी चपेट में आ सकते थे।

### हादसे के बाद चालक फरार

घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति संभाली। लोगों का आरोप था कि खराब हालत वाले वाहन को सड़क पर उतारा गया था।

### चालक की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा

बताया जा रहा है कि चालक की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया, क्योंकि चालक ने टैंकर को फुटपाथ की ओर मोड़ दिया। इससे टैंकर रुक गया और बड़ा हादसा टल गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि टैंकर आगे बढ़ता रहता तो कई और वाहन इसकी चपेट में आ सकते थे।

### कई वाहन क्षतिग्रस्त, चार लोग घायल

हादसे में तीन से चार कारें और दो बाइक क्षतिग्रस्त हुई हैं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कई वाहनों को भारी नुकसान पहुंचा। हादसे में चार लोग घायल हुए हैं, जबकि टैंकर में सवार एक व्यक्ति के भी घायल होने की सूचना है। हालांकि किसी गंभीर जनहानि की खबर सामने नहीं आई है।

---

मनावर के ग्राम सिंघाना के मुख्य बाजार में लगी भीषण आग

## दुकानों में रखा लाखों रु. का माल जला



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ मनावर**

मनावर के समीप ग्राम सिंघाना में बिती रात व्यस्ततम बाजार क्षेत्र में देवी कलेक्शन जूते-चप्पल की दुकान में अचानक भीषण आग लग गई । आग की चपेट में ऊपर बनी कपड़े की दुकान भी आ गई जिसमें लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। गनीमत रही कि समय रहते आग पर काबू पा लिया जिससे अन्य दुकानों तक नहीं फैली।

प्राप्त समाचार के अनुसार जूते चप्पल की बंद दुकान में देर रात अचानक दुकान से धुआं और आग की तेज लपटें उठने लगीं और देखते ही देखते पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया।

### गल्ले में रखे हजारों रुपये नकद भी स्वाहा

दुकान संचालक के अनुसार, आग की चपेट में आने से दुकान में रखा सभी प्रकार के फैशनेबल जूते, चप्पल, सैंडल और अन्य कीमती फर्नीचर जलकर खाक हो गए। गल्ले में रखे हजारों रुपये नकद भी स्वाहा हो गए। कुल 7 से 8 लाख रुपये का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। इसी प्रकार कपड़े की दुकान में भी लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। प्राथमिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है, हालांकि पुलिस प्रशासन मामले की गहनता से जांच कर रहा है।

दुकान में प्लास्टिक और रबर के चप्पल-जूते व अन्य सामग्री होने के कारण आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया जिसने ऊपर बनी कपड़े की दुकान को भी अपनी चपेट में ले लिया।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय नागरिकों ने आग बुझाने का प्रयास किया इसी दौरान फायर ब्रिगेड भी मौके पर पहुंची जिसने घंटों कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, वर्ना विकराल आग आसपास के मकानों व दुकानों को भी अपने चपेट में ले लेती। सुरक्षा की दृष्टि से पास के मकान में रहने वालों को समय रहते बाहर निकाल लिया गया था ।

## सौरभ शर्मा की जमानत पर फैसला सुरक्षित

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ जबलपुर**

बहुचर्चित आरटीओ भ्रष्टाचार और 100 करोड़ रुपये से अधिक के कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा की अस्थायी जमानत याचिका पर मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रखते हुए मामले में बाद में निर्णय सुनाने की बात कही है। सौरभ शर्मा ने अपनी पत्नी की प्रस्तावित सर्जरी और दो नाबालिग बच्चों की देखभाल का हवाला देते हुए 60 दिनों की अस्थायी जमानत की मांग की है। याचिका में कहा गया है कि सौरभ शर्मा की पत्नी की जल्द ही साइनस सर्जरी होने वाली है। ऐसे समय में परिवार को उसकी उपस्थिति की आवश्यकता है।

## मध्यप्रदेश में भाजपा ने तीनों राज्यसभा सीट निर्विरोध जीतीं

कांग्रेस उम्मीदवार नटराजन के रद्द नामांकन पर चुनाव आयोग की चुप्पी, आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल**



मध्य प्रदेश में भाजपा ने तीनों राज्यसभा सीटों पर निर्विरोध जीत हासिल कर ली है। चुनाव आयोग ने गुरुवार को पार्टी उम्मीदवार रजनीश अग्रवाल, तरुण चुग और महेश केवट को निर्वाचन सर्टिफिकेट दे दिए हैं।

इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द होने के खिलाफ पार्टी की याचिका पर सुनवाई शुक्रवार तक के लिए टाल दी थी। मामले पर चुनाव आयोग ने भी कोई फैसला नहीं दिया है। ऐसे में तीनों सीटों पर बीजेपी की जीत तय मानी जा रही थी।

दरअसल, तीसरी सीट के लिए कांग्रेस ने मीनाक्षी नटराजन को उम्मीदवार बनाया था। कांग्रेस के पास संख्या बल भी था, लेकिन 9 जून को नटराजन का नामांकन फॉर्म निरस्त कर दिया गया था। इसके खिलाफ बुधवार दोपहर करीब 12 बजे कांग्रेस के 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली में निर्वाचन आयोग से मुलाकात की थी। कांग्रेस की शिकायत पर आयोग की तरफ से कोई बयान नहीं आया था।

सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई टलने पर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा- कांग्रेस को आज सुप्रीम कोर्ट जाना पड़ा। चुनाव आयुक्त चाहते तो कल इस बारे में निर्णय दे सकते थे। खारिज करना या स्वीकार करना, यह विशेष अधिकार चुनाव आयोग को है।

## बिजली गिरने से 5 लोगों की मौत

**एजेंसी ▸▸ लखनऊ/पटना**

मानसून ने गुरुवार को बिहार में एंट्री कर ली है। इसके साथ ही मानसून 17 राज्यों में पहुंच चुका है। वहीं तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में भी मानसून आगे बढ़ गया है। बिहार के 11 जिलों में आज सुबह से आंधी-बारिश हो रही है।

राज्य के खगड़िया में बिजली गिरने से 5 लोगों की मौत हो गई और 4 लोग झुलस गए हैं। पटना, बक्सर, सुपौल समेत 5 जिलों में सुबह-सुबह घने बादलों की वजह से अंधेरा छा गया। लोगों को गाड़ियों की लाइट जलाकर चलना पड़ा। यहां आंधी के साथ बारिश हुई।

इधर, गुजरात को छोड़कर बाकी सभी राज्यों में प्री-मानसून का असर है। दिल्ली में खराब मौसम के चलते 2 फ्लाइट जयपुर डायवर्ट करनी पड़ीं। राजस्थान के कई इलाकों में आंधी के साथ बारिश हुई।

## मणिपुर में कुकी समुदाय के दो लोगों की हत्या

30 घर भी जलाए

**एजेंसी ▸▸ इम्फाल**

मणिपुर में गुरुवार सुबह 4.55 बजे संदिग्ध उग्रवादियों के कुकी समुदाय के 2 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। 30 घरों में आग भी लगा दी गई। घटना कामजोंग जिले के कुलतूह कुकी गांव की है।



एक दिन पहले कांगपोकपी जिले में नगा समुदाय के 6 लोगों के शव बरामद हुए थे। आशंका जताई गई है कि सभी शव उन 6 लोगों के हैं, जिन्हें 13 मई को लीलोन वैफेई गांव से अगवा किया गया था। पुलिस के मुताबिक दोनों की घटनाओं के बाद से इन इलाकों में तनाव का माहौल है। इलाके में सुरक्षाबलों की तैनाती की गई है। मणिपुर के कांगपोकपी जिले के लीलोन वैफेई गांव से 13 मई को नगा समुदाय के 6 लोगों का अपहरण कर लिया गया था। करीब 29 दिन बाद, 9 जून को कराम वैफेई गांव से 6 शव मिले थे।

---

पीओके में प्रदर्शन रोकने के लिए जा रहे पाकिस्तानी सेना का हेलिकॉप्टर क्रैश

## हादसे में 21 सुरक्षाकर्मियों की मौत

**एजेंसी ▸▸ इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में बुधवार को पाकिस्तान सेना का एक एमआई-17 हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसा मुजफ्फराबाद के पास उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद हुआ। हेलिकॉप्टर में सवार सभी 21 सुरक्षाकर्मियों के मारे जाने की खबर है। हालांकि सेना ने अभी यह नहीं बताया है कि हेलिकॉप्टर में कुल कितने लोग सवार थे।

शुरूआती जानकारी के मुताबिक, ये सुरक्षाकर्मी पीओके के नीलम घाटी सेक्टर जा रहे थे। वहां पर विधानसभा की 12 आरक्षित सीटों को लेकर विवाद चल रहा है। इस वजह से सरकार वहां एक्स्ट्रा सैनिक तैनात कर रही है।

मुजफ्फराबाद में उड़ान भरने के बाद हेलिकॉप्टर में तकनीकी खराबी आ गई।



पायलट ने आपातकालीन लैंडिंग की कोशिश की, लेकिन सुरक्षित उतारा नहीं जा सका। पाकिस्तानी सेना ने कहा है कि दुर्घटना की असली वजह का पता लगाने के लिए जांच के आदेश दे दिए गए हैं।

### आर्मी चीफ मुनीर ने हादसे की जांच का आदेश दिया

- सेना ने कहा है कि दुर्घटना की असली वजह पता लगाने के लिए जांच के आदेश दे दिए गए हैं। पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर समेत सेना के सभी अधिकारियों और जवानों ने इस हादसे पर गहरा दुःख जताया है और मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।
- पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भी हेलिकॉप्टर हादसे पर शोक जताया।
- प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि देश इन बहादुर सैनिकों की कुर्बानी को हमेशा याद रखेगा। राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री दोनों ने मृतकों के लिए प्रार्थना की और उनके परिवारों को इस दुख को सहने की शक्ति मिलने की कामना की।

---

मुख्यमंत्री मोहन यादव का बड़ा फैसला

## टू-चाइल्ड पॉलिसी हटाने के आदेश

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल**

प्रदेश सरकार ने सरकारी नौकरी में दो से अधिक बच्चों की शर्त हटाने का बड़ा फैसला लिया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 2001 से लागू उस प्रावधान को समाप्त करने के निर्देश दिए हैं, जिसके तहत दो से अधिक जीवित संतान वाले अभ्यर्थी सरकारी सेवा के लिए अपात्र माने जाते थे।

मध्य प्रदेश में सरकारी नौकरी से जुड़ा एक बड़ा बदलाव होने जा रहा है। सीएम डॉ. मोहन यादव ने दो से अधिक बच्चों वाले अभ्यर्थियों और शासकीय सेवकों पर लागू प्रतिबंध संबंधी प्रस्तावित नियम को निरस्त करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही सामान्य प्रशासन विभाग को मौजूदा ड्राफ्ट तत्काल



पोर्टल से हटाने और नया प्रारूप प्रकाशित करने को कहा गया है।

दरअसल, वर्ष 2001 में तत्कालीन दिग्विजय सिंह सरकार ने मध्य प्रदेश सिविल सेवा नियमों में प्रावधान किया था कि 26 जनवरी 2001 या उसके बाद दो से अधिक जीवित संतान वाले अभ्यर्थी शासकीय सेवा के लिए पात्र नहीं होंगे। वहीं सरकारी कर्मचारियों के दो से अधिक बच्चे होने को आचरण नियमों के तहत कदाचार की श्रेणी में भी रखा गया था।

हाल ही में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी संशोधित ड्राफ्ट में भी यह प्रावधान यथावत रखा गया था। मामला मुख्यमंत्री डॉ। मोहन यादव के संज्ञान में आने के बाद उन्होंने तत्काल हस्तक्षेप करते हुए इस प्रारूप को निरस्त करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि दो से अधिक जीवित संतान होने पर सरकारी सेवा में अपात्रता संबंधी प्रावधान हटाकर नया प्रारूप विधिवत प्रकाशित किया जाए। राजनीतिक गलियारों में इस फैसले को संघ प्रमुख मोहन भागवत द्वारा समय-समय पर जनसंख्या संतुलन और परिवार विस्तार को लेकर दिए गए बयानों से भी जोड़कर देखा जा रहा है। हालांकि सरकार की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की गई है।

## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का गुरुवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

# नगर संस्था के पानी हिसाब में लोचा...

नगर संस्था के पास पानी का मसला 1999 से मात्र तीन साल के लिए आया था। इस दौरान पानी वालों को कैसे सब किया जाता है और हिसाब कैसे लिया जाता है सिखाना था और उसके बाद नगर की संस्था से वापस हो जाना था। पिछले 27 सालों में नगर संस्था में इस पूरे मसले को विकसित ही नहीं किया जा सका है। खास तो यह है कि उल्टे हाल बन गए हैं। इसी के चलते कम प्रेशर, आए दिन क्षमाप्रार्थना के योग बन जाते हैं। इससे भी खास यह है कि पानी के हिसाब के लिए पूर्व में मेन्यूअल सब किया जाता था। हिसाब ओके होकर दौड़ लगाता था और उपयोगकर्ता भी समय पर हिसाब कर देते थे।





जब से हिसाब किताब का अत्याधुनिकीकरण किया गया है मेन्यूअल लेजर से हाईटेक होने में हिसाब ने जमकर जंप किया है। उपयोगकर्ता को जारी हो रही रसीदों में हजारों का बकाया ऐसे बताया जा रहा है जैसे मजाक चल रहा हो न कि हिसाब किताब। ईमानदारी से प्रति वर्ष का अग्रिम पैसा जमा करने वालों के खातों में भी सालों का बंपर बकाया निकाला जा रहा है। अगर उपयोगकर्ता साबित नहीं कर पाए कि उसने जमा कर दिया है तो उस पर बकाया मढना तय है और फिर चुकता करना उसकी मजबूरी है। अत्याधुनिकीकरण के तहत निकलने वाली रसीदों में बकाया निकल ही रहा है। इसके लिए विभागीय कर्मचारी कहते हैं कि डायरी लेकर आएं उसे चेक करेंगे। उसके आधार पर संशोधन कर दिया जाएगा। सवाल यह उठ रहा है कि अगर किसी उपयोगकर्ता ने सालों से नकद जमा किए हैं और उसके पास डायरी नहीं मिली पाई या खो गई तो ऐसे में तो अत्याधुनिकीकरण के तहत उस पर बकाया मढना तय ही है। उपयोगकर्ता के हित के लिए कौन बोलेगा और इतनी मशक्कत करेगा कि सालों पुराने रसीद कट्टे खोजे जाएंगे और उसे राहत प्रदान करने के लिए जमीन आसमान एक किया जाएगा। उसकी जुबानी बात पर यकीन कौन करेगा। पानी उपयोगकर्ता के खाते का अत्याधुनिकीकरण सवालों के घेरे में है और उसमें लोचे की स्थिति में ही रसीद दी जा रही है। यही नहीं अत्याधुनिकीकरण के लिए जिसे ठेका दिया फिर उसने बगैर प्रमाणन के कैसे खाते में शेष रकम दर्शा दी है यह सवाल भी कायम हो रहा है। खुसूर-फुसूर है कि ये हिसाब में गोलमाल है भाई सब गोलमाल है। पानी में बेमानी भी शामिल होने का स्तर सामने आ रहा है। इसके लिए जिम्मेदार वे हैं जिन्हें उपयोगकर्ता एवं बराबर इमान से जमाकर्ता के हितों एवं हिसाब को ध्यान रखना है वे ही इसे नजरअंदाज कर रहे हैं।

## न्यूज कॉलम

# विकास प्राधिकरण ने दी शहरवासियों के लिए काम्पलेक्स की अनूठी सौगात



**उज्जैन।** उज्जैन विकास प्राधिकरण द्वारा शहरवासियों के लिए भूस्वामी अधिकार अंतर्गत व्यावसायिक एवं कार्यालयीन गतिविधियों हेतु बाबूलाल जैन वाणिज्यिक परिसर महानंदा नगर योजना में 43 दुकानों एवं ऑफिस/चेम्बर की निविदा निकाली गई है। उक्त वाणिज्यिक परिसर शहर के देवास रोड पर सर्किट हाउस के पास शासकीय पोलिटेक्निक कालेज के समीप स्थित है। उक्त वाणिज्यिक काम्पलेक्स का फ्र ंट ऐलिवेशन एसीपी पेनल द्वारा डिजाईन किया गया है। परिसर में भूतल पर विभिन्न आकार की विभिन्न आरक्षण श्रेणियों की 13 दुकानें, प्रथम तल पर विभिन्न आकार की विभिन्न आरक्षण श्रेणियों के 15 आफिस चेम्बर तथा द्वितीय तल पर विभिन्न आकार की विभिन्न आरक्षण श्रेणियों के 15 आफिस चेम्बर है। उक्त वाणिज्यिक परिसर के सामने 100 फीट चौड़ी सड़क होकर परिसर में अत्याधुनिक लिफ्ट की सुविधा तथा लेंड स्केपिंग भी है जो परिसर को बहुत आकर्षक बनाती है। परिसर में चार पहिया एवं दो पहिया वाहनों हेतु पार्किंग की सुविधा तथा वाशरूम की सुविधाएं भी उपलब्ध है जो हितग्राही काफी समय से अपने व्यवसाय को प्रारंभ करने हेतु एक सुसज्जित वाणिज्यिक परिसर की राह देख रहे थे उनका सपना इस वाणिज्यिक परिसर के माध्यम से पूर्ण हो सकता है। उक्त योजना में दुकानें /आफिस चेम्बर ऑनलाइन पद्धति से पूर्ण पारदर्शिता के साथ विक्रय किये जाएंगे। जो हितग्राही इस वाणिज्यिक काम्पलेक्स तथा आवासीय योजना में दुकानें /आफिस चेम्बर या भवन क्रय करना चाहते हैं वे ऑनलाइन पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन की अंतिम दिनांक 3.7.2026, आनलाइल बोली प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक 6.7.2026 एवं निविदा खोलने की अंतिम तिथि 7.7.2026 है।

## माँ शिप्रा तैराक दल द्वारा चलाये जा रहे ग्रीष्मकालीन तैराकी शिविर के समापन कार्यक्रम में बच्चों को वितरित किए प्रमाण पत्र



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

माँ शिप्रा तैराक दल द्वारा चलाये जा रहे 2 माह ग्रीष्मकालीन तैराकी शिविर का समापन कार्यक्रम बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संदीप मेहता (दैनिक अवंतिका संपादक), विशेष अतिथि नोतिनदास चेतनानी, (उज्जैन सेवा समिति कोषाध्यक्ष), संस्था अध्यक्ष पं. हिमांशु व्यास, संस्था सचिव व प्रशिक्षक संतोष सोलंकी, भूपेंद्र हँसवाल (सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर), संस्था प्रचार सचिव तेजा कहार, महिला प्रशिक्षक सपना माली द्वारा बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित कर शुभकामनाएं दी तथा राज्यस्तरीय खिलाड़ियों का दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया। जानकारी सपना माली ने दी।

### गुणवत्ता की स्पाट पर जांच, मेला अधिकारी ने प्रयोगशाला भी देखी

# सिंहस्थ की निर्माणाधीन सड़क कसौटी पर आई





दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिहंस्थ महापर्व 2028 के विश्व स्तरीय आयोजन के लिए विकास कार्यों के साथ नवीन सड़क निर्माण, मार्ग चौड़ीकरण और ब्रिज का निर्माण के कार्य प्रगतिरत है। गुरूवार को नियमित निरीक्षण के तहत संभागायुक्त सह सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह ने सड़क निर्माण कार्य में उपयोग की गई निर्माण सामग्री की गुणवत्ता परीक्षण स्पाट पर ही सेंपल लेकर करवाया है। इसके साथ ही उन्होंने प्रयोगशाला को भी देखा है।

मेला अधिकारी एवं संभाग आयुक्त आशीष सिंह ने लोक निर्माण विभाग की केंद्रीय परीक्षण प्रयोगशाला की टीम के साथ नानाखेड़ा चौराहा पर निमार्णाधीन सिक्स लेन सड़क निर्माण और लालपुल से भूखी माता होकर मुरलीपुरा बड़नगर रोड़ तक निर्माणाधीन सिक्स लेन सड़क निर्माण कार्य में उपयोग की गई सामग्री की मानक स्तर पर गुणवत्ता की जांच कराई।

### समक्ष में कराई जांच एवं जानकारी ली

श्री सिंह की उपस्थिति में अधिकारियों ने सड़क निर्माण के एक हिस्से से खोदकर निर्माण सामग्री निकालने के बाद इसका परीक्षण प्रयोगशाला में विभिन्न स्तरों पर कराया है। प्रयोगशाला में निर्माण सामग्री के परीक्षण के बाद मूल्यांकन का मानक स्तर रजिस्टर में दर्ज किया गया। श्री सिंह ने क्वालिटी परीक्षण प्रयोगशाला का निरीक्षण कर विभिन्न परीक्षण में उपयोग होने वाली मशीनों की जानकारी भी ली।

### मुख्यमंत्री के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें

उन्होंने सिंहस्थ महापर्व के लिए निर्माणाधीन ब्रिज निर्माण, सड़क निर्माण, मार्ग चौड़ीकरण कार्य, शिप्रा नदी पर घाट निर्माण सहित अन्य प्रचलित विकास कार्यों में निर्माण सामग्री के उपयोग के दौरान गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के लिए निर्देशित किया। इसके साथ ही निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की नियमित मॉनीटरिंग करने वाले अधिकारी सामग्री की प्रयोगशाला में जांच कराने के साथ ही जांच रिपोर्ट भी प्रतिदिन की तैयार रखें। मेला अधिकारी श्री सिंह ने कहा कि सिंहस्थ महापर्व के अंतर्गत प्रचलित निर्माण कार्यों में क्वालिटी से किसी तरह का कोई समझौता नही होगा। सभी विभाग मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निदेर्शों का पालन सुनिश्चित करें।

### ऐसे हुई निर्माण सैंपल की जांच

- **कंप्रेसिव स्ट्रेंथ-** कंक्रीट के क्यूब्स बनाकर पानी में रखकर इसकी भार सहने की क्षमता मापी जाती है।
- **सेटिंग टाइम-** सीमेंट तय समय में जम रहा है या नहीं।
- **क्यूब टेस्ट और स्लम टेस्ट-** कांक्रीट की गुणवत्ता और कार्य करने की क्षमता जांची जाती है।
- **स्टील परीक्षण-** स्टील की छड़ों की खिंचाव और भार सहने की क्षमता की जांच होती है।
- **वजन और व्यास -** स्टील का वजन और मोटाई मानक के अनुसार होनी चाहिए।
- **क्रशिंग और इम्पैक्ट टेस्ट -** पत्थरों पर पड़ने वाले दबाव और झटकों को सहने की क्षमता मापी जाती है।
- **लॉस एंजिल्स एब्रेशन टेस्ट-** गिट्टी कितनी घिसती है इसकी जांच होती है।
- **मिट्टी और सब-** ग्रेड सीबीआर टेस्ट- सड़क की नींव की मजबूती जांचने के लिए यह सबसे महत्वपूर्ण टेस्ट है।
- **प्रोक्टर कॉम्पेक्शन टेस्ट-** मिट्टी में कितनी नमी है और संघनन के बाद उसका घनत्व क्या होगा, यह मापा जाता है।

नोट-स्थल पर लोक निर्माण विभाग केंद्रीय लेब अधिकारियों के बताए अनुसार

# वीर योद्धा बंदा बलिदान दिवस पर श्रद्धा सुमन अर्पित



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सनातन धर्म की रक्षा के लिए लगभग 300 वर्ष पूर्व सैकड़ों मुगलों के सिर कलम करने वाले वीर शिरोमणि राष्ट्रभक्ति अमर शहीद श्री बंदा बैरागी का बलिदान दिवस वैष्णव बैरागी समाज धर्मशाला अंकपात पर वरिष्ठ नेता समाजसेवी दादा मनोहर बैरागी के मुख्य आतिथ्य एवं खेड़ापति हनुमान सरकार के गादिपति महंत श्री हरिहर रसिक की अध्यक्षता में मनाया जाकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

बलिदान दिवस पर वीर बंदा बैरागी के जीवन को रेखांकित करते हुए श्री बैरागी ने कहा कि आज से लगभग 300 वर्ष पूर्व जब देश में विशेष कर पंजाब में मुगल शासकों का आतंक चारों तरफ फैला हुआ था उनके जुल्म और ज्यादती से हिंदू एवं सनातनियों का जीना मुश्किल हो गया था। तत्कालीन मुगल शासक द्वारा गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों को जिंदा दीवाल में चुनवाने एवं हिंदुओं पर अत्याचार का बदला लेने के लिए गुरु गोविंद सिंह द्वारा बंदा बैरागी को अपना शिष्य बनाकर उन्हें राष्ट्र एवं हिंदुओं की रक्षा करने का संकल्प दिलाया। इसके बाद बंदा बैरागी द्वारा एक सेना तैयार कर जंग का ऐलान कर दिया और सैकड़ों मुगलों को मौत के घाट उतार दिया। इसी दौरान उन्होंने श्री गुरु तेग बहादुर का सिर काटने वाले जलालुद्दीन एवं सरहिंद के नवाब वजीर खान का सिर काट डाला। इसके बाद मुगलों में हा-हा कर मच गया और उनके द्वारा लाखों सैनी को कोई खट्टा कर बंदा बैरागी और उनकी सेवा को पकड़कर मार डाला।

महा योद्धा वीर बंदा बैरागी के चित्र पर गोपाल बैरागी, हरीश शास्त्री, बंटी बैरागी, अनिल बैरागी, कृष्णकांत बैरागी, ललित बैरागी, अनमोल, रामेश्वर बैरागी, सुमित शर्मा, शहीद सैकड़ों सनातनियों द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। संचालन गिरधारी माडसाहब द्वारा एवं आभार धर्मशाला अध्यक्ष ओम बैरागी द्वारा व्यक्त किया गया।

# पंडित भातखंडे कला संस्थान के 11 दिवसीय नि:शुल्क संगीत से संस्कार शिविर का समापन



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

गायत्री संगीत कला केंद्र एवं पंडित विष्णु नारायण भातखंडे कला संस्थान द्वारा आयोजित 11 दिवसीय निःशुल्क संगीत से संस्कार प्रशिक्षण शिविर का समापन हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। 1 जून से प्रारंभ हुए इस शिविर में बच्चों, युवाओं एवं संगीत प्रेमियों ने संगीत के साथ-साथ भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों एवं व्यक्तित्व विकास की विविध गतिविधियों में सहभागिता की।

संस्था अध्यक्ष ने प्रत्येक शनिवार संस्कार शाला एवं रविवार यज्ञ एवं सूर्य अर्घ्य को नियमित करने की घोषणा करते हुए आगामी कार्यक्रम की जानकारी दी, वही प्रशिक्षण दे रहे मानसेवी डॉ. सतीश गोथरवाल ने कहा कि संगीत केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि संस्कार, साधना और व्यक्तित्व निर्माण का प्रभावी माध्यम है। इसी उद्देश्य से यह शिविर आयोजित किया गया, जिससे नई पीढ़ी भारतीय संस्कृति एवं जीवन मूल्यों से जुड़ सके। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को सीखी गई अच्छी बातों को बनाए रखने का संकल्प करवाकर उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए शांति पाठ किया गया।

### हरिफाटक ब्रिज के नीचे मुर्गा-मुर्गी का अवैध व्यापार का अतिक्रमण हटवाया

# आयुक्त ने निगम के कचरे से निकले कबाड़ की चोरी पकड़ी



### आउटसोर्स वाहन चालक एवं हेल्पर को थाना भिजवाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा गुरूवार को हरिफाटक ब्रिज उन्नयन विकास कार्य को देखने बारह खोली पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने मुर्गा-मुर्गी के अवैध व्यापार के अतिक्रमण को हटवाया और स्थल पर नगर निगम के कचरे से निकले कबाड़ की चोरी भी पकड़ी। मामले में आउट सोर्स वाहन चालक एवं हेल्पर को कार्रवाई के लिए महाकाल थाना भेजा गया था। पुलिस ने दोनों को नसीहतें देकर छोड़ा है।

मिश्रा के निरीक्षण के दौरान वार्ड क्रमांक 29 में हरिफाटक ब्रिज के नीचे मुज्जफर खान एवं सलमान द्वारा अवैध रूप से मुर्गी विक्रय एवं कबाड़ का व्यवसाय करते मिले थे। इस दौरान वहां पर कबाड़ विक्रय हेतु खड़े वाहन की जांच की गई जिसमें पाया गया है उक्त कबाड़ निगम द्वारा संग्रहित किये जाने वाले कचरे में से निकाला गया है तथा मौके पर आउटसोर्स एजेंसी अन्तर्गत कार्यरत ड्रायवर एवं हेल्पर पाए गए।

### खड़े रहकर अतिक्रमण हटवाया

आयुक्त श्री मिश्रा द्वारा स्वयं स्थल पर उपस्थित रह कर अतिक्रमण को जेसीबी के माध्यम से हटवाया। अवैध रूप से कबाड़ बेचने वाले दोनो आउटसोर्स कर्मचारियों एवं दुकान संचालक के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराए जाने की कार्यवाही की गई। इसके साथ ही जिस वाहन से कबाड़ लाया गया था उसे भी जप्त किये जाने की कार्यवाही तत्काल की गई। मामले में महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल का कहना था कि दोनों कर्मचारी को थाना लाया गया था। संबंधित मामले में अपराध दर्ज होने की स्थिति नहीं होने के कारण बाद में उन्हें नसीहत देकर छोड़ा गया है।

### सिंहस्थ क्षेत्र में भूमि अधिग्रहण कर सड़क के दोनों ओर डलेगी पाइप लाइनें

# सीवरेज एवं पानी की लाइन का 380 करोड़ की निविदा रिलीज

## भूमिगत 6 टैंक, सीवरेज पम्पिंग स्टेशन, सीवरेज ट्रीटमेन्ट प्लांट के लिए अलग से जारी होगी निविदाएं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ क्षेत्र में पक्के निर्माण के लिए स्थाई सिवरेज एवं पानी की लाइन के लिए 700 करोड की निविदा रिलीज की गई है। इसके तहत 50 किलोमीटर क्षेत्र में 67 किलोमीटर सड़क के दोनों और मिलाकर कुल 240 किलोमीटर सीवरेज व 260 किलोमीटर पानी की स्थाई लाइन डाली जाना है। 9 जून मंगलवार को जारी कर दिया गया है।



सिंहस्थ क्षेत्र में नई 50 किलोमीटर सड़क निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया है। जिसकी लागत लगभग 350 करोड़ रुपए है। इसके लिए भूमि अधिग्रहण भी किया गया है जिसके तहत किसानों को लगभग 440 करोड़ रुपए मुआवजा दिया जाना है। 50 किलोमीटर लम्बी नई सड़क में 24 मीटर चौड़ाई तक निर्माण होना है। जिसमे 15 मीटर सड़क और सड़क के दोनों और कुल 9 मीटर में स्थाई सीवरेज व पानी पाइप लाइन डलेगी। इसी प्रकार सिंहस्थ क्षेत्र में पुराने बने हुए 67 किलोमीटर सड़क का चौड़ीकरण किया जा रहा है। जिसकी लागत करीब 1000 करोड़ रुपए है। इस पुराने सड़क के दोनों और भी स्थाई सीवरेज व पानी की पाइप लाइन डलना है। इस प्रकार सिंहस्थ क्षेत्र में करीब 120 किलोमीटर सड़क के दोनों और मिलाकर लगभग 240 किलोमीटर सीवर लाइन व 260 किलोमीटर पानी की स्थाई लाइन डलेगी।

### सीवरेज व पानी के लिए जारी हुई निविदा

सिंहस्थ क्षेत्र में 240 किलोमीटर तक स्थाई सीवर लाइन व 260 किलोमीटर तक पानी की स्थाई लाइन डाली जाना है। 9 जून को सीवर व पानी लाइन का टेंडर ऑनलाइन अपलोड कर दिया गया है। यहां टेण्डर को तीन अलग-अलग भागों में विभाजित किया गया है। वर्तमान में जारी टेण्डर में जीएसटी सहित लगभग 380 करोड़ रुपए के कार्य होना है। जिसमें आरसीसी का पक्का सीवरेज लाइन डलेगा। इसके लिए जमीन के अंदर 2 मीटर से 9 मीटर गहराई तक खुदाई करना होगी। सीमेन्ट का पक्का आधार बनाना होगा, इसके बाद सीमेंट के ही पाइप डाले जाना है। वहीं पानी के लिए डीआई पाइप लाइन डाली जाना है। इसी कार्य को आगे बढ़ाने के लिए आने वाले समय में 300 करोड़ से ज्यादा राशि के और भी टेण्डर जारी होंगे। जिसमे पानी के लिए भूमिगत 6 बड़े टैंक बनना है। सीवरेज पम्पिंग स्टेशन, सीवरेज ट्रीटमेन्ट प्लांट शामिल रहेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### दो दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य परिक्षण शिविर का आयोजन

**उज्जैन।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के निर्देशानुसार शासकीय सेवकों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के उद्देश्य से रेडक्रास सोसायटी और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कलेक्टर कार्यालय के परिसर में दो दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य परिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें अधिकारियों व कर्मचारियों की जांच कर उपचार व परामर्श प्रदान किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल ने बताया कि शिविर में डायबिटीज, हाईपरटेंशन, एनीमिया तथा अन्य आवश्यक स्वास्थ्य जांचें की गई। स्वास्थ्य जांच से मधुमेह, उच्च रक्तचाप एवं अन्य गैर-संचारी रोगों की समय पर पहचान एवं उपचार संभव हो सकेगा। शिविर मे चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टॉफ द्वारा जांच व उपचार प्रदान किया गया। शिविर के लिए आवश्यक उपकरण जैसे बीपी मशीन, ग्लूकोमीटर, वजन मशीन एवं माप टेप आदि के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

### बांद्रा टर्मिनस - अजमेर एक्सप्रेस के समय में संशोधन

**इंदौर।** पश्चिम रेलवे द्वारा रेल परिचालन को अधिक सुव्यवस्थित एवं सुचारू बनाने के उद्देश्य से ट्रेन संख्या 19626 बांद्रा टर्मिनस - अजमेर एक्सप्रेस के समय में संशोधन करने का निर्णय लिया गया है। संशोधित समय-सारणी 22 जून, 2026 से बांद्रा टर्मिनस से प्रस्थान करने वाली यात्रा से प्रभावी होगी। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ट्रेन संख्या 19626 बांद्रा टर्मिनस - अजमेर एक्सप्रेस अब बोरीवली स्टेशन पर पूर्व निर्धारित समय 08:57/09:00 बजे के बजाय आगमन/प्रस्थान 09:13/09:26 बजे होगा। इसी प्रकार वापी स्टेशन पर ट्रेन का पूर्व निर्धारित समय 10:55/10:57 बजे के बजाय आगमन/प्रस्थान समय 11:18/11:20 बजे होगा।

### इंदौर जिले में आयोजित होंगे लोक कल्याण मेले

**इंदौर।** राज्य शासन द्वारा दिए गए निर्देशानुसार जिले में 12 से 16 जून तक लोक कल्याण मेले आयोजित किए जाएंगे। इस तारतम्य में अनुभाग महू में 12, 15 और 16 जून को लोक कल्याण मेलों का आयोजन किया गया है। यह मेले तहसील कार्यालय महू में होंगे। प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश ने देश में एक गौरवशाली और ऐतिहासिक उपलब्धि अर्जित की है। राज्य शासन, नगरीय निकायों तथा ऋणदाता संस्थाओं के समर्पित प्रयासों एवं सक्रिय सहयोग से प्रदेश में अब तक 10 लाख से अधिक पथ विक्रेताओं को सफलतापूर्वक लाभान्वित कर उनके स्वावलंबन का मार्ग प्रशस्त किया जा चुका है। इस योजना की पहुँच को अंतिम छोर तक और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में 01 जून 2026 से विशेष अभियान संचालित किया जा रह है, जो 30 जून तक चलेगा।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर होगा सामूहिक योग कार्यक्रम

**इंदौर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून 2026 को प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उच्च शिक्षा विभाग ने इस संबंध में सभी कुलसचिवों, प्राचार्यों एवं संबंधित संस्थानों को निर्देश जारी किए हैं। निर्देशों के अनुसार आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वर्ष 2026 के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए निर्धारित गतिविधियों का पालन किया जाएगा। विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों से कहा गया है कि वे योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। कार्यक्रम की तैयारी के तहत 19 जून 2026 को विद्यार्थियों को प्रशिक्षित योग शिक्षकों द्वारा योगाभ्यास कराया जाएगा। सामूहिक योग कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को योग के अनुरूप आरामदायक वेशभूषा धारण करने के निर्देश दिए गए हैं।

### सब्जी उत्पादन में 21.58 लाख मीट्रिक टन की हुई अभूतपूर्व वृद्धि

**इंदौर।** मध्यप्रदेश आज कृषि और उद्यानिकी के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में अपनी सशक्त पहचान बना चुका है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में वर्ष 2026 को ह्लकिसान कल्याण वर्षह्व के रूप में मनाया जा रहा है, इसका उद्देश्य किसानों की आय में वृद्धि, कृषि का विविधीकरण तथा खेती को अधिक लाभकारी बनाना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कहते है कि कृषि को केवल पारंपरिक फसलों तक सीमित नहीं रखा जा सकता। किसानों की आय बढ़ाने के लिए कृषि के साथ उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन और खाद्य प्रसंस्करण को भी समान महत्व देना आवश्यक है। विगत 4 वर्ष में प्रदेश के सब्जी उत्पादन में लगभग 21.58 लाख मीट्रिक टन की उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। मध्यप्रदेश देश में सब्जियों के उत्पादन में तीसरे स्थान पर है। उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा ह्लसमृद्ध किसान-समृद्ध मध्यप्रदेशह्व की थीम पर सब्जी क्षेत्र विस्तार की व्यापक कार्ययोजना तैयार की गई है। प्रदेश की अनुकूल जलवायु, उपजाऊ भूमि, सिंचाई संसाधनों का विस्तार तथा किसानों द्वारा आधुनिक तकनीकों को अपनाने के कारण सब्जी उत्पादन में निरंतर वृद्धि दर्ज की जा रही है। वर्ष 2022-23 में प्रदेश में सब्जियों का उत्पादन 236.41 लाख मीट्रिक टन था, जो वर्ष 2024-25 में बढ़कर 257.99 लाख मीट्रिक टन तक पहुंच गया। यह वृद्धि राज्य के कृषि एवं उद्यानिकी क्षेत्र की सुदृढ़ प्रगति को दशार्ती है। राष्ट्रीय स्तर पर सब्जियों का कुल उत्पादन लगभग 2177 लाख मीट्रिक टन है, जिसमें मध्यप्रदेश की भागीदारी लगभग 259 लाख मीट्रिक टन है। इससे स्पष्ट है कि देश की खाद्य एवं पोषण सुरक्षा में मध्यप्रदेश महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

---

खरीफ से पहले किसानों पर महंगाई की मार, बुवाई की तैयारी के बीच खाद संकट गहराया

## खाद के दामों में 800 रुपये तक उछाल, सर्वर समस्या से बढ़ी परेशानी

### कच्चे माल की कमी से बढ़े खाद के दाम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में खरीफ सीजन की बुवाई शुरू होने से पहले ही किसानों की चिंताएं बढ़ गई हैं। डीजल की बढ़ती कीमतों के बाद अब रासायनिक खादों के दामों में हुई भारी बढ़ोतरी ने किसानों की लागत और बढ़ा दी है। जिले के किसानों का कहना है कि खेती पहले से ही घाटे का सौदा बनती जा रही है, ऐसे में खाद, बीज और डीजल की महंगाई ने उनकी मुश्किलें कई गुना बढ़ा दी हैं।

किसानों के अनुसार एनपीके और पोटाश खाद की कीमतों में 175 रुपये से लेकर 800 रुपये प्रति बोरी तक की बढ़ोतरी हुई है। वहीं दूसरी ओर खाद वितरण में लागू ई-टोकन व्यवस्था और बार-बार सर्वर डाउन होने की समस्या ने हालात को और जटिल बना दिया है।

खाद व्यापारी मयंक गर्ग के मुताबिक, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे माल की उपलब्धता प्रभावित होने से खाद निर्माण कंपनियों की लागत बढ़ी है। इसका सीधा असर बाजार कीमतों पर पड़ा है। उन्होंने बताया कि मांग अधिक होने और आपूर्ति सीमित रहने के कारण खाद की उपलब्धता भी प्रभावित हो रही है। उनका कहना है कि व्यापारी भी इस स्थिति से परेशान हैं, क्योंकि कंपनियों से पर्याप्त मात्रा में स्टॉक नहीं मिल पा रहा। ऐसे में किसानों की नाराजगी का सामना भी व्यापारियों को करना पड़ रहा है।

खाद वितरण के लिए फार्मर आईडी और ई-टोकन प्रणाली लागू की गई है, लेकिन कई केंद्रों पर तकनीकी समस्याएं किसानों की परेशानी बढ़ा रही हैं। किसानों का आरोप है कि घंटों लाइन में लगने के बावजूद कई बार सर्वर डाउन हो जाता है और टोकन जारी नहीं हो पाते। कुछ किसानों ने बताया कि टोकन मिलने के बाद भी तकनीकी खामी के कारण खाद नहीं मिल पाती और उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ता है।



#### किसानों ने जताई नाराजगी

निनोरा गांव के किसान रमेश पटेल ने कहा कि डीजल, बीज और खाद सभी महंगे हो गए हैं। ऐसे में खेती करना लगातार कठिन होता जा रहा है। वहीं किसान हेमंत सांखला ने आरोप लगाया कि आम किसानों को घंटों इंतजार करना पड़ता है, जबकि कुछ लोगों को आसानी से खाद उपलब्ध हो जाती है। किसानों का कहना है कि यदि समय पर खाद नहीं मिली तो बुवाई प्रभावित होगी और इसका असर उत्पादन पर भी दिखाई देगा।

#### उत्पादन पर पड़ सकता है असर

उज्जैन जिले में इस वर्ष खरीफ सीजन के दौरान करीब तीन लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सोयाबीन और मक्का की बुवाई प्रस्तावित है। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि यदि खाद की उपलब्धता और कीमतों की समस्या बनी रही तो उत्पादन प्रभावित हो सकता है। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन का रास्ता अपना सकते हैं।

#### कृषि विभाग ने क्या कहा?

कृषि विभाग के उप संचालक यू.एस. तोमर का कहना है कि विभाग को फिलहाल किसानों की ओर से किसी बड़ी समस्या की औपचारिक शिकायत नहीं मिली है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में पुराने स्टॉक का वितरण पुराने दामों पर किया जा रहा है। नए स्टॉक के आने पर संशोधित दरें लागू होंगी। उन्होंने यह भी कहा कि यदि कहीं सर्वर डाउन होने जैसी समस्या सामने आती है तो उसका तत्काल समाधान किया जा रहा है।

#### किस खाद पर कितनी बढ़ी कीमत?

| खाद का प्रकार | पुरानी कीमत (रु.) | नई कीमत (रु.) | बढ़ोतरी (रु.) |
|---|---|---|---|
| एनपीके 12-32-16 | 1900 | 2450 | 550 |
| एनपीके 16-16-16 | 1725 | 2050 | 325 |
| एनपीके 24-24-24 | 1900 | 2300 | 400 |
| एनपीके 19-19-19 | 1600 | 2400 | 800 |
| पोटाश | 1800 | 1975 | 175 |

---

इंदौर में ब्रिक्स कृषि सम्मेलन का तीसरा दिन

## टिकाऊ खेती और किसानों की आय बढ़ाने पर मंथन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में आयोजित पांच दिवसीय अंतरराष्ट्रीय ब्रिक्स कृषि सम्मेलन में ब्रिक्स सदस्य और साझेदार देशों सहित करीब 20 देशों के कृषि मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और कृषि विशेषज्ञ शामिल हो रहे हैं। सम्मेलन के दौरान संयुक्त घोषणा पत्र को लेकर पहला सेशन पूरा हो चुका है, जबकि दूसरे चरण की चर्चा जारी है। सम्मेलन में कृषि, खाद्य सुरक्षा, जलवायु अनुकूल खेती, कृषि नवाचार, किसानों की आय बढ़ाने और वैश्विक कृषि सहयोग जैसे अहम विषयों पर मंथन किया जा रहा है। आयोजन को भारत और मध्यप्रदेश के लिए कृषि क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

सम्मेलन के तहत 12 जून को कृषि मंत्रियों का विशेष संवाद आयोजित होगा। इसका विषय लघु किसानों, महिलाओं एवं युवाओं के माध्यम से भविष्य की खाद्य सुरक्षा रखा गया है। इस सत्र में कृषि क्षेत्र में महिलाओं और युवाओं की भागीदारी, डिजिटल तकनीकों के उपयोग, जलवायु अनुकूल कृषि पद्धतियों और टिकाऊ खेती के मॉडल पर चर्चा होगी।



#### 13 जून को होगी कृषि मंत्रियों की मुख्य बैठक

13 जून को ब्रिक्स देशों के कृषि मंत्रियों की मुख्य बैठक आयोजित की जाएगी। इसमें सदस्य देशों के बीच कृषि सहयोग मजबूत करने, खाद्य हानि कम करने, जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने और कृषि क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने पर विचार-विमर्श होगा। बैठक के अंत में साझा सहमति और सुझावों पर आधारित एक महत्वपूर्ण दस्तावेज भी तैयार किया जाएगा।

#### बनेगी ब्रिक्स वाटिका

सम्मेलन के दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए विशेष ब्रिक्स वाटिका विकसित की जाएगी। इसमें सभी सदस्य देशों के प्रतिनिधि सामूहिक पौधारोपण करेंगे। यह पहल प्रकृति संरक्षण और सतत विकास के प्रति साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक मानी जा रही है।

#### मध्यप्रदेश को मिलेगा वैश्विक मंच

विशेषज्ञों के अनुसार यह सम्मेलन केवल अंतरराष्ट्रीय आयोजन नहीं, बल्कि मध्य प्रदेश को वैश्विक कृषि, निवेश और नवाचार के केंद्र के रूप में स्थापित करने का बड़ा अवसर भी है। इससे प्रदेश की कृषि, खाद्य प्रसंस्करण और निर्यात संभावनाओं को नई पहचान मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

---

## रक्तदान शिविर 14 को

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

रक्त न फैक्ट्री में बनता है, न पेड़ पर उगता है और न ही खेत से मिलता है। ये तो वो दुलर्भ चीज है, जो सिर्फ एक इंसान से ही दूसरे को मिल सकता है। भगवान ने मनुष्य को इस लायक बनाया है, कि वो रक्तदान कर दुसरों को जीवनदान दे सकें, तो आइये रक्तदान करें, औरों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें।

श्री माहेश्वरी समाज पूर्वी क्षेत्र, श्री लक्ष्मी माहेश्वरी महिला संगठन पूर्वी क्षेत्र, श्री माहेश्वरी युवा संगठन पूर्वी क्षेत्र, मारवाड़ी माहेश्वरी प्रगति मंडल, बांगड़ मेडिकल वेलफेयर सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन 14 जून रविवार को मेडीकेयर हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर के द्वारा गीता भवन मंदिर में सुबह 8.30 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया जाएगा। पूर्वी युवा संगठन के अध्यक्ष मधुरम राठी एवं मंत्री अरविन्द करनाणी ने बताया कि उक्त आयोजन सर्वधर्म समाज के लिए है, कोई भी व्यक्ति इसमें आकर रक्तदान कर सकता है। रक्तदाताओं के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था अमरचंद सोनी जोधपुर कैटरर्स के सौजन्य से रहेगी। श्री माहेश्वरी समाज पूर्वी क्षेत्र के अध्यक्ष डॉ. चंद्रप्रकाश हेड़ा एवं मंत्री डॉ. ओमप्रकाश माहेश्वरी ने बताया कि ठंड हो, बारिश हो या फिर गर्मी, रक्त की जरूरत तो हर मौसम के हर पल, हर पहर, हर दिन ही किसी न किसी को होती रहती है।

इसके माध्यम से हम अपने खून को किसी की रगों में बहने का मौका देते हैं, ये लाजवाब तरीका है, कई जिस्मों में जिन्दा रहने का। श्री लक्ष्मी माहेश्वरी महिला संगठन पूर्वी क्षेत्र की अध्यक्ष श्रीमती अंजना बाहेती एवं मंत्री श्रीमती सोनाली न्याति ने बताया कि शिविर में रक्तदान करने वालों की निःशुल्क ब्लड शुगर और हीमोग्लोबिन की जांच की जावेगी साथ ही निश्चित उपहार भी दिया जावेगा। मारवाड़ी माहेश्वरी प्रगति मंडल

---

## आड़ा बाजार में बन गई अवैध होटल

### दुर्घटना या आग लगी तो कोई बच नहीं पाएगा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

दिल्ली में आग लगने के बाद होटलों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो रहे हैं और शहर के बीचोबीच आड़ा बाजार में होटल पर अवैध निर्माण कर दिया है। अधिकारियों की मिलीभगत से निर्माण हुआ है। अगर गलती से आग लग गई तो गली इतनी संकरी है कि गाड़ी भी नहीं घुस पाएगी।

शहर में सुरक्षा के लिए होटलों की जांच चल रही है और अनियमितताएं मिलने पर उन्हें सील किया जा रहा है, परन्तु 154 आड़ा बाजार (राजवाड़ा) पर अवैध निर्माण किया गया है। नगर निगम आयुक्त को इस मामले में त्रैया राजपूत ने शिकायत की है। उन्हें बताया गया है कि पहले से तीन मंजिल गलत तरीके से बनाया गया है और कोई अनुमति भी नहीं ली गई है। फायर एनओसी, पार्किंग स्पेस की कोई जानकारी नहीं है। दो मंजिल को जोड़कर जी +5 का कर दिया गया है। शिकायत में कहा गया है कि आड़ा बाजार की सड़क बेहद संकरी है और यहां एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड जैसी गाड़ी निकल नहीं पाती है। अगर गलती से होटल में आग लग गई तो बुझाना मुश्किल होगा। इस इलाके में पैदल चलना भी मुश्किल है, क्योंकि दिनभर महिलाओं की भीड़ लगी रहती है। किसकी अनुमति से यहां पर निर्माण किया गया है, ये भी विचारणीय विषय है, लेकिन इस बात का अंदेशा है कि भविष्य में कोई बड़ी घटना हो सकती है। अगर कार्रवाई नहीं की गई तो नतीजे भी विकराल हो सकते हैं। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि अधिकारियों की मिलीभगत से ही होटल का अवैध निर्माण किया गया है और किसी का ध्यान नहीं है, जबकि शहर के बीचोबीच का मामला है।



---

### विद्यार्थियों को 15 जून तक जमा करना होगा प्रवेश शुल्क

**इंदौर।** उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु संचालित ई-प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत एनसीटीई पाठ्यक्रमों के प्रथम चरण का महाविद्यालय आवंटन जारी कर दिया गया है। प्रथम चरण में पात्र अभ्यर्थियों को महाविद्यालय आवंटित किए गए हैं। आवंटित अभ्यर्थियों को प्रवेश सुनिश्चित करने के लिये 15 जून तक निर्धारित शुल्क जमा करना होगा। एनसीटीई पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए कुल 64,641 अभ्यर्थियों ने पंजीयन कराया, 59,113 आवेदनों का सत्यापन किया गया। प्रथम चरण में 32,918 अभ्यर्थियों को महाविद्यालय आवंटित किए गए हैं। उच्च शिक्षा विभाग ने विद्यार्थियों से आग्रह किया है कि वे अपने लॉगिन के माध्यम से आवंटन की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

---

## खेल पुरस्कार 2026 के लिए आवेदन आमंत्रित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी ओ.पी हारोड ने जानकारी दी कि खेल पुरस्कार-2026 (एकलव्य, विक्रम, विश्वामित्र, प्रभाष जोशी एवं लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार) के लिए ऑनलाइन आवेदन 10 जून से 31 जुलाई, तक आमंत्रित किये जा रहे हैं।

पुरस्कार खेल और युवा कल्याण विभाग, म.प्र. शासन के नवीन पुरस्कार नियम 2021 के अनुसार विगत 05 वर्षों में अर्जित खेल उपलब्धियों के आधार पर प्रदान किये जावेंगे। साहसिक खेल हेतु भी विक्रम एवं एकलव्य पुरस्कार हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं। पुरस्कार हेतु पात्रता, पुरस्कार राशि वेबसाइट पर उपलब्ध है। आवेदक विभागीय वेबसाइट तथा प्ले स्टोर से खेल और युवा कल्याण के एप से आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन करने के उपरांत आवेदन की प्रति के साथ खेल प्रमाण-पत्र एवं अन्य अभिलेख की छाया प्रति संबंधित जिले के जिला खेल और युवा कल्याण कार्यालय भोपाल में दिनांक 31 जुलाई, 2026 तक जमा करना अनिवार्य होगा।

---

## रिटायरमेंट की जमा-पूंजी डूबी, फार्म हाउस का सपना भी हुआ चकनाचूर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

एयरपोर्ट रोड स्थित रिंजलाइ गांव में फार्म हाउस के नाम पर कथित रूप से 75 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित रिटायर्ड दंपत्ति ने आरोप लगाया है कि उन्हें फार्म हाउस के लिए जो जमीन बेची गई, वह शासकीय भूमि के दायरे में आने के कारण उसका नामांतरण संभव नहीं है। लगातार परेशान होने के बाद दंपत्ति ने इंदौर कलेक्ट्रेट की जनसुनवाई में शिकायत दर्ज कर न्याय की मांग की है।

पीड़िता करुणा श्रीवास्तव ने बताया कि उन्होंने और उनके पति ने वर्ष 2025 में रिटायरमेंट के बाद मिली जीवनभर की जमा-पूंजी से करीब 75 लाख रुपये खर्च कर रिंजलाई गांव में संदीप मिश्रा से फार्म हाउस के लिए जमीन खरीदी थी। उन्हें भरोसा दिलाया गया था कि जमीन वैध है और उसका नामांतरण आसानी से हो जाएगा। लेकिन जब नामांतरण की प्रक्रिया शुरू की गई तो राजस्व विभाग से जानकारी मिली कि संबंधित भूमि शासकीय भूमि की सीमा में आती है, जिसके कारण उसका नामांतरण नहीं किया जा सकता। यह जानकारी सामने आने के बाद दंपत्ति के होश उड़ गए।

पीड़िता का आरोप है कि जमीन का सौदा कराने वाले संदीप मिश्रा से जब इस संबंध में संपर्क किया गया तो उन्होंने बार-बार आश्वासन देकर टालमटोल की। वर्ष 2025 से लेकर अब तक दंपत्ति को कभी आज-कल का भरोसा दिया जाता रहा तो कभी विभिन्न कारण बताकर उन्हें परेशान किया जाता रहा।

---

7,388 करोड़ रुपए के वित्तीय विवाद को सुलझाने के लिए पिछले छह महीनों से दोनों राज्यों के बीच लगातार बैठकें

## पुराने गतिरोध के समाधान की ओर बढ़े मप्र-गुजरात

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मप्र और गुजरात के बीच पिछले करीब 25 वर्षों से लंबित सरदार सरोवर बांध मुआवजा विवाद अब समाधान की दिशा में बढ़ता दिखाई दे रहा है। करीब 7,388 करोड़ रुपए के वित्तीय विवाद को सुलझाने के लिए पिछले छह महीनों से दोनों राज्यों के बीच लगातार उच्चस्तरीय बैठकें हो रही हैं। हाल ही में 30 अप्रैल को अहमदाबाद में आयोजित बैठक में मध्यप्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र और राजस्थान के मुख्य सचिवों ने भाग लिया, जहां विवाद के निपटारे को लेकर महत्वपूर्ण सहमति बनी।

बैठक में गुजरात ने मध्यप्रदेश की वित्तीय देनदारियों के भुगतान के संबंध में सैद्धांतिक सहमति जताई है। हालांकि अंतिम राशि तय करने से पहले दोनों राज्यों के दावों का विस्तृत मिलान किया जाएगा। इसके लिए एक संयुक्त वित्तीय टीम गठित की गई है, जो दोनों पक्षों द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों और दावों की समीक्षा कर रही है। इसके आधार पर अतिम वित्तीय समायोजन किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार इस मामले पर अगली महत्वपूर्ण बैठक 30 जून से पहले भोपाल या मुंबई में आयोजित की जा सकती है। इसमें मध्यप्रदेश की ओर से मुख्य सचिव अनुराग जैन तथा नर्मदा घाटी विकास विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा राज्य का पक्ष रखेंगे।



#### डूब क्षेत्र बांध की बढ़ी ऊंचाई से बढ़ा

सरदार सरोवर बांध की ऊंचाई में लगभग 58 मीटर की वृद्धि के बाद मध्यप्रदेश में डूब क्षेत्र का दायरा काफी बढ़ गया है। वर्ष 2002 में जहां प्रदेश के 178 गांवों की 15,625.6 हेक्टेयर भूमि डूब क्षेत्र में दर्ज थी, वहीं वर्ष 2019 में बांध के पहली बार पूर्ण क्षमता तक भरने पर वास्तविक स्थिति सामने आई। अब 192 गांवों की लगभग 20,822 हेक्टेयर भूमि प्रभावित मानी जा रही है।

#### मुआवजे की गणना पर विवाद

विवाद की सबसे बड़ी वजह मुआवजे की गणना का तरीका है। मध्यप्रदेश ने भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन अधिनियम-2013 तथा वर्ष 2019-20 के बाजार मूल्य के आधार पर 7,669 करोड़ रुपए का संशोधित दावा प्रस्तुत किया है। दूसरी ओर गुजरात अब तक वर्ष 2001 की दरों के अनुसार केवल 281 करोड़ रुपए के भुगतान की बात करता रहा है। इसके अलावा गुजरात ने बांध निर्माण एवं रखरखाव व्यय में हिस्सेदारी का हवाला देते हुए मध्यप्रदेश पर 5,516.50 करोड़ रुपए की देनदारी का दावा भी किया है। मध्यप्रदेश ने इस दावे को अस्वीकार करते हुए इसे अनुचित बताया है। लंबे समय से चले आ रहे इस विवाद में पहली बार दोनों राज्यों के बीच सकारात्मक माहौल और वित्तीय दावों के सत्यापन पर सहमति बनी है। यदि संयुक्त टीम की रिपोर्ट पर सहमति बन जाती है तो सरदार सरोवर परियोजना से जुड़े सबसे बड़े अंतरराज्यीय वित्तीय विवाद का समाधान संभव हो सकता है।

## न्यूज कालम



### प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत विशेष शिविर लगाया

**टांडा(धार)।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) टांडा में एक विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 80 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उन्हें सुरक्षित मातृत्व से संबंधित आवश्यक जानकारी व चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ.यत्न जैन के नेतृत्व में हुआ। इस दौरान महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच की। जिसमे 11 हाई रिस्क महिलाओं को चयनित किया गया। इस दौरान कई आवश्यक स्वास्थ्य जांचें की गईं। डॉ जैन ने बताया उक्त अभियान को 10 वर्ष पूर्ण होने आए है। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक गर्भवती महिला को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। गर्भावस्था के दौरान नियमित जांच से मां और गर्भस्थ शिशु के स्वास्थ्य की निगरानी होती है, जिससे संभावित जटिलताओं का समय रहते पता लगाकर उनका उपचार किया जा सके। फार्मासिस्ट रंजना बघेल,एएनएम लीला मुजाल्दा सहित आसपास स्टाफ का सहयोग रहा। इस अवसर पर फल व शीतल जल की व्यवस्था भी की गई।

### रोड एक्सीडेंट में गर्दन व कंधा कटा, डॉक्टर ने 30टांके लगाकर बचाई जान

**टांडा(धार)।** कहते है डॉक्टर भगवान का दूसरा रूप होते है। गंभीर मरीज को अगर समय पर उपचार मिल जाए तो वह मौत को हराकर फिर से जिंदगी को गले लगा लेता है। टांडा में डॉ यत्न जैन की सूज-बुज व 2 घण्टे की मेहनत से एक जिदंगी बच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार टांडा के समीपस्थ खेड़ली गांव में सड़क दुर्घटना में दो युवक गभीर रूप से घायल हो गए। जिसमे से एक सोहन पिता नारायण को गले व कंधे पर गंभीर चोटें आई जिसके कारण अधिक रक्तरिसाव भी हो रहा था। वही धरम सिंह को भी चोटे आई। घायलों को चारपहिया वाहन की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टांडा लाया गया। जहाँ डॉक्टर ने बिना देर किए तत्काल उपचार प्रारंभ किया व सोहन के गले मे 20 व कंधे पर 10 टांके लगाए गए। सही समय पर सही इलाज मिलने से सोहन की जान बच गई। डॉ यत्न जैन ने बताया कि सोहन की हालत गभीर थी। रेफर करते तो रास्ते मे स्थिति बिगड़ सकती थी। हमने बिना देर किए तत्कालीक उपचार किया। सोहन फिलहाल स्वस्थ्य है एवं उसकी स्थिति में लगातार सुधार हो रहा है। वही छाती में अंदरुनी चोटो के लिए सिटी स्कैन की सलाह दी है। घायलों के उपचार में अस्पताल स्टॉफ ने भी सहयोग प्रदान किया।

### सावित्री बत्रा बनीं भाजपा महिला मोर्चा बुरहानपुर की जिलाध्यक्ष



**बुरहानपुर।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष अधिवक्ता अश्विनी परांजपे राजवाडे द्वारा प्रदेश के अनेक जिलों में जिलाध्यक्षों की घोषणा की गई। इस सूची में बुरहानपुर महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष महिला नेत्री सावित्री बत्रा को बनाया गया है। सावित्री बत्रा के महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष बनने पर प्रदेश भाजपा प्रवक्ता, पूर्व मंत्री और विधायक अर्चना चिटनिस ने बधाई देते हुए पुष्पहार से स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज माने, महामंत्री चिंतामन महाजन, ईश्वर चौहान, शाहपुर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि वीरेंद्र तिवारी, पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष राजू पाटिल, मंडल अध्यक्ष अक्षय मोरे, रविंद्र काकड़े, चिंटू राठौर, आकाश राखोंडे, जिला कोषाध्यक्ष कैलाश पारिख, वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश कपूर, बलराज नावानी, मुकेश शाह, संभाजी सगरे, रुद्रेश्वर एंडोले, उमा कपूर, सुनील वाघे, किशोर कामठे, सुधा चौकसे, अंजलि गढ़े, संध्या कदवाने, रत्ना बारी, करुणा सुगंधि, स्वाति हेमेन्द्र महाजन, ममता दुबे, गजेंद्र वर्मा, भरत रावल, दिनकर महाजन, नरेश हासानंदानी, कटियोर, शाह, अशोक रवाये, जयंत मुंशी, पार्षद रवि जैन, सरोदे, उमेश शाह, विजय राठौर, जिला मीडिया प्रभारी मुकेश गुलाबचंद पूर्वे, कृष्णा शाह, सह मीडिया प्रभारी सहित जिला, मंडल, मोर्चा एवं प्रकोष्ठ पदाधिकारियों ने स्वागत करते हुए बधाइयां दीं।

### आईटीआई बडवानी में प्रवेश प्रक्रिया शुरू, 30 जून अंतिम तिथि

**बड़वानी ।** युवाओं को आत्मनिर्भर और कुशल बनाने के सर्कल्प के साथ, शासकीय आईटीआई बडवानी में नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया का शुभारंभ हो चुका है। तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास के क्षेत्र में करियर बनाने के इच्छुक एवं योग्य आवेदक समय-सीमा के भीतर अपना ऑनलाइन पंजीयन एवं च्वाईस फिलिंग कर सकते है।शासकीय आईटीआई बडवानी के प्राचार्य श्री केतन मालवीया के द्वारा बताया गया कि नए सत्र में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीयन, च्वाईस फिलिग एवं त्रुटि सुधार की अतिम तिथि 30 जून 2026 निर्धारित की गई है। प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी विभागीय पोर्टल पर जाकर स्वंय या किसी भी एमपी ऑनलाइन कियोस्क के माध्यम से आवेदन कर सकते है। इसके अतिरिक्त आवेदकों की सुविधा के लिए ऑफलाइन माध्यम की भी व्यवस्था है, जिसके तहत छात्र सीधे संस्था (आईटीआई कैपस, बडवानी) में उपस्थित होकर भी अपना पंजीयन करवा सकते हैं।

### शिप्रा तट पर पूजन कर चुनरी अर्पित की, भंडारा हुआ

**उज्जैन।** बड़ा पुल स्थित शिप्रा नदी तट पर उदयपुर से आए भगवान दास और उनके परिवार ने मां शिप्रा का पूजन किया। चुनरी अर्पण की। भंडारे का आयोजन किया। उद्देश्य शिप्रा जल की शुद्धता, निर्मलता के लिए प्रार्थना करना रहा। लोगों को नदी संरक्षण का संदेश दिया गया।कार्यक्रम की शुरूआत कामाख्या तंत्र पीठ आश्रम के हिमालय गिरि महाराज के सान्निध्य में शिप्रा आरती से हुई। इसके बाद विधि-विधान से पूजन हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ चुनरी अर्पित की गई।

# बुरहानपुर में समान नागरिक संहिता पर जनपरामर्श बैठक आयोजित

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में समान नागरिक संहिता (यूसी) लागू करने की प्रक्रिया आरंभ करने के क्रम में मध्यप्रदेश में यूसी के संबंध में अध्ययन एवं परीक्षण हेतु गठित उच्च स्तरीय समिति ने जनसुझाव प्राप्त करने के लिए गुरुवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जनपरामर्श बैठक आयोजित की। बैठक में उच्च स्तरीय समिति की सदस्य और शिक्षाविद् शोभा पैठणकर तथा सदस्य गोपाल शर्मा द्वारा उपस्थित विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों से सुझाव एवं विचार प्राप्त किए गए।

बैठक में बुरहानपुर विधायक अर्चना चिटनिस, नेपानगर विधायक मंजू दादू, महापौर माधुरी पटेल, निगमाध्यक्ष अनिता यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष गंगाराम मार्को, अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर हर्ष सिंह, पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी सहित अधिकारीगण एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

शोभा पैठणकर ने कहा कि समान नागरिक संहिता का प्रावधान भारतीय संविधान के नीति निदेशक तत्वों के अनुच्छेद-44 में किया गया है। इसका उद्देश्य नागरिकों के कल्याण, समानता एवं समान न्यायपूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित करना है। संविधान निर्माण के दौरान इस विषय पर व्यापक चर्चा हुई थी तथा संविधान निमार्ता भीमराव अंबेडकर ने भी यूसी लागू करने की आवश्यकता पर बल दिया था। समय के साथ समाज में परिवर्तन होते हैं और आवश्यकतानुसार कानूनों में संशोधन किए जाते हैं।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में विवाह, विवाह विच्छेद, भरण-पोषण, उत्तराधिकार एवं दत्तक ग्रहण जैसे विषय विभिन्न व्यक्तिगत कानूनों के अंतर्गत आते हैं। यूसी का उद्देश्य इन विषयों पर सभी नागरिकों के लिए समान कानूनी व्यवस्था स्थापित करना है, जिससे महिला एवं पुरुष दोनों को समान अधिकार एवं अवसर प्राप्त हो सकें। राज्य शासन जनसंवाद एवं जनपरामर्श के माध्यम से नागरिकों के सुझाव प्राप्त कर रहा है। नागरिक वेबसाइट के माध्यम से भी सुझाव प्रस्तुत कर सकते हैं। प्राप्त सुझावों के आधार पर यूसी का प्रारूप तैयार कर विधि विभाग की सहमति के उपरांत विधानसभा में प्रस्तुत किया जाएगा।

समिति सदस्य गोपाल शर्मा ने सामाजिक, विधिक एवं प्रशासनिक पहलुओं पर विस्तार से बात रखी। उन्होंने यूसी के उद्देश्यों एवं महत्व से अवगत कराते हुए पारिवारिक कानूनों, महिलाओं के अधिकारों, सामाजिक न्याय एवं संवैधानिक प्रावधानों पर सुझाव मांगे।

अर्चना चिटनिस ने प्रदेश सरकार की पहल की सराहना कर समर्थन जताया और कहा कि यूसी नागरिकों के हित में है। उन्होंने विवाह के अलावा लिव-इन-रिलेशनशिप संबंधों का रजिस्ट्रेशन और उत्तराधिकार नियम पर बात रखते हुए कहा कि समय के साथ परिवर्तन जरूरी है।

मंजू दादू ने जनजातीय वर्गों की स्थिति बताते हुए बाल विवाह जैसी प्रथाओं को रोकने, जागरूकता बढ़ाने और महिला-पुरुष के समान अधिकारों पर जोर दिया। उन्होंने यूसी का समर्थन करते हुए कहा कि विधवा महिलाओं के अधिकारों के संरक्षण को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

कलेक्टर हर्ष सिंह ने कहा कि शासन की मंशा प्रदेश के विभिन्न वर्गों, समुदायों एवं क्षेत्रों की राय लेकर उसे नीति निर्माण में शामिल करना है, ताकि प्रभावी एवं जनहितकारी निर्णय लिए जा सकें। समाज के हर वर्ग को समानता मिले, हम सब भारतीय हैं, सबको साथ लेकर चलना एकता का प्रतीक है।

पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी ने सुझाव दिया कि यूसी के संबंध में सोशल मीडिया के माध्यम से जन-जागरूकता लाई जाए। उन्होंने कहा कि नागरिक जीवन से जुड़े विषयों के लिए सिविल कानून महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और यूसी के माध्यम से उन विषयों में समयानुकूल सुधार एवं एकरूपता लाने का प्रयास किया जा रहा है।

# नकली दूध बनाने की फैक्ट्री पर छापा, मचा हड़कम्प

## मिश्रित दूध से भरा टैंकर व 100 बोरी पाउडर जप्त

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा



शहर से लगा भीमा खेड़ी में खाद्य विभाग ने नहीं बल्कि पुलिस ने मिलावटी दूध फैक्ट्री का भंडाफोड़ कर क्षेत्र में खलबली मचा दी। ( व्हे पाउडर के साथ मिलावटी दूध) बनाने की फैक्ट्री पर छापा मारकर हजारों लीटर नकली दूध बरामद किया। यहां से मिलावटी दूध मेघनगर के अमूल प्लांट में भेजा जाता था ।पुलिस को मौके से व्हे लैक्टोज पाउडर से मिलावटी दूध बंनता पकड़ा है। एक टैंकर एवं करीब 100 बोरी पाउडर भी मिला।

औद्योगिक क्षेत्र पुलिस थाना प्रभारी प्रकाश गडरिया के नेतृत्व में पुलिस टीम बुधवार को पहुंची पुलिस की सूचना पर खाद्य विभाग ने पहुंचकर नमूने एकत्रित कर जांच के लिए भोपाल लैब भेजे हैं तहसीलदार सहदेव मोरे भी पहुंचे जांच के बाद रात्रि में फैक्ट्री सील करवाई गई ।जो सैंपल जांच के लिए भोपाल भेजे हैं उनकी रिपोर्ट आने पर ही पता चलेगा कि हानिकारक है या नहीं । वैसे मौके से कास्टिक सोडा की बोरियां भी मिली है। लेकिन फैक्ट्री संचालक इस दूध में मिलने से मना कर रहे।

उक्त नकली दूध बनाने की फैक्ट्री भीमा खेड़ी निवासी यश दायमा (माली) द्वारा संचालित की जा रही थी। छापेमारी के दौरान फैक्ट्री से लैक्टोज पाउडर के 104 कट्टे बरामद किए जो करीब 2600 किलोग्राम लैक्टोज पाउडर जप्त किया गया। यहां प्रतिदिन ग्रामीणों से करीब 4 से 5 हजार लीटर दूध की आवक होती थी लेकिन जब जांच हुई तो यह चौंकाने वाला ततय सामने आया की आवाक से कहीं अधिक कई लीटर दूध बाजार में इस फैक्ट्री से सप्लाई किया जाता है। दूध की कम आवक के बाद बाजार और बाहरी प्लांट की आपूर्ति कैसे होती होगी संभव पाउडर एवं केमिकल से नकली दूध बनाकर ही इतनी आपूर्ति होती होगी जो जांच के बाद ही पता चल पाएगा।

## जिला स्तरीय जीव विज्ञान एवं गणित विषयो के प्रशिक्षण का शुभारंभ

**बड़वानी, ।** बोर्ड परीक्षा परिणामों में सुधार तथा उक्त विषयो की गुणवत्ता संवर्धन के उद्देश्य से जिला स्तरीय विषय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 10 जून 2026 को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बड़वानी में किया गया। प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी एवं प्राचार्य श्री मुस्तकीम खांन ने बताया कि जिले के लगभग 56 विषय शिक्षकों ने इस प्रशिक्षण में सहभागिता की। प्रशिक्षण का संचालन मास्टर ट्रेनर श्री विनोद सागर प्राचार्य, शा .उ. माध्यमिक विद्यालय लोनसरा, श्री अजय यादव, शा. उत्कृष्ट उ मा विद्यालय बड़वानी एवं सुश्री भारती पाटीदार, पीएम श्री शासकीय बालक उ. मा. विद्यालय बड़वानी द्वारा किया गया।प्रशिक्षण प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित हुआ, जिसमें उक्त विषयो के महत्वपूर्ण बिंदुओं, प्रभावी अध्यापन तकनीकों तथा आगामी त्रैमासिक परीक्षा की तैयारी से संबंधित आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को विषयवस्तु को विद्यार्थियों तक अधिक प्रभावी ढंग से पहुँचाने तथा बोर्ड परीक्षा में बेहतर परिणाम प्राप्त करने हेतु उपयोगी सुझाव दिए गए।यह प्रशिक्षण कलेक्टर बड़वानी श्रीमती जयति सिंह, सहायक आयुक्त श्री डामोर एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती शीला चौहान के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# असावती की अधूरी पड़ी पुलिया के लिए किया चक्का जाम , अधिकारियों ने दिया लिखित आश्वासन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा



क्षेत्र के अंतिम छोर पर बसा ग्राम असावती से लगे ग्राम भड़का व रोला सहित अन्य दर्जनों ग्राम के हजारों ग्रामीण विगत 12 वर्षों से अधूरे पड़े ब्रिज निर्माण से बुरी तरह परेशान हो रहे ग्रामीणों ने कई मर्तबा गुहार लगाई परंतु शासन प्रशासन कोई तवज्जो नहीं दे रहा तो मजबूरन वर्षा आने के पूर्व आने-जाने में ग्रामीणों को कठिनाई न हो इसलिए जावरा सीतामऊ मार्ग पर गुरुवार को प्रातः से ही ग्रामीणों ने चक्का जामकर धरना प्रदर्शन किया। सेतु विभाग के लिखित आश्वासन पश्चात धरना समाप्त कर शीघ्र कार्य प्रारंभ करने को कहा गया। ग्राम के युवा नेता दीपक परमार ने बताया कि चक्का जाम एवं धरना प्रदर्शन किया जा रहा था तब लंबे समय पश्चात सेतु निगम के सब इंजीनियर पहुंचे नायब तहसीलदार वैभव जैन एवं पुलिस प्रशासन ने धरने पर बैठे ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया जब ग्रामीणों ने प्रशासन के सामने असावती भड़का एवं रोला ग्राम की पुलिया को अस्थाई तौर पर शीघ्र प्रारंभ करने की मांग रखी तो उपस्थित अधिकारियों ने लिखित आश्वासन दिया जिसमें बताया कि असावती खाल की पुलिया रोला की पुलिया असावती एवं भड़का तक अक्टूबर तक पूर्ण कर चालू कर दी जाएगी ।

इस मौके पर परमार, गोपाल सिसोदिया, दिग्विजय सिंह, भेरुलाल परमार, ऋतुराज सिंह डोडिया ,अफरोज मंसूरी, दिनेश गुजराती ,राधेश्याम धनगर, महेश अंजना, गोपाल शर्मा, बद्री पांचाल ,कमल सिंह आदि बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# पुलिस ने मकान के आंगन से बाईक चोरी करने वाले दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खरगोन



पुलिस ने शास्त्री नगर में एक मकान के आंगन से चोरी हुई मामले में चोरों को पकडने में सफलता हासिल की है। इस मामले में दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी की दो बाईकें जब्त की है। एक आरोपी पर पूर्व में आर्म्स एक्ट का प्रकरण भी दर्ज है।

गुरुवार को मामले का खुलासा करते हुए कोतवाली पुलिस ने बताया कि शास्त्री नगर निवासी ने थाना कोतवाली खरगोन पर सूचना दी कि 4 जून को उसके किराये के मकान के सामने खड़ी बाईक चोरी हो गई।

पुलिस ने मामले में घटनास्थल व आसपास के संभावित रास्तों के सीसीटीव्ही फुटेजो का संकलन किया। फुटेज खंगालने पर अजय उर्फ गोरेलाल पिता सदु चौहान निवासी ग्राम भीलखेड थाना चैनपुर को संदेह के आधार पर हिरासत में लिया। पूछताछ में ने साथी समुद्र पिता कांशीराम निवासी मोमदिया थाना बिस्टान के साथ बाईक चोरी करना कबूला। इसके अलावा ५ जून की रात्रि को कस्बा बिस्टान से भी एक बाईक चोरी करना स्वीकार किया।

पुलिस ने अजय उर्फ गोरेलाल व समुद्र को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से चोरी की दोनों बाईकें जब्त की। पुलिस रिकार्ड खंगालने पर अजय के खिलाफ पूर्व में आर्म्स एक्ट का प्रकरण पाया गया।

# 12 से 18 जून तक प्रत्येक विकासखण्ड और नगरीय निकाय स्तर पर आयोजित होंगे जन कल्याण शिविर

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

मध्यप्रदेश शासन के निदेशों के परिपालन में जिला बड़वानी में विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) के मध्य विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के सुचारू क्रियान्वयन हेतु एक विशेष अभियान संचालित किए जा रहे है।

इसी क्रम में आमजन को शासन की योजनाओं से सीधे लाभान्वित करने के लिए 12 से 18 जून के मध्य प्रत्येक विकासखण्ड एवं नगरीय निकाय स्तर पर 3 दिवसीय जनकल्याण शिविरों का आयोजन किया जाएगा । इन शिविरों में आयुष्मान भारत, आयुष्मान वय वंदना, पीएम सूर्य घर, पीएम स्वनिधि और लखपति दीदी जैसी प्रमुख योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों का मौके पर ही पंजीयन किया जाएगा तथा सीएम हेल्पलाइन एवं लोक सेवा गारंटी अधिनियम के लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा । इसके अतिरिक्त जिले के कृषकों को उन्नत और रसायन मुक्त कृषि की ओर प्रेरित करने के उद्देश्य से 19 तथा 20 जून को प्राकृतिक खेती कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कृषि वैज्ञानिकों द्वारा व्यावहारिक प्रदर्शन और व्याख्यान दिए जाएंगे।

अभियान के अंतिम चरण में, 21 जून को आयुष मंत्रालय के निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार पूरे जिले में स्थानीय योग समूहों के माध्यम से गरिमापूर्ण तरीके से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा, जिसके लिए आयुष विभाग को नोडल तथा अन्य सहयोगी विभागों को सहायक नोडल का दायित्व सौंपकर सभी तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में अंतर्विभागीय समन्वय बैठक संपन्न

**बड़वानी।** कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागृह बड़वानी में समय-सीमा और अंतर्विभागीय समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों, आगामी त्योहारों की कानून व्यवस्था और विभागीय योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।बैठक में कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने सभी विभागीय अधिकारियों से कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचना ही प्रशासन की प्राथमिकता है।

## रोजगार मेला लगेगा 16 जून को लगेगा

**बड़वानी।** मध्यप्रदेश शासन की रोजगारोन्मुखी योजनान्तर्गत कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह के मार्गदर्शन में बेरोजगार आवेदको को रोजगार मुहैया कराने के लिये जिले में 16 जून मंगलवार को प्रातः 11 बजे से प्रधानमंत्री कालेज ऑफ एक्सीलेंस शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बड़वानी में युवा संगम ( रोजगार मेला ) का आयोजन किया गया है। उक्त आयोजित रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की 4 कम्पनियो के प्रतिनिधियो द्वारा बेरोजगार आवेदको का साक्षात्कार पश्चात चयन किया जायेगा । जिला रोजगार अधिकारी श्री टीएस डूडवे से प्राप्त जानकारी अनुसार युवा संगम मेले में केडीएस इन्टरप्राइजेस पीथमपुर की कम्पनी द्वारा तकनीशियन कम आपरेटर, इलेक्ट्रीशियन, पेंटर, फिटर के महिला, पुरूष के 80 पदो के लिये साक्षात्कार लिया जायेगा । वेतनमान 13 हजार 25 हजार रुपए दिया जायेगा । शैक्षणिक योग्यता 8वी से 12वी तथा आईटीआई एवं आयु 18 से 40 वर्ष के मध्य होना चाहिये । इसी प्रकार क्रेडिट एक्सेस ग्रामीण लिमिटेड इन्दौर केन्द्र मैनेजर के 25 पद के लिये साक्षात्कार लेकर चयन किया जायेगा । इन पदो के लिये वेतनमान 12250 रुपए प्रतिमाह तथा शैक्षणिक योग्यता 12वी से अधिक एवं आयु 18 वर्ष से अधिक होना चाहिये । वहीं रेवा फ्लोरा बोरलाय जिला बड़वानी में लेब आपरेटर महिला के 20 पदो के लिये साक्षात्कार कर चयन किया जायेगा ।

## खेल पुरस्कार 2026 के लिए आवेदन आमंत्रित

**उज्जैन।** जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी श्री ओ.पी हारोड ने जानकारी दी कि खेल पुरस्कार-2026 (एकलव्य, विक्रम, विश्वामित्र, प्रभाष जोशी एवं लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार) के लिए ऑनलाइन आवेदन 10 जून से 31 जुलाई, तक आमंत्रित किये जा रहे हैं।पुरस्कार खेल और युवा कल्याण विभाग, म.प्र. शासन के नवीन "पुरस्कार नियम 2021" के अनुसार विगत 5 वर्षों (1 अप्रैल 2021 से 31 मार्च, 2026) में अर्जित खेल उपलब्धियों के आधार पर प्रदान किये जावेंगे। साहसिक खेल (समुद्र, जमीन एवं वायु आधारित) हेतु भी विक्रम एवं एकलव्य पुरस्कार हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं।पुरस्कार हेतु पात्रता, पुरस्कार राशि उपलब्ध है। आवेदक विभागीय वेबसाइट पर दी गई लिंक से या सीधे अन्य शर्तें विभागीय वेबसाइट तथा प्ले स्टोर से खेल और युवा कल्याण करके भी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदक को ऑनलाइन आवेदन करने के उपरांत आवेदन की प्रति (जिस पर पंजीयन क्रमांक अंकित हो) के साथ खेल प्रमाण-पत्र एवं अन्य अभिलेख की छाया प्रति संबंधित जिले के जिला खेल और युवा कल्याण कार्यालय/ संचालनालय, खेल और युवा कल्याण, टी.टी. नगर स्टेडियम, भोपाल में दिनांक 31 जुलाई, 2026 तक जमा करना अनिवार्य होगा। निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्र पुरस्कार हेतु मान्य नहीं किये जायेंगे।

# सामुदायिक कूप का सफल जीर्णोद्धार किया गया ग्रामीणों ने प्रस्तुत की जल संरक्षण की अनुकरणीय मिसाल

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत उज्जैन की ग्राम पंचायत पिंगलेश्वर में सामुदायिक भागीदारी की एक शानदार सफलता देखने को मिली है।ग्राम पंचायत की पूरी टीम, कमेटी स्टाफ तथा जागरूक ग्रामीणों ने मिलकर गांव के ऐतिहासिक एवं जीवनदायी सामुदायिक कूप (कुएँ) की साफ-सफाई एवं जीर्णोद्धार का सफल प्रयास किया है।

इस प्रयास से वर्षों से उपेक्षित पड़ा यह जल-स्रोत अब पुनः अमृत समान जल प्रदान करने के लिए तैयार हो गया है।ग्राम पंचायत पिंगलेश्वर की यह सफलता इस बात का जीवंत प्रमाण है कि जब शासन की दूरदर्शी योजना जल गंगा संवर्धन अभियान-2026 को जनपद पंचायत का मार्गदर्शन, ग्राम पंचायत की पूरी टीम, समर्पित स्टाफ और गांव के आम नागरिकों का सामूहिक सहयोग मिल जाता है तो इतिहास के सोए हुए जल स्रोत भी जाग उठते हैं।इस कार्य के तहत सामुदायिक कूप की सफाई, गाद निकालना, झाड़ियाँ हटाना एवं अन्य जीर्णोद्धार कार्य पूरे किए गए।ग्राम पंचायत सरपंच निकाली बाई के सहयोग से 1.5 क्विंटल कार्य पूर्णता के साथ यह कार्य संपन्न हुआ। कुल स्वीकृत राशि 4 लाख रुपये रही तथा कार्य की शुरूआत विगत ०१ मई 2026 को हुई थी।जीर्णोद्धार से अनेक लाभ प्राप्त हुए हैं। जल क्षमता में वृद्धि हुई है जिससे वर्षा जल का बेहतर भंडारण संभव हो सकेगा। भूजल स्तर में सुधार हुआ है, स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल की उपलब्धता बढ़ी है तथा कृषि एवं पशुपालन के लिए विश्वसनीय जल स्रोत तैयार हुआ है। साथ ही ग्रामीण महिलाओं को निकटतम एवं सुरक्षित जल संग्रहण की सुविधा भी मिल गई है।इस अभियान में ग्रामीणों ने विशेष उत्साह दिखाया। सरपंच के नेतृत्व में स्थानीय महिलाओं एवं युवाओं ने सक्रिय भागीदारी की। कूप के चारों ओर की सफाई, जालीदार संरक्षण दीवार का निर्माण एवं आसपास के क्षेत्र को सुव्यवस्थित करने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।यह सामुदायिक कूप जीर्णोद्धार की सफलता जल संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जनपद पंचायत उज्जैन एवं ग्राम पंचायत पिंगलेश्वर की इस उपलब्धि को पूरे जिले के अन्य गांवों के लिए प्रेरणादायी है।

## न्यूज -कॉलम

### ससुराल से गिरफ्त में आया 2 साल से फरार स्थाई वारंटी



**उज्जैन।** वर्ष 2021 में हुई चोरी की वारदात में शामिल बदमाश मुकेश पिता रामलाल परमार निवासी कुंजड़ा गली खाचरौद को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया था। जहां से जमानत मिलने के बाद वह फरार हो गया था। न्यायालय पेशी पर उपस्थित नहीं होने पर उसके खिलाफ स्थाई वारंट जारी किया गया था। पुलिस 2 सालों से उसकी तलाश में लगी थी। बुधवार-गुरूवार रात सामने आया कि स्थाई वारंटी अपने ससुराल ग्राम बरथुन भाटपचलाना आया हुआ है। थाना प्रभारी धनसिंह नलवाया ने प्रधान आरक्षक मुकेश राठौर, आरक्षक रवि बैरागी को गिरफ्तारी के लिये रवाना किया। जहां दबिश देकर फरार स्थाई वारंटी मुकेश परमार को हिरासत में लिया गया। जिसे गुरूवार को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। थाना प्रभारी नलवाया के अनुसार आरोपी के खिलाफ पूर्व में 3 से 4 चोरी के मामले दर्ज है। जमानत मिलने के बाद उसने अपना ठिकाना बदल लिया था और बिरलाग्राम थाना क्षेत्र के बादीपुरा में रहने लगा था, वारंट जारी होने के बाद वहां से फरार हो गया था।

### चालक ने पर्ची मांगी तो टोल कर्मचारी ने डंडे से किया हमला

**उज्जैन।** 12 दिन पहले देवासरोड पालखंदा टोल नाके पर पिकअप चालक आशीष पिता भगवानसिंह डोरिया निवासी ग्राम भमोरी देवास अपने मालिक विष्णु अहिरवार के साथ पहुंचा था। उसने पिकअप का टोल टैक्स चुकाया और कर्मचारी से पर्ची मांगी। कर्मचारी ने पर्ची देने से मना कर दिया। इसी बात पर विवाद हुआ और कर्मचारी ने चालक को थप्पड़ मुक्के से मारपीट की। मालिक ने बीच-बचाव में आया तो उस पर डंडे से हमला कर दिया। विष्णु अहिरवार को गंभीर चोंट लगने पर चालक आशीष अस्पताल लेकर पहुंचा। 12 दिन बाद अस्पताल से छुट्टी होने पर मामले की शिकायत नरवर थाना पुलिस को दर्ज कराई गई। थाना प्रभारी बबलू मंडलोई ने बताया कि जांच के दौरान मारपीट करने वाले कर्मचारी का नाम हर्षवर्धनसिंह झाला निवासी नरवर सामने आया है। जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। गौरतलब हो कि टोल नाकों पर आये दिन विवाद के मामले सामने आते है। टोल कर्मचारियों द्वारा वाहन चालकों से मारपीट की जाती है। पूर्व में भी कई मामले सामने आ चुके है।

### बदमाशों ने आयशर की तिरपाल काट चुराई बीज की बोरियां

**उज्जैन।** महाराष्ट्र से आयशर में सिया बीज लेकर चालक आकाश पिता दादाराव नरोटे निवासी कोथलज तालुक हिंगोली नीमच जा रहा था। खाचरौद थाना क्षेत्र के ग्राम बेडावन्या से गुजरते समय रात के समय अज्ञात बदमाशों ने आयशर की तिरपाल काटकर बीज की 12 बोरी चोरी कर ली। चालक को दूसरे वाहन चालक द्वारा ट्रक कटिंग की सूचना दी गई तो चालक आकाश ने आयशर रोकी। बदमाश भाग निकले थे। मामले की शिकायत खाचरौद पुलिस को दर्ज कराई गई है। पुलिस ने आशंका जताई कि ट्रक कटिंग को कंजर गिरोह के बदमाशों ने अंजाम दिया है।

### संदिग्ध हालत में युवक की मौत

**उज्जैन।** शिवधाम कालोनी में रहने वाले राजेश पिता तेजकरण पाटीदार 38 साल बुधवार शाम घर लौटा था और उल्टियां करने लगा। पत्नी ज्योति ने हालत बिगड़ती देखी तो अस्पताल लेकर पहुंची, जहां रात में उसकी मौत हो गई। मामला संदिग्ध होने पर अस्पताल स्टॉफ ने मामले की सूचना नागझिरी थाना पुलिस को दी और आशंका जताई कि राजेश ने जहरीला पदार्थ खाया था। पुलिस ने गुरूवार सुबह पोस्टमार्टम कराया है। रिपोर्ट आने पर मौत का कारण सामने आ पायेगा। फिलहाल परिजनों ने घर में कोई विवाद या परेशानी नहीं होना बताया है।

### बदमाश ने रंगदारी कर मांगे रूपये

**उज्जैन।** मोहनगर में रहने वाला मयंक पिता गोपाल देवड़ा चाय की दुकान चलाता है। वह गयाकोटा मंदिर के पास मंगलनाथ रोड से लौट रहा था, उसी दौरान बदमाश पुनित उर्फ बच्चा ने रोका और रंगदारी करते हुए 5 हजार रूपये मांगने लगा। मंयक ने माना किया तो मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। चिमनगंज थाना पुलिस ने मयंक की शिकायत पर बदमाश के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की है। पुनित के खिलाफ पूर्व में रंगदारी, मारपीट और अन्य धारा में प्रकरण दर्ज है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 788-3 | 677-0 |
| मेन बाजार | 680-4 | 166-3 |
| कल्याण नाइट | 233-8 | 590-4 |
| मिलन डे | 458-7 | 490-3 |
| मिलन नाइट | 134-8 | 445-4 |
| मधुर डे | 778-2 | 239-4 |
| मधुर नाइट | 139-3 | 279-8 |
| शुभांक | 5 4 | 6 |

# दोस्त के खेत में छुपाये थे 2.14 लाख के आभूषण

## हिरासत में दिनदहाडे चोरी करने वाला बदमाश, पूर्व में कर चुका था वारदात

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



दिनदहाडे ग्रामीण क्षेत्रों में चोरी करने वाले शातिर बदमाश से कायथा में हुई चोरी की वारदात का खुलासा हुआ है। बदमाश ने 2.14 लाख के आभूषण चोरी करने के बाद शाजापुर में दोस्त के खेत में गड्ढा खोदकर छुंपा दिये थे।

कायथा थाना प्रधान आरक्षक गोपाल पटेल ने बताया कि 25 मई को ग्राम बिरगोद में दिनदहाडे सौदानसिंह के मकान में चोरी की वारदात होना सामने आया था। बिरगोद में कभी दिनदहाडे चोरी की वारदात सामने नहीं आई थी। जिसके चलते मामले में संदेह बना था, बावजूद जांच शुरू की गई। सौदानसिंह से पूछताछ में सामने आया कि उसके गांव में 2 मकान है। वह तराना काम से गया था, पत्नी, बच्चे दूसरे मकान पर थे। जिस मकान में चोरी हुई उसकी कुंडी लगी थी। दोपहर में पत्नी दूसरे मकान से लौटकर आई तो उसने पेटी का ताला टूटा पाया था। जिसमें रखे पुस्तैनी आभूषण गायब थे। मामले की गंभीरता से जांच शुरू की गई। इस बीच पता चला कि तराना के ग्रामीण क्षेत्र में दिनदहाडे चोरी करते ग्रामीणों ने माखन पिता चंदरसिंह 40 साल निवासी ग्राम हनौती थाना मक्सी जिला शाजापुर को पकडकर तराना पुलिस के सुपुर्द किया है। बिरगोद में हुई चोरी का माखनसिंह पर होते ही उसे पूछताछ के लिये एसआई पवनसिंह कुशवाह, आरक्षक पवन वर्मा, सुल्तान, सुरेन्द्र पांडे की टीम पहुंची।

माखन से सख्त पूछताछ में बिरगोद की चोरी का सुराग मिल गया। तराना पुलिस की पूछताछ के बाद माखनसिंह को प्रोटेक्शन रिमांड पर लिया गया। जिसे कायथा लाकर पूछताछ करने पर सामने आया कि उसने शाजापुर में ठिकाने लगाये है। आभूषण बरामद के लिये बदमाशों को शाजापुर ले जाया गया, जहां उसने बरगलाने का प्रयास शुरू कर दिया। काफी मशक्कत के बाद उसने कबूल किया कि दोस्त के खेत में गड्ढा खोदकर आभूषण छुपा रखे है। पुलिस टीम खेत पहुंची और उसके बताये स्थान पर खुदाई की गई। जहां से चोरी के पूरे आभूषण बरामद कर लिये गये। गुरूवार को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

### तराना में नकली आभूषण लगे थे हाथ

तराना एसआई हरिराम अंगोरिया ने बताया कि उक्त बदमाश ग्राम बीजपडी में दिनदहाडे चोरी करने पहुंचा था। उसने एक मकान का ताला तोडकर आभूषण चोरी कर लिये थे, लेकिन भागने का प्रयास करते समय लोगों ने उसे पकड लिया था। उससे आभूषण बरामद किये गये। मकान मालिक को बुलाया गया और पूछताछ की गई तो सामने आया कि बदमाश जो आभूषण चोरी कर भाग रहा था वह आर्टिफिशल है। लेकिन उसने ताला तोडकर वारदात की है। उक्त मामले में बदमाश के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है।

### रात में नहीं करता है चोरी

कायथा पुलिस की पूछताछ में सामने आया कि बदमाश माखन काफी शातिर है। वह रात में चोरी को अंजाम नहीं देता है। वह दिन में सूने मकान की रैकी करता है और मौका पाकर ताला तोड़कर वारदात अंजाम देता है। उसके खिलाफ ग्रामीण क्षेत्रों में चोरी के मामले दर्ज होना सामने आये है।

## उधार नहीं चुकाना पड़े इसलिये दिया था हत्या को अंजाम ..........

# 7 दिनों तक छुपाई थी लाश, मिला आजीवन कारावास

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उधार नहीं चुकाना पड़े इसलिये उधार देने वाले की हत्या कर 7 दिनों तक लाश छुपाने वाले 2 आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। हत्या में नाबालिग शामिल था, जिसका फैसला आना शेष है। मृतक की परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी।

राघवी थाना क्षेत्र के ग्राम खेड़ाखजूरिया में रहने वाले नरेन्द्र पिता मुरलीसिंह सौंधिया 22 साल की 15 अगस्त 2023 को ग्राम महुडी में सरपंच अंतरसिंह आंजना के खेत से बोरे में बंद लाश मिली थी। जो 7 से 8 दिन पुरानी होना सामने आई थी। राघवी थाना एसआई शैलेन्द्रसिंह अलावा ने मामले में मृतक की पहचान के प्रयास शुरू किये थे। इस दौरान सामने आया कि नरेन्द्र सौंधिया की गुमशुगदी परिजनों ने चिमनगंज थाने में 8 अगस्त को दर्ज कराई गई है। नरेन्द्र के पिता आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज में भर्ती है। नरेन्द्र ने सुनील पिता कचरूलाल को डेढ़ लाख उधार दिये थे। मेडिकल कॉलेज से रूपये लेने सुनील के पास गया था उसके बाद से नहीं लौटा है। गुमशुदा की हत्या होने पर धारा 302 का अपराध दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई। सुनील पिता कचरूलाल परमार 25 साल निवासी ढाबली कम्मा राघवी को हिरासत में लिया गया और पूछताछ की गई तो उसने अपने साथी बलराम उर्फ बल्लू पिता सिद्धूलाल परिहार 24 साल निवासी खेड़ाखजूरिया और नाबालिग के साथ हत्या करना कबूल कर लिया। पुलिस ने साथी और नाबालिग को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। मीडिया सेल प्रभारी कुलदीपसिंह भदौरिया ने बताया कि 33 माह चली सुनवाई के बाद महिदपुर न्यायालय के अपर सत्र न्यायाधीश कमलेश सनोड़िया ने फैसला सुनाते हुए दोनों आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। नाबालिग का मामला बाल न्यायालय में विचाराधीन है। जिसका फैसला आना शेष है। प्रकरण में प्रभारी उप निदेशक अभियोजन राजेन्द्र कुमार खाण्डेगर के मागदर्शन में पैरवी कमलसिंह गोयल विशेष लोक अभियोजक द्वारा की गई।

**तलवार से मारा, डबरी में था डूबोया**-राघवी थाना तत्कालीन एसआई शैलेन्द्रसिंह अलावा ने बताया कि आरोपियों के हिरासत में आने पर सामने आया था कि सुनील परमार उधार रूपये नहीं लौटाना चाहता था उसने साजिश रची और साथियों के साथ मिलकर 7 अगस्त 2023 को रूपये देने के बहाने नरेन्द्र को बुलाया। मेडिकल कॉलेज से नरेन्द्र खेड़ा खजूरिया पहुंचा, जहां से तीनों अनाज मंडी के पीछे लेकर गये। वहां तलवार से हमला किया और मुंह दबाकर समीप डबरी में डूबा दिया। तलवार और मृतक का मोबाइल भी पानी में फेंक लौट गये। 8 अगस्त को बलराम घटना स्थल डबरी के पास पहुंचा। मृतक ऊपर आ गया था। उसकी लाश के साथ पत्थर बांध फिर से डूबो दिया। 9 अगस्त को महिदपुर से दो टाट के बोरे खरीदे और लाश को पानी से निकालकर उसमें भरने के बाद बाइक से ग्राम महुडी में कुऐ के पास खेत में लाश फेंक कर भाग निकले। जिसके बाद 15 अगस्त को लाश मिलना सामने आया था।

## झालरिया मठ क्षेत्र निर्माण एजेंसी पर 50 हजार की पेनल्टी

### स्मार्ट सिटी सीईओं ने ठेकेदारों की लापरवाही पकडी,जुर्माना लगाया

**उज्जैन।** सिंहस्थ के कार्यों को लेकर स्मार्ट सिटी भी गंभीरता के क्रम में आ गया है। इसी के तहत स्मार्ट सिटी लिमिटेड के सीईओं ने झालरिया मठ क्षेत्र की निर्माण एजेंसी पर 50 हजार एवं भारत माता मंदिर-चौबीस खंभा मार्ग एजेंसी पर 74 हजार की पेनल्टी लापरवाही सामने आने पर लगाई है। इसके साथ ही संबंधित सहायक यंत्री को कारण बताओं सूचना पत्र एवं उपयंत्री की तीन दिन का वेतन काटौती के आदेश जारी किए हैं।

सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के अंतर्गत जारी विकास कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति सुनिश्चित करने के लिए स्मार्ट सिटी मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप शिवा द्वारा स्मार्ट सिटी के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया।

**ये मिली निर्माणों के हाल-**

निरीक्षण के दौरान कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित निर्माण एजेंसियों एवं अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। झालरिया मठ क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान पाया गया कि विगत 10 दिनों में निर्माण कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं हुई है। इस पर संबंधित निर्माण एजेंसी पर 50 हजार रुपये की पेनल्टी लगाने के निर्देश दिए गए। साथ ही सहायक यंत्री को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने तथा संबंधित उपयंत्री के तीन दिवस के वेतन की कटौती करने के निर्देश दिए गए। भारत माता मंदिर से चौबीस खंभा मार्ग तक निर्माणाधीन सड़क कार्य की भी समीक्षा की गई। 24 मीटर चौड़ाई एवं 360 मीटर लंबाई के इस महत्वपूर्ण मार्ग के निर्माण कार्य में भी अपेक्षित प्रगति नहीं पाए जाने पर संबंधित निर्माण एजेंसी पर 74 हजार रुपये की पेनल्टी लगाने के निर्देश दिए गए।

# रास्ता नहीं मिलने पर पकड़ा गया कार चालक

### तलाशी में मिली 27 हजार की अवैध शराब



**उज्जैन।** चैकिंग में कार को रोकने का प्रयास पुलिस टीम ने किया। चालक ने भागने का प्रयास किया और गलत रास्ते पर चला गया। रास्ता नहीं होने पर उसने कार छोड़ भागने का प्रयास किया लेकिन पीछे आ रही पुलिस ने उसे दबोच लिया। तलाशी में 27 हजार से अधिक की शराब बरामद होना सामने आया है।

खाचरौद थाना प्रभारी धनसिंह नलवाया ने बताया कि बुधवार-गुरूवार रात कस्बा भ्रमण के दौरान संदिग्धों की चैकिंग के दौरान जावरा की ओर से कार आती दिखाई दी। जिसे रोकने का प्रयास करने पर चालक ने रफ्तार तेज कर दूसरे रास्ते पर भागने का प्रयास किया और लंगर कालोनी में चला गया, जहां आगे जाने का रास्ता बंद था। चालक की करतूत चैकिंग में शामिल एसआई ईश्वर जोशी, मंगलसिंह भाभर,प्रधान आरक्षक रोहित तिवारी आरक्षक मुकेश गोयल और हेमेन्द्र ने शंका होने पर उसका पीछा किया। चालक ने कार छोड़कर पैदल दौड़ लगाई, लेकिन पीछे लगी पुलिस टीम ने उसे दबोच लिया। पूछताछ करने पर चालक का नाम दीपक पिता मनोहरलाल वर्मा 23 साल निवासी पिपलोदारोड जावरा सामने आया। पुलिस टीम ने उसकी कार की तलाशी ली, जिसमें 3 पेटी बीयर और 3 पेटी देशी शराब की रखी होना पाई गई। दीपक से पूछताछ करने पर मामला अवैध शराब परिवहन का सामने आया। मामले में कार जप्त के साथ शराब जप्त कर चालक को थाने लाकर आबकारी अधिनियम की धारा में प्रकरण दर्ज किया। बरामद शराब 27 हजार 600 और गुजरात पासिंग कार क्रमांक जीजे 09 बीबी 1064 पांच लाख की पाई गई। थाना प्रभारी के अनुसार आरोपी को गुरूवार दोपहर कोर्ट में पेश किया, जहां से पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है।

### नामांकन खारिज होने पर भड़का आक्रोश

**उज्जैन।** राज्यसभा चुनाव में मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त होने के विरोध में शहर में धरना-प्रदर्शन का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा है। युवक कांग्रेस ने जिलाध्यक्ष अर्पित यादव के नेतृत्व में टावर चौक पर भारत निर्वाचन आयोग के आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन कर उग्र प्रदर्शन किया। पुतला दहन और नारेबाजी के दौरान आक्रोशित युवाओं और पुलिस के बीच हल्की झड़प भी हुई। युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष अर्पित यादव ने इस पूरी कार्रवाई को लोकतंत्र की संस्थागत हत्या करार दिया है। यादव ने आरोप लगाया कि जब भाजपा मध्यप्रदेश में कांग्रेस विधायकों को तोड़ने और खरीदने में नाकाम रही।

# पटरी पर मिली थी लाश पति करता था प्रताड़ित

### जांच के 24 दिन बाद सलाखों में पहुंचा पति

**उज्जैन।** 11 साल पहले प्रेम विवाह करने वाली महिला ने रेलवे पटरी पर ट्रेन के सामने लेट आत्महत्या कर ली थी। उसका शव टुकडो में मिला था। 24 दिन की जांच के बाद पुलिस ने पति को प्रताडना के मामले में गिरफ्तार कोर्ट में पेश किया, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

भैरवगढ़ थाना पुलिस ने 17 मई की सुबह नईखेडी और असलोदा स्टेशन के बीच पटरी से महिला का टुक?ों में शव बरामद किया था। जिसकी पहचान नीलम पति सोनू भामी 35 साल निवासी ग्राम झिरनिया के रूप में हुई थी। प्रारंभिक रूप से मामला आत्महत्या का सामने आने पर मर्ग कायम कर जांच में लिया था। 24 दिनों की जांच में सामने आया कि नीलम ने 11 साल पहले सोनू से प्रेम विवाह किया था। जिसके चलते नीलम का परिवार नाराज हो गया था और बोल चाल बंद हो गई थी। सोनू शराब पीने का आदी हो चुका था और आये दिन मारपीट कर प्रताडित करने लगा था। नीलम अपने परिवार के पास भी नहीं लौट सकती थी। पति की मानसिक और शारिरीक प्रताडना से वह इतनी तंग आ गई कि उसने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने जांच और परिवार के बयान पर पति के खिलाफ सोनू पिता स्व. सीताराम भामी के खिलाफ धारा 108 और 85 भारतीय न्याय संहिता का प्रकरण दर्ज कर लिया। थाना प्रभारी शैलेन्द्रसिंह राजावत ने बताया कि सोनू को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ भेजा गया है।

# सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय को भेंट किया गया पंडित दीनदयाल उपाध्याय पर आधारित 15 खंड़ों की पुस्तकों का सेट

## कुलगुरु प्रो अर्पण भारद्वाज बोले—वैचारिक अध्ययन और शोध को मिलेगी नई दिशा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



भारतीय चिंतन, राष्ट्र निर्माण और एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित 15 खंडों की महत्वपूर्ण पुस्तक श्रृंखला का संपूर्ण सेट गुरुवार को सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन को भेंट किया गया।

सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की सतत् शिक्षा अध्ययनशाला में निदेशक डॉ. सुशील कुमार शर्मा और संभागीय जनसंपर्क कार्यालय के उप संचालक अरुण कुमार राठौर ने यह पुस्तक सेट विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर अर्पण भारद्वाज को सौंपा। सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की सतत् शिक्षा अध्ययनशाला और पत्रकारिता एवं जनसंचार अध्ययनशाला को जनसंपर्क संचालनालय मध्यप्रदेश शासन भोपाल द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाशित 15 खण्ड के पुस्तकों का वांग्मय शोध और जनमानस में प्रसारित करने हेतु प्रेषित किया गया जिसे अध्ययनशाला के कार्यालय में कुलगुरु प्रो अर्पण भारद्वाज ने प्राप्त किया। इस 15 खण्ड के पुस्तकों का वांग्मय कुलगुरु प्रो अर्पण भारद्वाज को सौंपते हुए संयुक्त संचालक अरुण राठौर ने पुस्तक श्रृंखला की विशेषताओं, विषयवस्तु तथा वर्तमान समय में उसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला।

उन्होंने पुस्तकों के वांग्मय के बारे में बताते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जीवन भारतीय संस्कृति, सामाजिक समरसता, अंत्योदय और राष्ट्रहित के मूल्यों से प्रेरित रहा है। पुस्तक श्रृंखला में उनके जीवन दर्शन, वैचारिक दृष्टिकोण, संगठन क्षमता, राजनीतिक चिंतन तथा समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने की अवधारणा का विस्तृत वर्णन किया गया है। इसी कड़ी में सतत् शिक्षा अध्ययनशाला के निदेशक डॉ. सुशील कुमार शर्मा ने इस 15 खण्ड के पुस्तकों के वांग्मय पर कहा कि यह पुस्तक श्रृंखला विद्यार्थियों, शोधार्थियों और शिक्षकों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। विद्यार्थियों को भारतीय विचार परंपरा, राजनीतिक चिंतन और सामाजिक सरोकारों को समझने के लिए प्रामाणिक साहित्य की आवश्यकता होती है। यह पुस्तक संग्रह उस आवश्यकता की पूर्ति करेगा तथा शोध और थीसिस कार्यों के लिए महत्वपूर्ण संदर्भ सामग्री उपलब्ध कराएगा। इस 15 खण्ड के पुस्तकों के वांग्मय के लेखक पूर्व राज्यसभा सदस्य श्री महेश चंद्र शर्मा हैं, जिन्होंने वर्षों के अध्ययन और शोध के आधार पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों एवं कार्यों का विस्तृत दस्तावेजीकरण किया है। श्री शर्मा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में प्रचारक का दायित्व भी निभा चुके हैं। पुस्तकों में दीनदयाल उपाध्याय के भाषणों, लेखों, पत्राचार, संगठनात्मक योगदान, सामाजिक दृष्टिकोण तथा एकात्म मानववाद के सिद्धांतों का समग्र संकलन किया गया है। कुलगुरु प्रोफेसर अर्पण भारद्वाज ने इस 15 खण्ड के पुस्तकों का वांग्मय प्राप्ति पर कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को केवल पाठ्यक्रम आधारित शिक्षा ही नहीं, बल्कि भारतीय ज्ञान परंपरा और वैचारिक विरासत से जोड़ने का भी कार्य कर रहा है यह पुस्तक श्रृंखला विश्वविद्यालय पुस्तकालय में विद्यार्थियों, शोधार्थियों और अध्यापकों के अध्ययन हेतु उपलब्ध रहेगी।

# आवासीय परिसरों में पुलिस ने चलाया स्वच्छता अभियान



**उज्जैन।** वर्षाकाल से पहले पुलिस ने अपने आवासीय परिसरों में गुरूवार को स्वच्छता अभियान चलाया। जिसमें पुलिसकर्मियों के साथ उनके परिजनों ने श्रमदान किया।

पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा के आदेश पर वर्षाकाल से पहले पुलिस लाइन से लेकर पुलिस कालोनी परिसर में जल निकासी व्यवस्था को सुदृड करने के लिये स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश जारी किये थे। अभियान का संचालन रक्षित निरीक्षक रणजीतसिंह के मार्गदर्शन में तय किया गया। जिसके लिये कमेठी गठित क गई और संबंधित सूबेदार अधिकारियों को नियंत्रण अधिकारी नियुक्त किया गया था। पुलिस लाइन में सूबेदार स्वाति कामले, फाजलपुरा पुलिस कॉलोनी में सूबेदार सुभाष सतपाडिया, नीलगंगा पुलिस आवासीय कॉलोनी में सूबेदार धर्मेन्द्र शर्मा तथा चिमनगंजमंडी पुलिस आवासीय कॉलोनी में सूबेदार निवेष मालवीय को प्रभार सौंपा गया। गुरूवार को अभियान में सभी परिसरों में मुख्य मार्गों, गलियों, छतों एवं नालियों की सफाई की गई। मानसून के दौरान मच्छरों के पनपने तथा मौसमी बीमारियों की रोकथाम के उद्देश्य से परिसर में अनावश्यक झाडियों, मलबे और कचरे को साफ किया गया, ताकि संभावित जलभराव की स्थिति को रोका जा सके और आवागमन सुरक्षित बनाया जा सके। स्वच्छता अभियान में कालोनी परिसर में रहने वाले पुलिसकर्मियों के साथ उनके परिजनों ने भागीदारी की, वहीं नगर निगम, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था सुनिश्चित कराई गई।

## अरब का सुल्तान बेशकीमती हीरा से भी ना खरीद सका यह चीज



शेख सादी अरब के बहुत बड़े शायर हुए हैं। उनकी शायरी के दीवानों में अरब के एक सुलतान भी थे। जब शेख सादी 90 वर्ष के हुए तो अरब के इन सुलतान महोदय ने उनके पास एक बेशकीमती हीरा भेजा और लिखा- सारी जिंदगी आपने शायरी लिखने में व्यतीत कर दी, फिर भी आप इस हीरे के बराबर कीमत की दौलत नहीं पा सके होंगे। यदि इस हीरे के जोड़ की कोई कविता या शायरी आपके पास हो तो भेज दें और उसकी कीमत के रूप में इस हीरे को अपने पास रख लें। शेख का जीवन उच्च मानव मूल्यों का प्रेरक था।

इसलिए सुलतान पर क्रोध आने की बजाय उन्हें दया ही आई। उन्होंने जवाब में सुलतान को बड़ी शालीनता से लिखा, सुलतान! आप मेरी शायरी का मूल्य लगा रहे हैं, परंतु शायद आपको मालूम नहीं है कि मेरी शायरी का एक-एक शब्द आपके हीरे से कहीं ज्यादा कीमती है। मेरे शब्द दो बिछड़े हुए दिलों को जोड़ने की क्षमता रखते हैं, जबकि आपका हीरा दो इंसानों के बीच खून-खराबे का जरिया ही बनता है। मेरे शब्द ईश्वर के सिंहासन को हिलाने की क्षमता रखते हैं, लेकिन आपका हीरा किसी भूखे इंसान की भूख मिटाने में एक चने की भी बराबरी नहीं कर सकता, उलटे उसके लिए काल साबित हो सकता है।

उन्होंने आगे लिखा, आपका हीरा परमात्मा से दूरियां बढ़ाता है, जबकि मेरी शायरी परमात्मा से साक्षात्कार का जरिया होती है। इसलिए आपका हीरा आपको ही मुबारक हो। मुझे इसकी आवश्यकता नहीं है। इस पत्र के साथ शेख सादी ने वह हीरा सुलतान को वापस भेज दिया। हीरा वापस पाकर सुलतान पहले विस्मित हुआ, लेकिन पत्र पढ़ते ही उसे अपनी भूल का एहसास हो गया। उसने तत्काल आदेश दिया, हृयात्रा की तैयारी करो, हम खुद जाकर शेख सादी से माफी मांगेंगे।

**सम्पादकीय**

## औपनिवेशिक छाप से मुक्त हो शिक्षा

वर्तमान में कई भारतीय संस्थानों के पाठ्यक्रम भारतीय परिप्रेक्ष्य की वास्तविकताओं या इसकी समस्याओं के ज्ञान को पूरी तरह से प्रतिबिंबित नहीं करते। उच्च संस्थानों की प्रणालियों में भारतीय ज्ञान के वि-उपनिवेशीकरण के प्रयासों को तभी स्पष्ट और सक्रिय रूप से समर्थन दिया जा सकेगा, जब छात्रों को यह सिखाया जाए कि मौलिकता की राह पर कैसे चलें? उन्हें भारतीय परिस्थितियों के लिए विशेष और विशिष्ट समाधान की दिशा में सोचने के लिए भी शिक्षित करना होगा। भारतीय ज्ञान की वर्तमान व्यवस्था के वि-उपनिवेशीकरण से ही पूर्ण स्वराज की प्राप्ति संभव हो सकेगी। अब नवोन्मेषी विचारों और कार्यक्रमों की शुरूआत करने से पहले सोचने के लिए ज्ञान मीमांसकीय रूप से स्वतंत्र होना होगा। ज्ञान मीमांसकीय मुक्ति मानसिक, भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक स्वतंत्रता को जन्म देती है। शिक्षा के उच्च संस्थानों ने भारतीय विचार-दृष्टि की गतिशीलता पर अपनी पकड़ खो दी है। इसका एक विशेष कारण है ज्ञान को समायोजित करने के लिए भारतीय भाषाओं को विकसित करने में विफलता। आज भी अंग्रेजी प्रामाणिक भाषा है और ज्ञान की दुनिया में उसी का वर्चस्व है। मन में हिंदी और दूसरी भारतीय भाषाओं में सोचते हुए उन विचारों को अंग्रेजी में उल्था कर प्रस्तुत करना समयसाध्य ही नहीं, बहुधा निष्प्रभावी एवं अप्रामाणिक भी सिद्ध होता है। मौलिक सोच का अवसर इसलिए भी जाता रहता है कि हम अपने विचार और उसकी कोटियां विदेश से आयातित किए हुए हैं और उसमें ह्यफिटह्न किए बगैर सोचने-विचारने की प्रक्रिया ही नहीं शुरू हो पाती है।

अपने शिक्षण संस्थानों में होने वाले बौद्धिक प्रयासों, शिक्षण प्रक्रिया और अनुसंधान में भारतीय भाषाओं को संस्थागत रूप से न अपना पाना मौलिकता के रास्ते में एक बहुत बड़ा रोड़ा है। यह मानने के अच्छे-भले कारण हैं कि कई देश जो तकनीकी प्रगति में छलांग लगा रहे हैं, आविष्कारों में प्रगति कर रहे हैं और अकादमिक उत्कृष्टता की सीमाओं को तोड़ रहे हैं, वे ही देश हैं जिन्होंने अपने शैक्षिक पाठ्यक्रम को अपने अनुसार अनुकूलित एवं विकसित किया है। दुर्भाग्य से हमने अपने सोच को उन सीमाओं के भीतर ही सीमित करके बांध लिया है, जो पश्चिमी शिक्षा से विरासत के रूप में हमें मिला। साथ ही हम व्यावहारिक और उपयोगी विकल्प खोजने के लिए पर्याप्त उत्सुक भी नहीं हैं। चाहे जो भी हो, यूरोकेंद्रित ज्ञान माडल में डूबे रहने से हमारे विचारों का उपनिवेशीकरण लगातार बढ़ता रहा है और यह हमेशा देशज विकास के उन प्रयासों में बाधा भी उत्पन्न कर रहा है, जो आत्मनिर्भर देश की जरूरत है।

### हार की हताश में ममता की उपस्थित

# इंडिया ब्लॉक की बेनतीजा बैठक में सतही सहमतियां



डॉ. हरिकृष्ण बडोदिया
(दैनिक अवन्तिका)

जब पश्चिम बंगाल से ममता बनर्जी का सफाया हो गया तब उन्हें इंडिया ब्लॉक की याद आई। आज की स्थिति में ममता न तो किसी विधानसभा की सदस्य हैं और न ही लोकसभा की सदस्य हैं। दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब में हुई बैठक में ममता बनर्जी को सोनिया गांधी के पास वाली चेयर पर बैठाया गया था और दूसरी तरफ मल्लिकार्जुन खड़गे की बाजू वाली चेयर पर राहुल गांधी बैठे थे। वहां उपस्थित पत्रकारों ने नोटिस किया होगा कि ममता के चेहरे पर हार की हताशा थी तो राहुल के चेहरे पर भी उत्साह के कोई चिह्न दिखाई नहीं दे रहे थे। इंडी गठबंधन की अपनी स्थापना के बाद यह आठवीं बैठक थी और राजनीति में रुचि रखने वालों को याद होगा कि इस गठबंधन की अब तक की गईं सभी बैठकें औपचारिक ही साबित हुईं। मोदी विरोधियों को एकजुट करने की जितनी कोशिश की गई वह सब बेकार ही रही। महत्वपूर्ण बात यह कि इन्हें नाकामयाब बनाने में सबसे बड़ी भूमिका ममता बनर्जी की ही थी। हालांकि इस गठबंधन को आई.एन.डी.आई.ए. नाम देने का श्रेय ममता को ही जाता है ऐसा कहा जाता है। लेकिन अब से पहले तक ममता बनर्जी का अहंकार सातवें आसमान पर था। पहले वह स्वयं को गठबंधन में शामिल सभी दलों के प्रमुखों से अपने आप को न केवल सर्वोपरि मानती थीं बल्कि अपनी बात पर अड़ जाना या मीटिंग छोड़कर चले जाना उनके लिए सामान्य बात थी। इस गठबंधन को बनाने का भागीरथी प्रयास करने वाले नीतीश कुमार थे जिन्होंने सभी राज्यों में जाकर विपक्ष के प्रमुख नेताओं से एकजुट होने के लिए आग्रह कर मनाया था। इसी के परिणाम स्वरुप नीतीश के प्रयासों को सफलता मिली और इस गठबंधन की पहली बैठक 23 जून 2023 को पटना में हुई थी। लगभग 16 विपक्षी दलों ने औपचारिक चर्चा कर अगली बैठक 17- 18 जुलाई को बेंगलुरु में आयोजित करने में अपनी सहमति जताई थी। इस बैठक में जब नीतीश कुमार को इंडिया ऐलाइंस का संयोजक बनाने की पेशकश की गई तो ममता बनर्जी बैठक खत्म होने के पहले ही कोलकाता की फ्लाइट पकड़कर रवाना हो गईं थी। यही वह अहंकार था जिसने इंडी गठबंधन को कभी सफलता की सीढ़ियां नहीं चढ़ने दिया। इसके बाद फिर मुंबई में बैठक आयोजित हुई लेकिन ममता बनर्जी ने फिर रोड़ा अटकाकर नीतीश को उनके परिश्रम के बावजूद पुरस्कार स्वरूप संयोजक का पद नहीं लेने दिया। जिसके बाद नीतीश ने अपनी राह अलग कर ली और एनडीए में शामिल होकर पुनः बिहार के मुख्यमंत्री बने। ममता बनर्जी क्योंकि बंगाल में 2011, 2016 और 2021 विधानसभा चुनावों तथा 2014, 2019 और 2024 लोकसभा में अपनी जीत दर्ज कर इंडी गठबंधन में विजेता का ताज पहनकर बैठी थीं इसलिए उन्हें हर कोई नेता वह भले ही शरद पवार ही क्यों ना हो अपने से कमतर ही दिखाई देते थे। मुंबई बैठक की असफलता और नीतीश कुमार के गठबंधन छोड़ने के बाद राहुल गांधी ने गठबंधन के तहत ममता से 2024 लोकसभा चुनाव में बंगाल में कांग्रेस के साथ सीटों के तालमेल की गुहार लगाई थी। राहुल चाहते थे कि इंडी गठबंधन के तहत ममता अधिक नहीं तो कम से कम एक सीट अधीर रंजन चौधरी को बहरामपुर की दें लेकिन ममता उसके लिए भी तैयार नहीं हुई थीं। जो भी हो ममता के व्यवहार और अकड़ ने विगत 15 सालों में कभी ना तो अपने समकक्षों को महत्व दिया और ना ही कांग्रेस जैसी पुरानी पार्टी और राहुल गांधी को महत्व दिया। और तो और एक मौका तो ऐसा भी आया जब ममता दिल्ली में सोनिया गांधी के आवास पर सोनिया जी से तो मिलीं लेकिन वहां उपस्थित राहुल से मिलना उन्होंने महत्वहीन समझा।

ऐसी ममता बनर्जी कल जब कांस्टीट्यूशन क्लब के सभागार में बैठी थी तब उनके उतरे हुए चेहरे से स्पष्ट हो रहा था कि जहां एक ओर वे हारी हुई नेता थीं तो वहीं इंडी गठबंधन की पिछली बैठकों में अपने व्यवहारों का मूल्यांकन कर शर्मिंदा हो रही होंगी कि मैंने इस गठबंधन की राह में कितने रोड़े डाले और आज सबके सामने मुझे हाथ बांधकर बैठना पड़ रहा है। सही बात तो यह है कि ममता ने अपने व्यवहार से कभी किसी की सहानुभूति नहीं बटोरी, बटोरी तो केवल घृणा और घमंडी होने का खिताब। आज इंडी गठबंधन के कई नेता जिनको ममता के व्यवहारों से पीड़ा हुई होगी बड़ी तसल्ली मिल रही होगी और उन में राहुल गांधी का नाम सबसे ऊपर लिया जा सकता है। आज ममता हताश निराश और सारे विपक्षी नेताओं के साथ बैठकर भी अकेली ही बैठी नजर आ रही थीं। जो भी हो 25 दलों के विपक्ष के नेताओं की यह भलमनसाहत है कि सब कुछ भूलकर वे ममता के साथ खड़े होने में कोई एतराज नहीं कर रहे। लेकिन ममता को छोड़कर सभी नेताओं को यह समझना होगा कि ममता बनर्जी बंगाल में इतनी बदनाम हो चुकी हैं कि उनकी पार्टी के अभी जीते हुए 59 विधायकों ने ममता की बदनामी के दुष्प्रभाव से बचने के लिए ही उनका साथ छोड़ दिया और बहुत जल्दी ही टीएमसी सांसदों के ममता का साथ छोड़ने के समाचार मिलें तो कोई आश्चर्य नहीं होगा। सच्चाई तो यह है कि सोची समझी रणनीति के तहत केवल अभिषेक बनर्जी को उनके स्वच्छंद व्यवहार और तानाशाहीपूर्ण रवैये के लिए दोषी ठहराया जा रहा है कोई भी खुलकर यह नहीं कह पा रहा कि ममता बनर्जी भी उतनी ही दोषी हैं जितने अभिषेक बनर्जी क्योंकि जो कुछ भी भ्रष्टाचार बदजुबानी और तानाशाही पूर्ण रवैया अभिषेक बनर्जी और उनके गुंडो ने किया उन सब के पीछे मौन स्वीकृति ममता की क्यों न मानी जाए। सच्चाई तो यह है कि एक समय जरूर आता है जब बुराई खुद सर पर चढ़कर हकीकत बयानी करने लगती है। कुल मिलाकर इंडी गठबंधन की यह बैठक भी लगभग बेनतीजा ही कही जाएगी क्योंकि महत्वपूर्ण मुद्दा तो 2027 में विधानसभाओं के चुनाव के लिए विपक्ष की क्या रणनीति हो इस पर चर्चा होनी थी लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। चर्चा इस पर भी होना थी कि मोदी की लगातार सफलताओं को विराम देने के लिए कौन सी रणनीति बनाई जाए ऐसा भी नहीं हुआ। वैसे एक बात समझ लेना आवश्यक है कि अभी हुए विधानसभा चुनावों ने मोदी को जन सामान्य और मतदाताओं के बीच इतना सशक्त कर दिया है कि 2027 में कोई आमूल चूल परिवर्तन हो पाएगा या एनडीए धराशाही हो जाएगा इसकी संभावना तो नजर नहीं आती। लेकिन विपक्ष है तो विपक्ष की भूमिका निभाना भी जरूरी है। पश्चिम बंगाल जैसे राज्य में जहां ममता पिछले सभी चुनावों में मुस्लिम तुष्टिकरण और घुसपैठियों तथा फर्जी मतदाताओं के दम पर चुनाव जीत रही थीं उनकी उस रणनीति पर भी हिंदुत्व के मुद्दे ने विराम लगा दिया जबकि बंगाल का हर मतदाता डरा हुआ था। ऐसे में 2027 के राज्य विधानसभा चुनावों में विपक्ष कोई बहुत बड़ी सफलता अर्जित कर लेगा ऐसी संभावनाएं बहुत अधिक दिखाई नहीं देतीं।

## पीठ पर सड़क

तेज दुपहरी में धूल उड़ाती पगडंडी पर चार जोड़ी पैर थरथरा रहे थे। बांस की उस चरचराती खटोली पर एक भारी चुप्पी पसरी थी। गोपी ने कंधे का अंगोछा बदलते हुए कहा, ह्अरे भाई सुकना, जरा संभल के। आगे पत्थरों की भरमार है। कहीं मैया का जी और न डोले।

सुकना ने माथे का पसीना पोंछा, हां रे भाई, छाता जरा ठीक से तान। सूरज आज आग उगल रहा है, मानो हमारी किस्मत को ही भून डालेगा।

खटोली पर लेटी देह बेजान थी, आंखें मूंदे, जैसे इस दुनिया की सारी हलचल से नाता तोड़ चुकी हो। चिढ़ौती नामक गांव के इस रास्ते पर हर कंकड़ एक नुकीला सवाल था। सदियों से इस माटी ने छाती चीरकर कोयला और पत्थर बांटे, पर बदले में उसे मिली सिर्फ पैरों को लहूलुहान करती यह पगडंडी।

छोटा मंगरा आगे-आगे रास्ता दिखा रहा था। वह बड़बड़ाया, शहर वाले कहते हैं, देश बहुत आगे निकल गया है। चमचमाती गाड़ियां हवा से बातें करती हैं।

गोपी कड़वाहट से हंसा, हां रे! हमारे पहाड़ों को खाकर जो आलीशान कोठियां बनी हैं, वहीं वो गाड़ियां खड़ी होती हैं। हमारे हिस्से तो बस यह डगमगाती लकड़ी आई है। सरकारी बाबू कल ही तो कह रहे थे कि कागज पर सड़क बन चुकी है, बस जमीन पर उतरना बाकी है। शायद हमारी पीठ ही उनकी सड़क है।

तभी सुकना का पैर फिसला, खटोली डगमगाई। राम-राम! जरा धीरे। गोपी चिल्लाया। खटोली पर कोई हलचल नहीं हुई।

दूर, विकास के बड़े-बड़े होर्डिंग चमक रहे थे, जिन पर मुस्कुराते चेहरे 'मुफ़्त इलाज और खुशहाली' का ढिंढोरा पीट रहे थे। उन चमकीले विज्ञापनों के ठीक नीचे से यह चार कंधों का जनाजा गुजर रहा था।

अस्पताल की ढलान आते ही गोपी ने राहत की सांस ली, चलो, पहुंच गए। मैया! आंखें खोलो, अब डॉक्टर बाबू सुई लगा देंगे, सब दर्द मिट जाएगा।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 12 जून 2026 शुक्रवार
सूर्योदय - 05:36 सूर्यास्त 19:09
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 10:30 से 12:00 तक
तिथि - द्वादशी 19:37 उपरांत त्रयोदशी
नक्षत्र - अश्विनी 06:29 उपरांत भरणी 04:05 उपरांत कृतिका
योग - अतिगंड 21:26 उपरांत सुकर्मा
करण - कौलव
चन्द्रमा - दिन पूर्ण मेष में रहेगा।
मुस्लिम मास - जिल्हेज मास 25 तारिख

**मेष-** परिवार की चिंता रहेगी। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**वृषभ-** थकान रहेगी। पिता का स्वास्थ्य संतोष देगा। अहंकार के भाव मन में न आने दें। आर्थिक स्थिति संतोषप्रद रहेगी।

**मिथुन-** व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा।

**कर्क-** कार्य एवं व्यवसाय के क्षेत्र में विभिन्न बाधाओं से मन अशांत रहेगा। स्वार्थ एवं भोग की प्रवृत्ति से दूर रहें।

**सिंह-** सुख के साधन जुटेंगे। शत्रु परास्त होंगे। सुखवृद्धि एवं पारिवारिक उन्नति होगी। आर्थिक योजनाओं में धन का निवेश हो सकता है।

**कन्या-** प्रयास सफल रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। पड़ोसियों से किसी बात पर मतभेद की संभावना है।

**तुला-** व्यापार में मनोनुकूल लाभ होने के योग हैं। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। कामकाज की जिज्ञासा बढ़ेगी। बेरोजगारी दूर होगी।

**वृश्चिक-** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यों में सफलता की संभावना है।

**धनु-** प्रयास सफल रहेंगे। योजना बनेगी। आशानुरूप स्थिति बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा।

**मकर-** व्यापारिक गोपनीयता भंग न करें। पूंजी निवेश लाभकारी रहेगा। व्यापार की चिंता रहेगी। पुराना रोग उभर सकता है।

**कुंभ-** धनार्जन होगा। प्रसन्नता रहेगी। यश, प्रतिष्ठा में वृद्धि के योग हैं। मनोरंजन के अवसर उपलब्ध होंगे।

**मीन-** अनसोचे कामों में हाथ नहीं डालें। कामकाज की जिज्ञासा बढ़ेगी। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी।

**कविता**

## बारिश का इंतजार

हर मन कर रहा बेसब्री से बारिश का इंतजार,
कब बरसेगी अंबर से अमृत की आनंद धार,
नीले नभ में कब घिरेगी काली-काली बदली,
कब घटेगी तपन मन में बजेगी राहत की डफली ।
झूमेंगे मीठा शोर करते कब फिर से खेत खलिहान,
कब मिलेगा भंयकर गर्मी से सबको प्रभावी निदान,
पंछी चाहते करना गगन की दूर तलक लंबी सैर,
कब भीगेंगे टिपटिप बारिश में छप-छप करते पैर ।
सुखे पेड़ सुखा धरा का आँगन प्यासा-प्यासा मन,
कब चलेगी रोमकूपों को गुदगुदाती ठंडी-ठंडी पवन,
पंख फैला नाचेंगे मोर कब गीत सुहाना गाएंगी कोयल,
कब मिलेंगा क्लांत आत्मा को राहत भरा शीतल जल ।
छाया है सुनापन शिथिल शरीर व्याकुलता भी अपार,
कब सुनोगें जगदीश्वर धरतीवासियों की विनय पुकार,
नौ तपा के दिन बीते अब धीमी करो किरणों की आग,
कब सुनाओगें सावन है आने वाला वो खुशी का राग ।
बच्चे सुनना चाहते हैं पहली बारिश की बूँदों का शोर,
कब बिखरेगी वो सौंधी खुशबू मिट्टी की चारों ओर,
बॉट जोंहतीं अखियॉ कब धरती का भीगेंगा ऑचल,
तैरेगी कागज की नाव कब गरजेंगे बिजुरि संग बादल ।

\- मोनिका डागा चेन्नई

## सूरज पर टैक्स

सूरज की किरणों पे अब पहरा लगने लगा है,
छत पर उजियारा भी शुल्क देकर जलने लगा है।
सूरज ने सदा जगत को मुफ्त रोशनी बाँटी है,
उसकी ऊर्जा पे भी देखो सरकारी मुहर छापी है।
घर-घर जो दीप जलाए, खेतों में हरियाली दी,
उस किरण से बिजली लें जनता ने खुशहाली ली।
पर सत्ता के गलियारों में कुछ हिसाब चल रहा,
सेवा शुल्क के नाम जनहित का सपना जल रहा।
ये नियम जरूरी, व्यवस्था का सम्मान करो,
अपने ही संसाधन पर क्यों इतना अपमान सहो?
जनता खुद ऊर्जा गढ़े तो इसमें अपराध कहाँ?
स्व-श्रम से रोशनी पाना कोई गलत प्रयास कहाँ?
सूरज सबका साथी, न उसका कोई दल होता,
अमीर-गरीब न देखे, सबके आँगन पलता होता।

## यूं किताबें हैं सामने खुली पड़ी,

पर नजरें स्क्रीन में अटकी हैं।
वो बचपन की मीठी किलकारी,
आजकल मोबाइल में सिमटी हैं।
अब ना मैदानों की वह दौड़ रही,
ना पेड़ोंवाली ठंडी-सी छाँव रही।
उन उँगलियों के छोटे स्पर्शों में,
तब सारी दुनिया ही सिमटी रही।
वो ही माँ की बातें आधी सुनते,
पापा का स्नेह भी कम लगता।
गेम और वीडियो की दुनिया से,
हर पल उन्हें सब प्रिय लगता।
यहाँ ज्ञान मिले तो अच्छी बात,
तकनीक के साथ वरदान बने।
पर ये मोबाइल की अंधी आदत,
बचपन का तो नुकसान ना बने।



संजय तराणेकर
(दैनिक अवन्तिका)

# पोषक तत्वों का खजाना है नाशपाती, मानसून में खाने के क्या है फायदे

मानसून के मौसम में सेहतमंद रहने के लिए डाइट पर ध्यान देना काफी जरूरी है। इस मौसम में कई तरह के इंफेक्शन और बीमारियां बढ़ने लगती हैं। ऐसे में आपको इस मौसम में कुछ खास फलों को डाइट में शामिल करना चाहिए, जो आपको बारिश में बीमारियों से दूर रखेंगे। इन्हीं खास फलों में शामिल है नाशपाती । यह फल पोषक तत्वों का खजाना है। इसमें विटामिन-सी, पोटैशियम, फोलेट, कॉपर, मैगनीज पर्याप्त होते हैं। यह आपको कई बीमारियों से बचाती हैं। तो आइए जानते हैं, नाशपाती खाने के क्या फायदे हैं।

### सूजन को कम करे

कई बार पुरानी चोट या अन्य कारणों की वजह से सूजन की समस्या होती है। यह शरीर के किसी भी अंग को प्रभावित कर सकती है। इससे बचने के लिए आप अपनी डाइट में नाशपाती शामिल कर सकते हैं। यह फ्लेवोनोइड्स का समृद्ध स्रोत है, जो शरीर के लिए एंटीऑक्सीडेंट के रूप में काम करता है। इसमें विटामिन-सी और विटामिन-के भी पर्याप्त मात्रा में पाए जाते हैं। ये शरीर के सूजन को दूर करते हैं।



### पाचन तंत्र को दुरूस्त रखे

नाशपाती फाइबर से भरपूर होती है। जो मल त्याग को आसान बनाने में सहायक है। इससे कब्ज की समस्या दूर होती है। इसके अलावा, नाशपाती में मौजूद घुलनशील फाइबर आंत की सेहत में सुधार करता है। जिन लोगों को पाचन की समस्या है, वो अपनी डाइट में नाशपाती शामिल कर सकते हैं।

### डायबिटीज के मरीजों के लिए

नाशपाती डायबिटीज के मरीजों के लिए काफी फायदेमंद है। इसमें एंथोसायनिन पर्याप्त होता है। यह एंटीऑक्सीडेंट के रूप में काम करता है, जो डायबिटीज के खतरे को कम करता है। नाशपाती का ग्लाइसेमिक इंडेक्स भी कम होता है। इसे खाने से रक्त शर्करा का स्तर सामान्य रहता है।

### वजन कम करे

नाशपाती में फाइबर प्रचुर मात्रा में होता है। यह पेट को लंबे समय तक भरा रखता है। इसमें कैलोरी की मात्रा भी कम होती है। जो वजन घटाने में सहायक है।

### दिल की सेहत के लिए फायदेमंद

नाशपाती कई पोषक तत्वों से भरपूर होती है। इसमें उच्च मात्रा में प्रोसायनिडिन होता है, जो एंटीऑक्सीडेंट का काम करता है। नाशपाती खाने से दिल से जुड़ी समस्या कम होती है। यह खराब कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने और अच्छे कोलेस्ट्रॉल के स्तर को बढ़ाने का भी काम करती है। इस फल के छिलके में क्वेरसेटिन उच्च मात्रा में पाया जाता है। जो हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करता है।

**धर्म-आस्था**

# राहु की महादशा में विवाह होने या प्रेम-संबंध बनने के क्या हैं अर्थ?

अक्सर लोग राहु महादशा से डरते हैं और अगर इस महादशा में विवाह हो, तो उसे अशुभ मानते हैं। जबकि सच्चाई यह है कि राहु महादशा में विवाह केवल चुनौती नहीं, बल्कि आत्म-जागरूकता और कार्मिक पाठ का अवसर भी है। यदि सही ग्रह स्थिति और उपाय हों तो यह विवाह स्थिर रह सकता है, अन्यथा यह भावनात्मक और आर्थिक उतार-चढ़ाव से भरा होगा।

ज्योतिष शास्त्र में विवाह के लिए जिन ग्रहों को विशेष रूप से देखा जाता है, उनमें एक राहु भी है। कई बार ऐसा देखा जाता है कि शादी की उम्र में राहु की महादशा आने पर झटपट शादी हो जाती है, मतलब अचानक रिश्ता बनता है और शादी भी अचानक हो जाती है। राहु में विवाह या प्रेम-संबंधों की एक विशेषता यह भी मानी गई है कि इस रिश्ते में आकर्षण बहुत ज्यादा होता है, लेकिन ऐसे रिश्तों को कार्मिक माना गया है और अक्सर इस दशा-महादशा में बने रिश्ते दशा के खत्म हो ही टूट जाते हैं। कार्मिक होने के कारण इन रिश्तों का टूटना व्यक्ति को बुरी तरह परेशान भी करता है और उसके लिए इस आघात से निकलना मुश्किल होता है। हालांकि, यह भी माना जाता है कि इस दशा में रिश्ते बने होने के बावजूद अगर जन्मकुंडली का 7वां भाव, शुक्र और चंद्रमा मजबूत हों, तो विवाह या वह रिश्ता स्थिर रहता है। राहु महादशा में विवाह होने पर और क्या-क्या परेशानियां आती हैं, चलिए जानते हैं...

राहु महादशा में हुए विवाह की संभावित प्रकृति



और उनकी परेशानियां

### 1. भावनात्मक तीव्रता और कार्मिक रिश्ते

राहु इच्छा, भ्रम और अधूरे कर्म का प्रतीक है। इस अवधि में विवाह अक्सर कार्मिक रिश्तों के रूप में होता है, यानि उनसे आपका जुड़ाव शायद पिछले जन्म से ही हो और इस रिश्ते से आपको कुछ सीखना या उसका कर्म ऋण चुकाना हो। ऐसे रिश्ते गहरे परिचित तो लगते हैं, लेकिन उनमें समय के साथ भावनात्मक चुनौतियाँ सामने आती हैं। इनमें भरोसे की समस्या, निर्भरता या अवास्तविक अपेक्षाएँ हो सकती हैं।

### 2. अचानक आकर्षण और अप्रत्याशित विवाह

राहु महादशा में लोग अक्सर असामान्य या विदेशी साथी की ओर आकर्षित होते हैं। रिश्ते जल्दी बन सकते हैं और उतनी ही तेजी से टूट भी सकते हैं। राहु को अचानक घटनाओं का कारक माना जाता है। इस दौरान प्रेम विवाह हो सकता है, अंतरजातीय या अंतरधार्मिक विवाह के योग बन सकते हैं और परिवार की अपेक्षाओं से अलग जीवनसाथी मिल सकता है।

### 3. आर्थिक और सामाजिक प्रभाव

राहु परंपरागत सीमाओं को तोड़ने वाला ग्रह माना जाता है। इसलिए इस अवधि में व्यक्ति ऐसे वैवाहिक निर्णय ले सकता है जो सामान्य सामाजिक अपेक्षाओं से अलग हों। विवाह के समय धन या भौतिक वस्तुओं का नुकसान हो सकता है। राहु व्यक्ति को स्वार्थी और आत्मकेंद्रित बना सकता है, जिससे वैवाहिक जीवन में संघर्ष बढ़ता है। यदि राहु 1st या 7th भाव में हो और चंद्रमा के साथ जुड़ा हो, तो विवाह में गंभीर समस्याएँ आ सकती हैं। राहु महादशा में हुए विवाह में सकारात्मक संभावनाएँ राहु महादशा में हुआ विवाह सफल, स्थायी और प्रगतिशील भी हो सकता है, राहु शुभ स्थिति में हो, सप्तम भाव मजबूत हो, शुक्र और गुरु सहयोगी हों और कुंडली में अच्छे वैवाहिक योग मौजूद हों। मजबूत 7वाँ भाव और शुभ ग्रहों का सहयोग रिश्ते को स्थिरता देता है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5800 से 5900 विशाल 5800 से 5850 मसूर 6050 से 6100 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7900 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई यह तुअर 6000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7600 से 7700 मूंग नी बेस्ट बोल्ड 8200 से 8500 मीडियम बोल्ड 7600 से 7800 में एवरेज गर्मी 7000 से 7200 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 8700 उड़द गर्मी 7700 से 8300 हल्का - उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5800 से 6000 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 7300 से 7500 निमाड़ी 7500 से 7600 रायडा 6400 से 6600 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 7200 से 7400 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकवन 2750 से 2800 पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7600 से 7800 मीडियम 8800 से 9000 बेस्ट 10200 से 10400 रुपए।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 12500 से 13000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारिक 4000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1450-2850, चना देशी- 4999-5760, डालर चना- 4400-7990, उड़द-7621, मूंग- 7576, सोयाबीन- 1215-8900, मैथीदाना- 1340, सरसो- 6500, धनिया-10930-13306, बटला- 2860, मसूर- 6201, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेण्डर्ड- 1,48,600 रवा- 1,48,500 चांदी-टंच- 2,42,200 पाट- 2,41,500।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

**editor.awantika@gmail.com**

## 26 मई से जारी हड़ताल के समर्थन में भोपाल पहुंचीं सुसनेर की कार्यकर्ता

**सुसनेर।** आशा-ऊषा महिला संगठन की प्रदेशव्यापी हड़ताल के तहत बुधवार को ब्लॉक सुसनेर से सैकड़ों आशा एवं ऊषा कार्यकर्ता भोपाल में आयोजित एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन में शामिल होने के लिए रवाना हुईं। प्रदेश स्तरीय आह्वान पर आयोजित इस प्रदर्शन में प्रदेशभर से कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। सुसनेर से रवाना हुए दल का नेतृत्व प्रदेश मीडिया प्रभारी संगीता यादव, जिला महासचिव लाबू बाई सूर्यवंशी, ब्लॉक अध्यक्ष मंजूलता मेवाड़ा एवं यशोदा शर्मा ने किया। कार्यकर्ताओं ने बताया कि उनकी विभिन्न मांगों को लेकर 26 मई से अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है, लेकिन अब तक मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया है। इसके विरोध में भोपाल में प्रदेश स्तरीय प्रदर्शन आयोजित किया गया। नेताओं ने कहा कि आशा एवं ऊषा कार्यकर्ता स्वास्थ्य सेवाओं की महत्वपूर्ण कड़ी हैं, इसके बावजूद उन्हें पर्याप्त सुविधाएं और सम्मानजनक मानदेय नहीं मिल रहा है। अपनी मांगों को लेकर संगठन लगातार आंदोलन कर रहा है। भोपाल में आयोजित प्रदर्शन के माध्यम से सरकार का ध्यान समस्याओं की ओर आकर्षित करने का प्रयास किया गया। भोपाल रवाना होने से पूर्व कार्यकताओं में उत्साह और एकजुटता देखने को मिली। बड़ी संख्या में महिलाओं ने आंदोलन को सफल बनाने तथा अपनी मांगों के समर्थन में संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।

## आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर गुर्जर ने सौंपा ज्ञापन

**सुसनेर।** थाना में दर्ज गोलीकांड के मामले में नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से नाराज गुर्जर समाज के लोगों ने बुधवार को सुसनेर में प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में समाजजन सुसनेर थाना पहुंचे और आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग को लेकर नारेबाजी की। समाजजनों का आरोप है कि थाना सुसनेर में दर्ज एफआईआर क्रमांक 0142/2026 में नामजद आरोपियों के विरुद्ध अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इससे आरोपियों के हौसले बुलंद हैं और वे खुलेआम घूम रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यदि समय रहते आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई तो भविष्य में आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। प्रदर्शन के बाद समाज के प्रतिनिधियों ने एसडीओपी देवनारायण यादव को ज्ञापन सौंपकर मामले में निष्पक्ष जांच एवं आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि 5 मई 2026 को हुई घटना के संबंध में पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। लेकिन एक माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी आरोपियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है। प्रदर्शन के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। स्थिति को देखते हुए नलखेड़ा एवं सोयत थाना प्रभारी भी पुलिस बल के साथ सुसनेर में मौजूद रहे। इस दौरान गुर्जर समाज के बड़ी संख्या में पुरुष एवं युवा उपस्थित रहे। समाजजनों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले में शीघ्र कार्रवाई कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए, ताकि पीड़ित पक्ष को न्याय मिल सके और क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनी रहे।

**भागवत कथा की पुणार्हुति हुई।**

## भागवत कथा जीवन को सहज व सरल बनाने का माध्यम है-पं व्यास

**जगोटी।** भागवत कथा नित नूतन है यह जीवन को सही ढंग से जीने के प्रति प्रेरित करते हुए अच्छे कर्म करते हुए जीवन को सार्थक बनाते का सहज सरल माध्यम बनती है। परमात्मा की इस सृष्टि में मानव जीवन सबसे अनमोल बताया गया है इस जीवन का हर क्षण हमें भगवान के भजन व स्मरण में व्यतीत करना चाहिए। उक्त उद्गार चौक बाजार जगोटी में श्री सत्यवीर तेजाजी महाराज मंदिर पर आयोजित भागवत कथा की पूर्णाहूति पर कथाकार पं बनवारी लाल व्यास ने उपस्थित श्रद्धालुओं के समक्ष व्यक्त किए। कथाकार पं. व्यास का शाल श्रीफल से सम्मान करते हुए जिला कांग्रेस सेवादल ग्रामीण अध्यक्ष डा. चैनसिंह चौधरी, कांग्रेस जगोटी मंडलम अध्यक्ष अनंत शर्मा, वरिष्ठ नेता मोहनलाल हेड़ा, रजनीश तिवारी, राहुल चौधरी सहित गणमान्य नागरिकों ने किया। भागवत कथा की पुणार्हुति के बाद मंदिर परिसर में आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।

**शुजालपुर मंडी में महिला ने की आत्महत्या**

## दो बेटियों की मां का शव घर की पहली मंजिल पर फंदे से लटका मिला

**शुजालपुर।** नगर के एक आवासीय क्षेत्र में बुधवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब एक 28 वर्षीय विवाहिता का शव उसके ही घर की पहली मंजिल पर फं दे से लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार मृतका अनीता राठौर 28 वर्ष पत्नी महेंद्र राठौर थीं। बताया जा रहा है कि मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात करीब 4 बजे उन्होंने परिजनों से पहली मंजिल पर आराम करने जाने की बात कही थी। सुबह करीब 7 बजे जब परिजन ऊपर पहुंचे तो अनीता का शव छत में लगे लोहे के हुक से रस्सी के सहारे लटका हुआ मिला। घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल छा गया। मृतका का मायका कालापीपल थाना क्षेत्र के ग्राम खोखराकला में है। उनके पति महेंद्र राठौर शुजालपुर मंडी में मार्केटिंग सोसायटी कार्यालय के सामने स्थित अपने मकान में आटा चक्की का संचालन करते हैं। दंपती की दो पुत्रियां हैं, जिनकी उम्र लगभग 7 वर्ष और 4 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस जांच में घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। ऐसे में आत्महत्या के पीछे के कारण फि लहाल स्पष्ट नहीं हो सके हैं। पुलिस परिजनों और अन्य संबंधित लोगों के बयान दर्ज कर मामले की पड़ताल कर रही। पुलिस का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराकर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। प्रारंभिक जांच के आधार पर मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट और विस्तृत जांच के बाद ही हो सकेगा।

**दैनिक अवन्तिका**

**अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी बदलना है**

बेरछा, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।

**सम्पर्क करें**

**दैनिक अवन्तिका कार्यालय**
**2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन**
**0734-4041777, मोबा. 9977755777**

निपुण भारत मिशन को गति देने की पहल

# चिन्हित स्कूलों के शिक्षकों को दिया एफ एलएन उन्मुखीकरण प्रशिक्षण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



प्रारंभिक कक्षाओं के विद्यार्थियों के अधिगम स्तर में सुधार तथा निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों की प्रभावी प्राप्ति के उद्देश्य से शुजालपुर में विकासखंड शुजालपुर एवं कालापीपल की निम्न प्रदर्शन वाली शालाओं के कक्षा 1 एवं 2 के शिक्षकों का एक दिवसीय एफ एलएन फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी उन्मुखीकरण प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में दोनों विकासखंडों के चिन्हित विद्यालयों के शिक्षकों ने भाग लिया।

**सटीक ट्रैकिंग पर जोर**

प्रशिक्षण का निरीक्षण जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र शिप्रे ने किया। इस अवसर पर जिला परियोजना समन्वयक धीरज बिरथरे ने शिक्षकों को मासिक एवं आवधिक आकलन प्रपत्रों में विद्यार्थियों की वास्तविक दक्षताओं के अनुरूप जानकारी दर्ज करने, शिक्षक संदर्शिका का नियमित उपयोग करने तथा मासिक ट्रैकर में शत-प्रतिशत एवं सटीक प्रविष्टियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कमजोर प्रदर्शन वाले विद्यालयों को विशेष अकादमिक सहयोग प्रदान करने और भाषा व गणित कॉर्नर को सक्रिय बनाने पर बल दिया।

**गलत जानकारी पर होगी कार्रवाई**

डाइट शाजापुर के जिला एफ एलएन प्रभारी महेश भेसानिया ने शिक्षकों से प्रशिक्षण के महत्वपूर्ण बिंदुओं को नोट कर उनका कक्षाओं में प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विद्यार्थियों के अधिगम स्तर की सही एवं वास्तविक जानकारी ट्रैकर में दर्ज की जाए। गलत जानकारी पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान शिक्षकों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया।

**मिशन अंकुर की दी जानकारी**

प्रशिक्षण के दौरान मिशन अंकुर के विभिन्न घटकों, कक्षा 1 से 3 के निपुण लक्ष्यों, शिक्षक संदर्शिका, वर्कबुक, जादुई पिटारा, गणित संदर्शिका तथा शिक्षण अधिगम सामग्री टीएलएम के प्रभावी उपयोग पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही विद्यालयों में क्रियाशील रीडिंग कॉर्नर एवं समृद्ध शिक्षण वातावरण विकसित करने पर विशेष बल दिया गया, जिससे बच्चों में भाषा एवं गणितीय दक्षताओं का बेहतर विकास हो सके।

**समूह गतिविधियों के माध्यम से साझा की कार्ययोजनाएं**

प्रशिक्षण में शामिल शिक्षकों ने समूह गतिविधियों एवं प्रस्तुतीकरण के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के लिए अपनी कार्ययोजनाएं साझा कीं। कार्यक्रम में शुजालपुर बीआरसी सुरेंद्र गोखले एवं कालापीपल बीआरसी अशोक उपलावदिया उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के विभिन्न सत्रों का संचालन मिशन अंकुर टीम के रवि विश्वकर्मा, संजय राजपूत, अभिषेक चतुवेर्दी एवं सभाजीत पटेल द्वारा किया गया।

बैंक में एक व्यक्ति के झोले से ब्लेड मारकर निकाले थे रुपए

## ब्लेड मार उड़ाए 60 हजार, महिला गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास



देवास उदयनगर के हाट बाजार में बैंक ग्राहक के झोले को ब्लेड से काटकर 60 हजार रुपये चोरी करने वाली महिला को पुलिस ने वारदात के सात दिन के भीतर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी महिला सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई थी। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी गई पूरी राशि भी बरामद कर ली है।

पुलिस के अनुसार, 2 जून 2026 को पीपलपाटी निवासी चम्पालाल पिता मंशाराम यादव ट्रैक्टर की किश्त जमा करने के लिए 60 हजार रुपये लेकर एसबीआई बैंक उदयनगर पहुंचे थे। बैंक में राशि जमा करने जाने के दौरान हाट बाजार क्षेत्र में किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके झोले को ब्लेड या किसी नुकीली वस्तु से काटकर नकदी चोरी कर ली। पुलिस ने 9 जून को जिला सीहोर के सलकनपुर क्षेत्र से महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में उसने चोरी की वारदात स्वीकार कर ली। इसके बाद उसके कब्जे से चोरी गए 60 हजार रुपये शत-प्रतिशत बरामद कर जब्त कर लिए गए।

**सीसीटीवी से आरोपी तक पहुंची पुलिस**

पुलिस का कहना है कि त्रिनेत्रम अभियान के तहत लगाए गए सीसीटीवी कैमरे अपराधियों तक पहुंचने में प्रभावी साबित हो रहे हैं। इस मामले में भी कैमरों में कैद तस्वीरें आरोपी तक पहुंचने का सबसे बड़ा आधार बनीं। पुलिस टीम की तत्परता से महज सात दिन में आरोपी की गिरफ्तारी और पूरी रकम की बरामदगी संभव हो सकी।

**राजगढ़ जिले के बोड़ा की निवासी है महिला**

जांच के दौरान पुलिस ने बैंक परिसर और हाट बाजार क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। फुटेज में एक महिला चोरी की वारदात को अंजाम देती दिखाई दी। त्रिनेत्रम अभियान के तहत लगे कैमरों और तकनीकी विश्लेषण की मदद से पुलिस ने महिला की पहचान सुधा पति शिवचरण सिसोदिया, निवासी कड़ियां सांसी, थाना बोड़ा, जिला राजगढ़ के रूप में की।

शिकायत मिलने पर थाना उदयनगर में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) हरनारायण बाथम के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी बागली संजय सिंह बैस के निर्देशन में थाना प्रभारी विजेन्द्र सिंह सोलंकी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई।

## फिटनेस और पीयूसी के बिना चल रहे 5 वाहन जब्त

**देवास।** देवास जिले में सड़क सुरक्षा और प्रदूषण नियंत्रण को लेकर परिवहन विभाग लगातार सख्ती बरत रहा है। इसी क्रम में बुधवार को औद्योगिक क्षेत्र देवास में विशेष जांच अभियान चलाकर बिना फिटनेस प्रमाण पत्र और पीयूसी के संचालित 5 वाहनों को जब्त किया गया। कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देश पर जिला परिवहन अधिकारी निशा चौहान के नेतृत्व में विभागीय टीम ने औद्योगिक क्षेत्र में वाहनों की जांच की। इस दौरान सड़क पर चल रहे वाहनों के फिटनेस प्रमाण पत्र और पीयूसी की सघन जांच की गई। अभियान के दौरान कुल 20 वाहनों की जांच की गई। इनमें से 5 वाहन जिसमें ट्रक और मिनी ट्रक शामिल हैं जिनके पास आवश्यक दस्तावेजों के बिना संचालित होते पाए गए। परिवहन नियमों का उल्लंघन मिलने पर विभागीय टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सभी पांचों वाहनों को मौके पर ही जब्त कर लिया। जिला परिवहन अधिकारी निशा चौहान ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र में बढ़ते प्रदूषण पर नियंत्रण और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में भी इस तरह के अभियान लगातार जारी रहेंगे।

## सरपंच संघ अध्यक्ष पर छेड़छाड़ का आरोप

**महिदपुर।** सरपंच संघ अध्यक्ष पर नाबालिग से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। टीआई नरेंद्र सिंह न परिहार ने बताया ग्राम बनी निवासी राम ठाकुर की 16 वर्षीय नाबालिग ने छेड़छाड़ की शिकायत की। नाबालिग ने बताया वह राम ठाकुर के धर्मनगर स्थित घर के सामने से निकल रही थी, राम ठाकुर ने बात करने का बोलते हुए घर में बुलाया, उसके बाद छेड़छाड़ करने लगा, जैसे-तैसे वहाँ से भागकर निकली, वहीं किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। परिजनों के साथ थाने पहुँचकर राम ठाकुर की शिकायत की।

## आभूषण चोरी के मामले में शाजापुर सराफा बाजार पहुंची कायथा पुलिस

**शाजापुर।** उज्जैन जिले के कायथा थाना क्षेत्र में हुई आभूषण चोरी के मामले की जांच के लिए बुधवार दोपहर करीब तीन बजे कायथा पुलिस का एक दल शाजापुर पहुंचा। पुलिस ने शहर के सराफा बाजार स्थित भैया जी आभूषण विक्रेता की दुकान पर पहुंचकर चोरी के गहनों के संबंध में पूछताछ की और आवश्यक दस्तावेजों की जांच शुरू की। जानकारी के अनुसार कायथा थाना क्षेत्र में आभूषण चोरी की घटना हुई थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और पुलिस हिरासत के दौरान उन्होंने स्वीकार किया कि चोरी किए गए कुछ सोने-चांदी के आभूषण शाजापुर के सराफा बाजार स्थित इसी दुकान पर बेचे थे। इसी बयान के आधार पर पुलिस का दल जांच के लिए शाजापुर पहुंचा। पुलिस ने दुकान संचालक से चोरी के माल के संबंध में जानकारी मांगी, हालांकि संचालक ने मामले की जानकारी होने से इनकार किया। इसके बाद पुलिस ने दुकान की खरीदी-बिक्री से जुड़े दस्तावेजों और सुरक्षा कैमरों की रिकॉर्डिंग के आधार पर गहन जांच शुरू कर दी है। इस कार्रवाई को लेकर सराफा बाजार के व्यापारियों के बीच लगातार चर्चा बनी रही। कायथा थाने के प्रधान आरक्षक गोपाल पटेल ने बताया कि वे मामले की पुष्टि के लिए शाजापुर आए हैं।



## गीता का एक श्लोक भी जीवन में उतार लें तो भवसागर से पार हो सकता है मनुष्य

**सुसनेर।** पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में स्थानीय न्यायालय प्रांगण स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा आधारित संगीतमय प्रवचन के पांचवें दिन कथावाचक पंडित वेदप्रकाश भट्ट महंत ने श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण के उपदेशों का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि कलयुग में श्रीमद् भागवतगीता मानव जीवन को सही दिशा देने वाली सर्वोत्तम मार्गदर्शिका है। यदि व्यक्ति गीता के एक भी श्लोक को अपने जीवन में आत्मसात कर ले तो वह भवसागर से पार हो सकता है। प्रवचन के दौरान पं. भट्ट ने अधिक मास में दान, सेवा, परोपकार एवं धार्मिक अनुष्ठानों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पवित्र नदियों में स्नान, भागवत पुराण का पाठ तथा जरूरतमंदों को दान देने से मनुष्य के पापों का क्षय होता है। उन्होंने कहा कि भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आत्मिक शुद्धि और सकारात्मक जीवन जीने की प्रेरणा देने वाला माध्यम है। कथा में बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। श्रद्धालुओं के विशेष आग्रह पर संकट मोचन हनुमान मंदिर समिति ने प्रवचन कार्यक्रम को एक दिन और बढ़ाने का निर्णय लिया।

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने (1) श्री महेश आंजना पिता श्री मांगीलाल, (2) नीतू पिता श्री मांगीलाल, (3) श्रीमती हर कुंवर पति श्री मांगीलाल निवासी ग्राम दुदर्सी, तहसील व जिला उज्जैन म.प्र. से उनके मालकी व आधिपत्य की भूमि सर्वे क्रमांक 50 रकबा 0.52 हेक्टेयर भूमि स्थित ग्राम रामगढ, तहसील घटिया व जिला उज्जैन म.प्र. को क्रय करने का सौदा तय कर लिया होकर उन्हें बयाना राशि अदा कर दी है तथा उपरोक्त भूमि के विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। यदि उपरोक्त भूमि के संबंध में किसी भी संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक, पेढ़ी अथवा प्रायवेट व्यक्ति का कोई बोझ या ऋण बकाया हो या भूमि के संबंध में किसी भी न्यायालय या फोरम में कोई वाद-विवाद विचाराधीन हो अथवा भूमि में किसी भी अन्य व्यक्ति का कोई स्वत्व या हित निहित हो या भूमि के विक्रय होने में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मय दस्तावेजी प्रमाण के प्रत्यक्ष रूप से मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर मुझसे संपर्क कर लेवें। अन्यथा बाद मियाद गुजरने के सूचना मेरे पक्षकार द्वारा कृषि भूमि का शेष विक्रय मूल्य अदा कर उसके विक्रय पत्र का पंजीयन करवा लिया जाएगा। तत्पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो। दिनांक 12/06/2026

**सर्विस प्रोवाईडर - सुमित बावेजा**
**सी-22/19, महाकाल वाणिज्यिक केन्द्र, नानाखेडा, उज्जैन**
**मोबाईल नं. 8770336766**

### जाहिर सूचना का खण्डन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मेरे पक्षकार ने जिला व तहसील उज्जैन में बने ओम साई ओम मल्टी फ्लैटेड टाऊनशीप में बने अपार्टमेंट डायमंड बी की पहली मंजिल पर स्थित आवासीय फ्लैट क्रमांक 101 का सौदा वर्तमान स्वामी श्री सुशील पिता भैरूलाल शर्मा निवासी 4, मक्सी रोड भारत पेट्रोल पम्प के पास पंवासा उज्जैन (म.प्र.) से किया था जिसके संबंध में दैनिक समाचार पत्र दैनिक अवन्तिका में मेरे द्वारा दिनांक 23.5.26 को जाहिर सूचना प्रकाशित करवाई गई थी परन्तु अपने-अपने निजी कारणों से मेरे पक्षकार एवं वर्तमान फ्लैट स्वामी ने आपसी सहमति से उक्त सौदा निरस्त करने का निर्णय किया है। इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा वर्तमान फ्लैट स्वामी को दी गई अंश राशि वर्तमान स्वामी से मेरे पक्षकार प्राप्त कर अंश राशि की वापसी की रसीद वर्तमान फ्लैट स्वामी मेरे द्वारा प्राप्त करे। उक्त सौदे की अंश राशि वापसी के पश्चात सौदा निरस्त माना जावे। इति दिनाकः-11/6/2026

**हर्ष गेहलोत हायकोर्ट एडवोकेट**
**पता- 42, मालीपुरा, उज्जैन में मोबा. 79743-88852**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने 1. भेरूसिंह पिता अम्बाराम 2. लालसिंह पिता अम्बाराम 3. ललिताबाई बेवा अम्बाराम 4. सीताबाई पुत्री अम्बाराम समस्त जाति ठाकुर निवासीगण ग्राम बामोरा तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व एंव आधिपत्य की भूमि सर्वे क्रमांक 117 रकबा 1.5100 हेक्टर में से 0.2000 हेक्टर जिसके पूर्व में- ग्राम बामोरा प.ह.न.0004 तहसील व जिला उज्जैन में स्थित है को मय तला व हवाई हक सहित क्रय करने का सौदा किया होकर टोकन राशि अदा कर सौदा चिट्ठी का सम्पादन करवा लिया है तथा अनुबंध पत्र का सम्पादन करवाया जाना है और अनुबंध पत्र अनुसार शेष राशि अदाकर विक्रय पत्र का निष्पादन करवाया जाना शेष है। यदि उक्त भूमि में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत अनुबंध पत्र निष्पादन के पश्चात विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। इति दिनांक :- 11-06-2026 उज्जैन

**श्रीमती नीलम अग्रवाल (एडवोकेट) एम.ए.एल.एल.बी.**
**ऑफिस क्रमांक डी-5, भरतपुरी कॉम्पलेक्स, पुराना आर.टी.ओ. ऑफिस के पीछे उज्जैन मोबा. 98264-44002**

### कार्यालय उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन

विशाला भवन, भरतपुरी प्रशासनिक क्षेत्र, देवास रोड उज्जैन, 456010
सम्पर्क - 0734 2511048, फेक्स 0734 2511047

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की त्रिवेणी विहार योजना मे स्थित भूखण्ड क्रमांक सी-9/4 श्रेणी ई.डब्ल्यू.एस. श्री नरेन्द्र सिंह पालावत पिता श्री शैलेन्द्र सिंह, निवासी-1015/1, ग्राम मेघनगर, जिला झाबुआ (म.प्र.) के नाम पर दिनांक 19.05.2014 को लीज आधार पर आवासीय उद्देश्य हेतु आवंटित किया गया हैं।

आवंटी श्री नरेन्द्र सिंह पालावत पिता श्री शैलेन्द्र सिंह, निवासी-1015/1, ग्राम मेघनगर, जिला झाबुआ (म.प्र.) के द्वारा उक्त सम्पत्ति के विक्रय/अंतरण हेतु वांछित दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति का अंतरण श्री सत्यकिशोर लाल गुन्जन पिता श्री अखिलानन्द लाल, निवासी-ए-11/9, एम.आय.जी., वसंत विहार, उज्जैन (म.प्र.) के नाम पर किये जाने हेतु निवेदन किया गया हैं।

अतः आवंटी द्वारा यदि अन्य किसी भी व्यक्ति / बैंक/वित्तीय संस्था आदि को उक्त सम्पत्ति का सौदा किया गया हो या रहन/ गिरीवी/मार्टगेज रखी गई हो अथवा उक्त संपत्ति विक्रय/अंतरण में किसी अन्य को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन तिथि के 07 दिवस में मय ठोस प्रमाण (प्रमाणित दस्तोवज) के लिखित रूप में सम्पदा शाखा में नियत अवधि के पूर्व प्रस्तुत कर आवेदन पत्र की पावती प्राप्त करें अन्यथा निर्धारित समयावधि पश्चात प्राधिकरण द्वारा विक्रय / अंतरण अनुमति दिये जाने की कार्यवाही की जावेगी।

**सहायक सम्पदा अधिकारी**
**उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन**

### कार्यालय उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन

विशाला भवन, भरतपुरी प्रशासनिक क्षेत्र, देवास रोड उज्जैन, 456010
सम्पर्क - 0734 2511048, फेक्स 0734 2511047

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की त्रिवेणी विहार योजना मे स्थित भूखण्ड क्रमांक सी-9/5 श्रेणी ई.डब्ल्यू.एस. कु. युक्ता काविया पिता श्री ज्ञानसिंह काविया, निवासी-168, राजीव गाँधी नगर, उज्जैन (म.प्र.) के नाम पर दिनांक 02.04.2014 को लीज आधार पर आवासीय उद्देश्य हेतु आवंटित किया गया हैं।

आवंटी कु. युक्ता काविया पिता श्री ज्ञानसिंह काविया, निवासी-168, राजीव गाँधी नगर, उज्जैन (म.प्र.) के द्वारा उक्त सम्पत्ति के विक्रय/अंतरण हेतु वांछित दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति का अंतरण श्री सत्यांश लाल गुन्जन पिता श्री सत्यकिशोर लाल गुन्जन, निवासी-ए-11/9, एम.आय.जी., वसंत विहार, उज्जैन (म.प्र.) के नाम पर किये जाने हेतु निवेदन किया गया हैं।

अतः आवंटी द्वारा यदि अन्य किसी भी व्यक्ति / बैंक / वित्तीय संस्था आदि को उक्त सम्पत्ति का सौदा किया गया हो या रहन / गिरीवी/ मार्टगेज रखी गई हो अथवा उक्त संपत्ति विक्रय/अंतरण में किसी अन्य को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन तिथि के 07 दिवस में मय ठोस प्रमाण (प्रमाणित दस्तोवज) के लिखित रूप में सम्पदा शाखा में नियत अवधि के पूर्व प्रस्तुत कर आवेदन पत्र की पावती प्राप्त करें अन्यथा निर्धारित समयावधि पश्चात प्राधिकरण द्वारा विक्रय / अंतरण अनुमति दिये जाने की कार्यवाही की जावेगी।

**सहायक सम्पदा अधिकारी**
**उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने अजय बराया पिता श्री मुन्नालालजी बराया, निवासी- 137, कमल कालोनी, उज्जैन से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक मकान नंबर 4 जो भूमि सर्वे नंबर 1149 रकबा 0-449 हेक्टर का भाग होकर स्थित कमल कालोनी, अंकपात मार्ग, उज्जैन में स्थित होकर को क्रय करने का लिखित अनुबंध किया होकर बयाना राशि अदा कर दी है तथा शीघ्र ही शेष राशि अदा कर रजिस्ट्री बयनामा संपादित कराया जाना है यदि उक्त भूखण्ड या उसके किसी भाग पर किसी भी बैंक, संस्था, अथवा निकाय का कोई ऋण भार हो या अन्य किसी प्रकार से लेख आदि किया हुआ हो तो वे इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि में अपनी लेखी आपत्ति मय प्रमाण के मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें अन्यथा बाद व्यतित होने अवधि मेरे पक्षकार शेष राशि अदा कर रजिस्ट्री बयनामा अपने हित में संपादित करा लेवेगें तत्पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी तथा समस्त लेख मेरे पक्षकार के मुकाबले प्रभावहीन एवं शून्य माने जावेगे। इति दिनांक- 11/06/2026 उज्जैन

**कैलाशचन्द्र बंसल एडवोकेट**
**कार्यालय-146, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन मो. 98260-50947**

### जाहिर सूचना का खण्डन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 08.06.2026 को दैनिक समाचार पत्र दैनिक अवंतिका मे अभिभाषक श्री निखिल तलाज एडवोकेट बडनगर जिला उज्जैन द्वारा मेरे पक्षकार श्री प्रमोदकुमार जैन पिता स्व० समीरमलजी जैन निवासी 19/2 अरविंदपथ बडनगर जिला उज्जैन के स्वामीत्व एवं आधिपत्य के भवन मकान नगरपालिका गृह क्रमांक 19/2 स्थित अरविंद पथ बडनगर जिला उज्जैन के सम्बंध मे भवन को किसी भी रिती से क्रय नहीं करने, किराये पर प्राप्ती नही करने व आधिपत्य प्राप्त नही करने तथा भारग्रस्त नही करने के सम्बंध में पूर्ण रूप से एक असत्य एवं मिथ्या जाहिर सूचना का प्रकाशन करवाया है जिसका खंडन इस प्रकार है कि उपरोक्त भवन मकान नगरपालिका गृह क्रमांक 19/2 स्थित अरविंद पथ बडनगर जिला उज्जैन जोकि पूर्व मे मेरे पक्षकार के पिता समीरमल पिता सागरमल जैन के स्वामीत्व एवं आधिपत्य का था तथा उनकी मृत्यु के पश्चात उनके वैध उत्तराधिकारी पुत्र प्रमोदकुमार पिता स्व. समीरमलजी जैन के स्वामीत्व एवं आधिपत्य का है, उस पर अतुलकुमार पिता ज्ञानचंदजी जैन द्वारा षड्यंत्रपूर्वक एक फर्जी, अवैध, कुटरचित वसीयतनामा के आधार पर मेरे पक्षकार के साथ धोखाधडी व छलकपट करते हुए नगरपालिका परिषद् बडनगर के अधिकारी व कर्मचारीयो के साठगाठ कर व्यवहार न्यायालय बडनगर के प्रकरण क्रमांक RCSA/175/2022 विचाराधिन होते हुए तथा उक्त वाद मे न्यायालय का स्थगन होने के उपरांत भी अपना नाम दर्ज करवा लिया है जिसके सम्बंध मे मेरे पक्षकार द्वारा नगरपालिका परिषद् बडनगर व अतुलकुमार जैन के विरूद्ध न्यायालय के आदेश का उल्लंघन करने हेतु एक प्रकरण बडनगर न्यायालय मे प्रस्तुत किया है जोकि प्रकरण क्रमांक MJC/36/2024 प्रमोदकुमार विरूद्ध मुख्य नगरपालिका अधिकारी आदि पर दर्ज होकर न्यायालय मे विचाराधिन है। इसके अतिरिक्त उक्त वसीयतनामा को निरस्त किये जाने हेतु मेरे पक्षकार प्रमोदकुमार जैन द्वारा अतुलकुमार के विरूद्ध एक व्यवहार वाद बडनगर न्यायालय मे प्रस्तुत किया है जोकि प्रकरण क्रमांक RCSA/29/2025 प्रमोदकुमार विरूद्ध अतुलकुमार पर दर्ज होकर विचाराधिन है तथा उक्त प्रकरण मे मेरे पक्षकार प्रमोदकुमार जैन का उक्त संपत्ती मकान नगरपालिका गृह क्रमांक 19/2 स्थित अरविंद पथ बडनगर जिला उज्जैन के संपूर्ण भाग पर आधिपत्य मानकर न्यायालय द्वारा स्थगन प्रदान किया गया है व मेरे पक्षकार को उक्त संपत्ती का उपयोग, उपभोग करने के अधिकार न्यायालय द्वारा प्रदान किये गये है तथा आज भी उक्त संपत्ती पर मेरे पक्षकार प्रमोदकुमार जैन का ही एकमात्र आधिपत्य है तथा उक्त संपत्ती को मेरे पक्षकार को हर प्रकार से उपयोग, उपभोग करने के वैधानिक अधिकार प्राप्त है । अतुलकुमार जैन पिता ज्ञानचंदजी जैन द्वारा झुठी व भ्रामक जाहिर सूचना का प्रकाशन करवाकर मेरे पक्षकार की छवि को प्रभावित करते हुए उन्हे मानसिक व आर्थिक रूप से क्षति पहुचाने व उक्त संपत्ती के उपयोग, उपभोग मे व्यवधान उत्पन्न करने के उद्देश्य से रंजिश के कारण दिनांक 08.06.2026 को जाहिर सूचना प्रकाशित करवाई है जिसका मेरे पक्षकार पूर्ण रूप से खंडन करते है ।

अतः इस जाहिर सूचना खंडन के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 08.06.2026 को भवन क्रमांक 19/2 स्थित अरविंदपथ बडनगर जिला उज्जैन के सम्बंध मे अभिभाषक श्री निखिल तलाज द्वारा प्रकाशित जाहिर सूचना पत्र को किसी भी प्रकार से सही नही माना जावे तथा उक्त संपत्ती के सम्बंध मे उक्त जाहिर सूचना के आधार पर कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार की कोई अफवाह व भम्र नही फैलावे अन्यथा मेरे पक्षकार ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही करने हेतु हर प्रकार से स्वतंत्र रहेंगे जिसमे होने वाले संपूर्ण परिणामो का एकमात्र दायित्व सम्बंधित व्यक्ति का रहेगा । सूचित हो । दिनांक 12.06.2026

**सूर्यकुमार परमार, एडवोकेट**
**39/20 मंगलम परिसर, बडनगर जिला उज्जैन (म.प्र.)**
**मो. 9977060138**

## दिग्विजय बोले- सीट चोरी में सुप्रीम कोर्ट भी शामिल

**भोपाल।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने राज्यसभा उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन खारिज होने के मामले में सुप्रीम कोर्ट, चुनाव आयोग और सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। दिग्विजय ने कहा कि यह मिली-जुली चोरी है और इसमें सुप्रीम कोर्ट भी शामिल है। उनके इस बयान पर मप्र के खेल मंत्री विश्वास सारंग ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट को चोर कहना न्यायपालिका का अपमान है और दिग्विजय सिंह के खिलाफ कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। मीनाक्षी नटराजन की याचिका पर सुनवाई टलने के बाद दिग्विजय सिंह ने न्यूज एजेंसी पीटीआई से कहा कि उन्हें पहले से आशंका थी कि ऐसा ही होगा। उन्होंने कहा, मालूम था कि जब चोरी हुई है तो चोरी में सभी शामिल हैं। केवल राज्य सरकार नहीं, केंद्र सरकार, चुनाव आयोग और मुझे कहना पड़ रहा है कि सुप्रीम कोर्ट भी। जब सुप्रीम कोर्ट को मालूम था कि हमारी याचिका चार बजे के बाद निष्प्रभावी हो जाएगी तो आज सुनवाई क्यों नहीं की गई, कल की तारीख क्यों लगाई गई। यह सब मिली-जुली चोरी है।

## युवती की AI से न्यूड फोटो बनाकर शेयर की

**ग्वालियर।** ग्वालियर के थाटीपुर इलाके में साइबर ब्लैकमेलिंग का मामला सामने आया है। 24 साल की युवती ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) की मदद से उसकी फर्जी न्यूड तस्वीरें बनाकर सोशल मीडिया और व्हाट्सएप पर वायरल कर दीं। इसके बाद आरोपी ने फोन कर एक लाख रुपए की मांग की और पैसे नहीं देने पर और ज्यादा लोगों तक तस्वीरें भेजने की धमकी दी। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि 21 मई से 10 जून के बीच उसे लगातार एक मोबाइल नंबर से कॉल आए। कॉल करने वाले ने दावा किया कि उसके पास युवती की आपत्तिजनक तस्वीरें हैं। बाद में उसने व्हाट्सएप पर कुछ तस्वीरें भेजीं, जिन्हें देखकर युवती हैरान रह गई। उसका कहना है कि ये तस्वीरें पूरी तरह फर्जी हैं और तकनीक से तैयार की गई हैं।

## खाद की कालाबाजारी की सूचना दें, 1000 का इनाम पाएं

**भोपाल।** खरीफ सीजन की शुरुआत के साथ ही किसानों को खाद की कालाबाजारी, नकली खाद और अवैध भंडारण से बचाने के लिए प्रदेश सरकार ने नई पहल की है। अब यदि कोई किसान या आम नागरिक खाद की कालाबाजारी, अधिक कीमत पर बिक्री, नकली खाद या अवैध भंडारण की सूचना देता है और जांच में शिकायत सही पाई जाती है, तो उसे 1000 का प्रोत्साहन पुरस्कार दिया जाएगा। कृषि विभाग ने पूरे मध्यप्रदेश में इन्फॉर्मर इंसेंटिव स्कीम लागू की है। योजना के तहत किसानों और आम लोगों की मदद से खाद से जुड़े अवैध कारोबार पर निगरानी रखी जाएगी। सरकार का मानना है कि खरीफ सीजन में खाद की मांग बढ़ने के साथ कालाबाजारी और नकली खाद की बिक्री की आशंका भी बढ़ जाती है, इसलिए लोगों की भागीदारी जरूरी है।

## ट्रम्प की धमकी- ईरान पर सबसे बड़ा हमला करेंगे

**तेल अवीव/तेहरान।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने ईरान पर हमले नई धमकी दी है। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका गुरुवार रात ईरान पर बड़ा हमला करेगा। उनका दावा है कि ईरान की ज्यादातर सैन्य ताकत पहले ही कमजोर हो चुकी है। ट्रम्प ने यह भी कहा कि आने वाले दिनों में अमेरिका ईरान के सबसे बड़े ऑयल एक्सपोर्ट सेंटर खार्ग आइलैंड और दूसरे अहम तेल-गैस ठिकानों पर वेनेजुएला के जैसे कब्जा करेगा। खार्ग आइलैंड को ईरान के तेल निर्यात का सबसे बड़ा सेंटर माना जाता है।


**PUBLIC NOTICE**

NOTICE is hereby given on behalf of my client, Mr. Shabbirhusain Mohammedhusain Kanchwala, an adult, Indian Inhabitant, having address at 1901-1903, Bay View Building No. 2, 132 Mathar Pakhadi Road, Mazgaon, Mumbai, Maharashtra (hereinafter referred to as "my client"), regarding the movable property described herein below:

MOVABLE PROPERTY: Funds lying in Bank of Baroda, 15, Tilak Marg Branch, Gali No - 12, Kshir Sagar Colony, MP, Ujjain - 456006, standing in the name of Late Mrs. Kulsumbai Mohamed Hussain, who passed away leaving behind the aforesaid funds as part of her estate (hereinafter referred to as "the said Bank Account").

My client states that Late Ms. Kulsum Mohammed Hussain is survived by her legal heirs, namely: (1) Ms. Kulsum Mohammedzaki Indorewala (daughter), (2) Mr. Asgarali Mohammedhusain Kanchwala (son), (3) Ms. Yasmin Mansoor Nulwala (daughter), and (4) Mr. Shabbirhusain Mohammedhusain Kanchwala (son, my client). All other surviving legal heirs of the deceased, being heirs No. 1 to 3 above, have voluntarily, absolutely and irrevocably relinquished, released and surrendered all their rights, title, interest and claim in respect of the said Bank Account in favour of my client, by way of a duly notarised Affidavit- cum-Undertaking executed on 23rd May, 2026, and have further given their full and unconditional No Objection for the transfer and release of the funds in the said Bank Account solely in the name of my client.

My client, being the absolute and exclusive person entitled to the funds in the said Bank Account by virtue of the aforesaid Affidavit-cum-Undertaking, intends to apply to the concerned bank and authorities for transmission and release of the said funds in his favour.

Any person or legal heir having any right, title, interest or claim in respect of the said Bank Account, whether by way of inheritance, nomination, court order, decree, assignment, or any other manner, is hereby called upon to submit such claim in writing with supporting documentary evidence to the under-signed advocate at the address given below, within 15 (fifteen) days from the date of publication of this notice.

If no claim is received within the aforesaid period, it shall be conclusively presumed that no such claim exists or that the same has been waived, and my client shall proceed with the necessary legal formalities for release of the funds in the said Bank Account without any further notice.

**Place: Mumbai**
Dated this **12th** day of **June, 2026**

**For M/s. Ammar A K Legal Solutions**
**Sd/-**
**Ammar Kanorwala - Advocate**
Email: ammaraklegalsolutions@gmail.com
Mob: +91 9820597552


# बाड़े की दीवार तोड़कर मुर्रा भैंस चुराने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार, 11 लाख का मशरूका जब्त

**शाजापुर।** जिला पुलिस कप्तान द्वारा संपत्ति संबंधी अपराधों और चोरों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कालापीपल थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने क्षेत्र के कोहड़ी गांव में हुई पशु चोरी के मामले का चंद दिनों में पर्दाफाश करते हुए तीन शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों के कब्जे से चोरी गई कीमती मुर्रा भैंस, एक पाड़ी और वारदात में इस्तेमाल किया गया बोलेरो पिकअप वाहन जब्त किया गया है। जब्त किए गए कुल मशरूके की कीमत करीब 11 लाख 30 हजार रुपये आंकी गई है। पकड़ा गया एक आरोपी पचोर क्षेत्र का हिस्ट्रीशीटर है, जिसके खिलाफ पूर्व में हत्या और हत्या के प्रयास जैसे कई संगीन मामले दर्ज हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गत 7 जून को कोहड़ी निवासी फरियादी राजकुमार पिता गंगाधर चन्द्रवंशी ने थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात बदमाशों ने




उसके बाड़े की दीवार और खिड़की तोड़कर अंदर बंधी करीब 90 हजार रुपये की मुर्रा भैंस और 40 हजार रुपये कीमत की एक पाड़ी चोरी कर ली है। फरियादी की रिपोर्ट पर कालापीपल पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया था।

गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक शाजापुर के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) शुजालपुर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उप निरीक्षक रवि भंडारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने मुखबिर तंत्र की मदद से अथक प्रयास करते हुए कंजरपुरा पचोर निवासी बसंत पिता सोहन हाड़ा 33, मेला ग्राउंड पचोर निवासी अजय योगी पिता रमेशचन्द्र योगी 20 और कंजरपुरा निवासी आजाद पिता सीताराम 40 को घेराबंदी कर दबोच लिया। पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी गई भैंस व पाड़ी सहित वारदात में प्रयुक्त बोलेरो पिकअप वाहन जब्त किया, जिसकी कीमत करीब 10 लाख रुपये है। पुलिस ने बताया कि आरोपी बसंत शातिर अपराधी है, जिसके विरुद्ध पूर्व से ही विभिन्न थानों में हत्या और हत्या के प्रयास सहित चोरी के कई गंभीर मामले दर्ज हैं। इस सराहनीय कार्रवाई में थाना प्रभारी रवि भंडारी, उप निरीक्षक मुनेश्वर राम भगत, प्रधान आरक्षक विशाल पटेल, विवेक गोस्वामी, वीरेन्द्र शर्मा, सतीश रावत सहित आरक्षक नयन यादव, वेद प्रकाश, सुमित पटेल, सतीश गौतम, अर्जुन दांगी और महिला आरक्षक नीलम परमार की मुख्य भूमिका रही।

## भाई की मौत के सदमे में वृद्धा ने खाया जहर, उपचार के दौरान तोड़ा दम

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर

भाई के निधन का गहरा सदमा एक बहन बर्दाश्त नहीं कर पाई और उसने भी जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। मामला पोलायकलां तहसील के ग्राम भेरूपुरा का है, जहां 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला ने अपने भाई की मौत से व्यथित होकर सल्फास की गोली खा ली। गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। गुरुवार सुबह जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### कुछ समय पहले भाई ने भी की थी खुदकुशी

जानकारी के अनुसार, मृतका की पहचान सुंदरबाई 70 वर्ष पति भागीरथ सिंह, निवासी ग्राम भेरूपुरा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि कुछ समय पूर्व सुंदरबाई के भाई ने भी अज्ञात कारणों के चलते सल्फास का सेवन कर लिया था, जिससे उनकी मौत हो गई थी। इकलौते भाई की अचानक हुई इस मौत के बाद से सुंदरबाई गहरे मानसिक तनाव और अवसाद में थीं। भाई की मौत के गम में डूबी सुंदरबाई ने इसी तनाव के चलते घर में रखी सल्फास की गोली गटक ली। तबीयत बिगड़ते ही परिजनों को घटना की भनक लगी, जिसके बाद वे आनन-फानन में उन्हें भेरूपुरा से शाजापुर लेकर पहुंचे। महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें शहर के एक निजी अस्पताल में आईसीयू में भर्ती कराया गया था, लेकिन तमाम प्रयासों के बाद भी डॉक्टर उन्हें बचा नहीं सके और उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। फिलहाल पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू की है।

# मैरिज गार्डन विवाद में घायल बुजुर्ग की मौत

### 5 नामजद सहित अन्य पर हत्या का केस दर्ज

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर

शहर के हाट मैदान स्थित अपना मैरिज गार्डन में बीते दिनों हुए खूनी संघर्ष में घायल इंदौर के एक बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत हो गई। बुजुर्ग की मौत के बाद कोतवाली पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों के खिलाफ सीधे हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने 5 आरोपियों को नामजद किया है, जबकि 4-5 अन्य अज्ञात हमलावरों की तलाश की जा रही है। घटना के बाद से ही सभी आरोपी फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।

**लड़का-लड़की के विवाद को लेकर बुलाई गई थी बैठक-** जानकारी के अनुसार बीती 31 मई को मैरिज गार्डन में इंदौर और शाजापुर के दो पक्षों के बीच लड़का-लड़की से जुड़े एक पारिवारिक विवाद को सुलझाने के लिए बैठक बुलाई गई थी। बातचीत के दौरान अचानक दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई और विवाद इतना बढ़ गया कि लाठी-डंडों से मारपीट शुरू हो गई। इस हमले में इंदौर से आए 64 वर्षीय बुजुर्ग मकसूद गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें इंदौर रेफर कर दिया था। इंदौर के अस्पताल में इलाज के दौरान बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया।

चूंकि बुजुर्ग मकसूद की मौत इंदौर के अस्पताल में हुई थी, इसलिए नियमानुसार इंदौर पुलिस ने शून्य पर मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया। इसके बाद केस से जुड़ी डायरी शाजापुर की कोतवाली पुलिस को भेजी गई। कोतवाली पुलिस ने मर्ग डायरी और शुरुआती जांच के आधार पर बुधवार रात करीब 8 बजे मामले को हत्या की धाराओं में तब्दील कर दिया। मृतक के बेटे के बयानों और जांच के आधार पर कोतवाली पुलिस ने पांच मुख्य आरोपियों को नामजद किया है, जिनमें अनस और जुनेद निवासी गिरवर रोड, शाजापुर, आदिल पिता खालिद, निवासी सीहोर, माजिद खान, मुनाफ पिता माजिद खान, निवासी मंसूरी कॉलोनी, शाजापुर शामिल हैं। इनके अलावा घटना में शामिल 4 से 5 अन्य अज्ञात लोगों को भी आरोपी बनाया गया है।

### इनका कहना है...

बुजुर्ग की मौत के बाद मर्ग डायरी के आधार पर 5 नामजद सहित अन्य के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। वारदात के बाद से ही आरोपी अपने घरों से फरार हैं। पुलिस की अलग-अलग टीमें गठित कर दी गई हैं, जो आरोपियों के संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही हैं। जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**संतोष वाघेला**
**थाना प्रभारी, कोतवाली शाजापुर**

## सीएमओ की नियुक्ति का किया अनुरोध

**गुना।** विगत दिनांक 9 जून को भोपाल में, जिला प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत से भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं पूर्व पार्षद अरविंद गुप्ता एवं आलोक विजयवर्गीय ने सौजन्य भेंट की एवं नगर पालिका गुना में विगत 20 दिन से मुख्य नगर पालिका अधिकारी का पद रिक्त होने से आ रही समस्याओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया। पूर्व पार्षद एवं भाजपा नेता अरविंद गुप्ता ने बताया कि नगर पालिका में कर्मचारियों का वेतन भुगतान नहीं होंने से कर्मचारियों द्वारा दिनांक 8 जून को नपा अध्यक्ष को ज्ञापन दिया है। साथ ही वर्तमान में गुना नगर में राष्ट्रीय संत श्री सुधा सागर महाराज भी पधारे हैं एवं प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु देश-विदेश से गुना में आ रहे हैं, ऐसे में नगर पालिका द्वारा दी जाने वाली आवश्यक सेवाएं भी प्रभावित हो रही है। सहित शासन की जन कल्याणकारी योजनाएं भी बुरी तरह प्रभावित हो रही है।


## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है भुमि स्वामी कृषक (1) गोकुलसिंह पिता नागुसिंह जी जाति राजपुत (2) गोरधनसिंह पिता नागुसिंह जी जाति राजपुत (3) तकेसिंह पिता नागुसिंह जी जाति राजपुत (4) गोपालबाई पिता नागुसिंह जी जाति राजपुत (5) लीलाबाई बेवा गजराजसिंह जी जाति राजपुत (6) प्रथ्वीराज पिता गजराजसिंह जी जाति राजपुत (7) रचना पिता गजराजसिंह जी जाति राजपुत (8) उमा पिता गजराजसिंह जी जाति राजपुत (9) भावना पिता गजराजसिंह जी जाति राजपुत निवासी ग्राम ईलमखेडी तहसील माकडौन (तराना) जिला उज्जैन के अपने अपने हिस्सम स्वामित्व आधिपत्य की कृषि भूमि ग्राम ईलमखेडी तहसील माकडौन (तराना) जिला उज्जैन में भुमि सर्वे नम्बर 102/6 रर्कबा 0.12 हेक्टेयर में से पैकी रकबा 0.04 हेक्टेयर भुमि कुल सर्वे नम्बर 01 कुल रकबा 0.04 हेक्टेयर भुमि स्थित है, इस भूमि को मय मौजूदा हक्क अधिकार, सुखाधिकार सहित विक्रय करने का करार भूमि स्वामी ने मेरे पक्षकार से करके एवं विक्रय मूल्य पेटे बयाना राशि मेरे पक्षकार से प्राप्त कर बिक्री अनुबंध पत्र मेरे पक्षकार के हित में संपादित कर दिया है, निकट भविष्य में उपरोक्त वर्णित भूमि का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार अपने हित में संपादित करवाने जा रहे है, उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि के हक्क, आधिपत्य, हिस्से, भरण पोषण के अधिकार या स्वत्व के संबंध में किसी प्रकार का दावा झगड़ा हो अथवा किसी प्रकार का ऋण भार, बोझ किसी व्यक्ति विशेष, वित्तीय संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक अथवा शासन का उक्त वर्णित कृषि भूमि पर बकाया हो तो इस जाहीर सुचना के प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस की अवधि में मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर मय प्रमाण के अपनी आपत्ति दर्ज करावें, दी गई म्याद के उपरांत मेरे पक्षकार उपरोक्त भूमि का विक्रय पत्र अपने हित मे संपादित करवायेगे, म्याद उपरांत किसी की कोई आपत्ति या दावा झगडा मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नही होगा। यह सूचित हो । दिनांक 11.6.2026

**रवि प्रजापति अभिभाषक तराना**
**कार्यालय समय सुबह 10 बजे से**
**शाम 4:30 बजे तक**
**मो.नं. 8827905460**

## नाम परिवर्तन सूचना

मैंने अपना नाम मनोज कुमार तनेजा से मनोज तनेजा कर दिया है। कृपया आगे से मुझे मनोज तनेजा के नाम से जाना जाए।

**मनोज तनेजा**
**3/4 महानंदा नगर उज्जैन पिन कोड 456010**
**मो. 8989556249**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूखण्ड क्रमांक 06 जो कि भूमि सर्वे नंबर 113/मिन-1 रकबा 0.627 का भाग होकर पंवासा, अंदर की ओर, मक्सी रोड़, उज्जैन (म.प्र.) में स्थित हैं, जिसका कुल क्षेत्रफल 69.67 वर्गमीटर अर्थात 750.00 वर्गफीट हैं। उपरोक्त वर्णित भूखण्ड को मेरे पक्षकार ने भूखण्ड स्वामी 1. जावेद राईन पिता श्री अनवर राईन 2. आबिद राईन पिता मोहम्मद राईन, निवासी-209/2, आर.एन.टी. मार्ग, अब्दालपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से क्रय करने का अनुबंध कर भूखण्ड़स्वामी को टोकन राशि अदा कर दी हैं, जल्द ही बयाना राशि/ शेष राशि अदा कर अनुबंध-पत्र / विक्रय पत्र का पंजीयन करवाया जाना हैं। उक्त भूखण्ड़ पर किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढी, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व, हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बख्शीश आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 दिन में आपत्ति मय प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त संपत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उक्त अवधि गुजर जाने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

इति दिनांक 11/06/2026

**दीपिका सावरकर, अभिभाषक**
**कार्यालय-दुकान संख्या-ए-17 भरतपुरी कॉम्प्लेक्स, उज्जैन ( मध्य प्रदेश ) मो. 98272-99159**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्रीमती चंदाबाई पति हरिसिंह निवासी प्रेमनगर ग्राम चंदेसरी तहसील व जिला उज्जैन से उनके स्वामित्व एव आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नंबर 57/2 रकबा 0.40 हेक्टर भूमि स्थित ग्राम आलमपुर उडाना तहसील व जिला उज्जैन मे स्थित है संपूर्ण को संपूर्ण स्वत्वो मय जमीन तला व हवाई हक सहित क्रय करने का करार होकर आंशिक राशि भी उन्हे अदा कर दी होकर सौदा चिट्ठी संपादित की गई है तथा शीघ्र ही शेष राशि अदा कर भूमि के अनुबंध पत्र / विक्रय पत्र का संपादन अपने हित. में करवाया जाना है। उक्त भूमि पर यदि किसी भी व्यक्ति संस्था, शासन, या बैंक अथवा अन्य का बकाया हो अथवा उक्त भूमि किसी को रहन, या अन्य किसी भी प्रकार से अंतरित या ऋण भारित की हुई हो या किसी भी व्यक्ति की कोई लेनदारी आदि हो तो इस सूचना प्रकाशन से (7) सात दिवस की अवधि में भय लिखित प्रमाण मुझसे आकर गेरे कार्यालयीन समय में संपर्क करें एवं अपना दावा रखें अन्यथादशा में बाद व्यतित होने अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि के विक्रय पत्र का संपादन अपने हित में करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो। इति दिनांक 11.6.2026

**संजय बसंल एडवोकेट**
**सी-5 भरतपुरी प्रशासनिक प्रक्षेत्र आर.टी.ओ. कार्यालय के पिछे देवास रोड उज्जैन समय सुबह 11.00 से 07.00 बजे**
**मोबाईल 9827792292**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, हमारे पक्षकार ने विक्रेता मंगलसिंह पिता भुवानसिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम कांकरिया बोर्डिया तहसील सांवेर जिला इंदौर म.प्र. कृषक ग्राम रावदिया कलां तहसील बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. द्वारा भूमि सर्वे क्र. 475 रकबा 2.6500 हे. ग्राम रावदिया कलां तहसील बड़नगर जिला उज्जैन म.प्र. को क्रय करने का सौदा कर लिया है तथा बयाना राशी भी विक्रेतागण को अदा कर दी है एवं विक्रय पत्र का सम्पादन करना शेष है इस सम्बन्ध में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, यदि उक्त भूमि तथा विक्रय सौदे से सम्बंधित कोई आपत्ति हो या संपत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था आदि का कोई लेना देना बकाया हो या उक्त संपत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या उक्त संपति कही पर बंधक हो या उक्त संपत्ति के सम्बन्ध में कोई विवाद हो या कोई न्यायालयीन विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को कोई आपत्ति हो या उक्त मूल दस्तावेज कही जमा हो बंधक हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप में मेरे कार्यालय में दर्ज करावे ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सके अन्यथा बाद मियाद जाहिर सूचना के किसी भी आपत्ति पर विचार ना करते हुए मेरा पक्षकार विक्रय पत्र सम्पादित एवं निष्पादित करा लेवेगा तथा मियादित अवधि के पश्चात कोई आपत्ति बंधनकारक एवं मान्य नहीं रहेगी।

सूचित हो। दिनांक 11/06/2026

**लोकेन्द्र पटेल ( अभिभाषक )**
**161, राधाकृष्ण कॉलोनी बडनगर जिला उज्जैन म.प्र.**
**मो. 7999800300**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार के द्वारा कृष्ण वल्लभ पिता राजाभाउ निवासी कांकरिया चीराखान उज्जैन से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नं. 340/1 रकबा 0.1200 हैं. भूमि स्थित ग्राम कांकरिया चीराखान तहसील व जिला उज्जैन की भूमि कों क्रय करनें का सौदा आज दिनांक 12.06.26 कों कर लिया गया है जिसके संबंध में एक विक्रय अनुबंध पत्र भी संपादित किया गया है तथा बयाना पैटे राशी भी अदा की गई है। उक्त संपत्ति हर प्रकार के ऋण भार से मुक्त होकर उक्त भूमि पर किसी अन्य का कोई स्वत्व हित या अधिकार नहीं है। उक्त भूमि कृष्ण वल्लभ उपाध्याय के एकल स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि है जिसें विक्रय करनें का उन्हें पुर्ण अधिकार प्राप्त है। उपरोक्त वर्णित कृषि आराजी पर किसी व्यक्ति अथवा संस्था आदि का कोई स्वत्व हित या अधिकार हो अथवा किसी व्यक्ति अथवा वित्तीय संस्था, बैंक किसी विभाग या किसी ऋण दात्री संस्था को कोई आपत्ति हो अथवा मोर्टगेज आदि की हुई हो या उस पर किसी प्रकार का कोई ऋण, भार आदि बकाया हो या उक्त भूमि के मूल दस्तावेज किसी व्यक्ति आदि के पास गिरवी रखे हो अथवा कोई न्यायालयीन वाद विचाराधिन हो तो वे 7 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में विधिक आपत्ति के मय दस्तावेजो के संपर्क करें। अन्यथा बाद मियाद किसी को भी उक्त सम्पत्ति पर किसी भी प्रकार की उजरदारी करनें या क्रय विक्रय के संबंध में आपत्ति करनें का कोई अधिकार प्राप्त नहीं रहेगा।

इति दिनांक-12/06/2026 स्थान- उज्जैन

**अर्पित वर्मा एड़वोकेट**
**4. क्षीर सागर कॉलोनी, उज्जैन**
**मो. 9098611901**

## जाहिर सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधरण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा ग्राम जमालपुरा तहसील बडनगर जिला उज्जैन में स्थित सर्वे नंबर 144/1 रकबा 1.21 हे. स्वामित्व, आधिपत्य की कृषि भूमि ग्राम जमालपुरा तहसील बडनगर में स्थित है उक्त सर्वे नंबर 144/1 रकबा 1.21 हे0 दिनेश पिता रेवाराम पटेल जाति खाती निवासी ग्राम खलखला तहसील सांवेर जिला इंदौर म.प्र. से मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि सम्पुर्ण हक हिस्सा मय तला व हवाई हक सहित कय करने का सौदा किया गया है। मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेता को उसके वारिसानों के समक्ष बयाना भी अदा कर दीया है। मेरे पक्षकार द्वारा उक्त आराजी का विधिवत रजिस्टर्ड विक्रय पत्र ईपंजीयन के माध्यम से उपरोक्त वर्णित व्यक्तियों से निष्पादित किया जाना है यदि उक्त वर्णित कृषि भूमि (संपत्ति) में किसी अन्य व्यक्ति संस्था, बैंक, अर्द्धशासकीय बैंक का कोई ऋण स्वत्व हो या अन्य कोई अधिकार हो तो इस जाहिर सुचना के प्रकाशन के 7 दिन की अवधि में मय दस्तावेज प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके अन्यथा सुचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत ईपंजीयन विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेंगा व उसके पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी। इति दिनांक 11.06.2026

**अजय मौर्य एड्व्होकेट**
**उन्हैल तहसील उन्हैल जिला उज्जैन मो. 9893257210**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण एवं संबंधित को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार ने श्रीमती कुसुम पौराणिक पति श्री ब्रजेन्द्र कुमार पौराणिक, निवासी-70, एम.आय.जी, विश्व बैंक कॉलोनी, उज्जैन मप्र. के स्वामित्व व आधिपत्य की संपत्तिक म्यू. भवन क्रं. 27 बी जो कि गायत्री नगर, आगर रोड़, उज्जैन है म.प्र. में स्थित है, को सर्वभार मुक्त अवस्था में क्रय करने का अनुबंध किया होकर, प्रतिफल की आंशिक धनराशि का भुगतान कर दिया हैं सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई ऋणभार हो या लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत् रूप से मेंरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने, अन्यथा मिले अन्यथा बाद मियाद विक्रय पत्र पंजीयन करवा लिया जावेगे। इसके पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति हमारे हमारे पक्षकार एवं संपत्ति पर बधंक कारक नहीं होगी ।

**रविन्द्र उपाध्याय सर्विस प्रोवाईडर**
**भवन क्रं. 16/1, वराह मिहिर मार्ग, भार्गव काम्प्लेक्स, तीनबत्ती चैराहा, उज्जैन, मो. 9425093137**

## श्री जगदीश मंदिर में छप्पन भोग महा महोत्सव का आयोजन

**मन्दसौर।** स्थानीय जीवागंज स्थित श्री जगदीश मंदिर में पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर आगामी 13 जून शनिवार को भव्य छप्पन भोग महा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर न्यास एवं गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज जनकुपुरा पंचायत के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस धार्मिक उत्सव के विशेष दर्शन सायंकाल से आरंभ होंगे। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष पं. कुबेरकांत त्रिपाठी और समाज के अध्यक्ष मोहनलाल शर्मा ने बताया कि इस दिन भगवान श्री जगदीश को छप्पन भोग का नैवेद्य अर्पित किया जाएगा। महोत्सव की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं और गत संध्या श्री जगदीश विलास में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भट्टी पूजन भी संपन्न किया गया। ट्रस्ट सचिव सुरेन्द्र त्रिवेदी के अनुसार, आयोजन समिति ने नगर और अंचल के सभी श्रद्धालुओं से इस महा महोत्सव में पधारकर दर्शन लाभ लेने का विशेष अनुरोध किया है।

## भगवान पर अटूट विश्वास रखें, वे हर परिस्थिति में करते हैं रक्षा- स्वामीजी

**मन्दसौर।** खानपुरा स्थित केशव सत्संग भवन में पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में आयोजित रामचरितमानस कथा के दौरान पूज्य पाद स्वामी श्री सत्यव्रत चैतन्य जी महाराज (नर्मदा तट) ने श्रद्धालुओं को प्रभु पर अटूट विश्वास रखने की सीख दी। कथा के दौरान सुग्रीव और भगवान श्रीराम के प्रसंग का वर्णन करते हुए स्वामी जी ने कहा कि जब प्रभु ने सुग्रीव को बाली से युद्ध करने के लिए कहा, तो सुग्रीव को भगवान की कोमल काया देखकर उनकी क्षमता पर संदेह हुआ। यही स्थिति आज के आम मनुष्य की भी है, जो ईश्वर के पास होने पर भी उन्हें पहचान नहीं पाता और उन पर विश्वास नहीं कर पाता। उन्होंने आगे बताया कि जब युद्ध के दौरान पहचान न होने के कारण सुग्रीव की पिटाई हुई, तो वह भगवान पर नाराज हो गए; ठीक इसी तरह जब हमारे जीवन में कोई काम समय पर नहीं होता, तो हम भगवान को दोष देने लगते हैं। हमें ऐसा करने के बजाय ईश्वर पर पूर्ण भरोसा रखना चाहिए, क्योंकि अंत में प्रभु ने बाली का वध कर सुग्रीव को राज-काज सौंपा।

## पशुपतिनाथ मंदिर परिसर में जल्द शुरू होगी भोजनशाला

**मंदसौर ।** सुप्रसिद्ध श्री पशुपतिनाथ मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए एक अच्छी खबर है। कलेक्टर अदिती गर्ग के विशेष प्रयासों से मंदिर परिसर के सामने मेघदूतम-कैफेटेरिया में भोजनशाला और कैंटीन के संचालन हेतु टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इसके शुरू होने से अब आमजन को बेहद किफायती दरों पर गुणवत्तापूर्ण भोजन और नाश्ता मिल सकेगा। यहाँ सामान्य भोजन थाली मात्र 60 रुपये में उपलब्ध होगी, जिसमें सब्जी, दाल, चावल, चार रोटी, सलाद, पापड़, अचार और रायता शामिल रहेगा। इसके अलावा 40 रुपये में कढ़ी-चावल, दाल-चावल या राजमा-चावल की प्लेट भी मिलेगी। कैंटीन में 10 रुपये में चाय, 12 रुपये में कॉफी और 10 से 30 रुपये के बीच विभिन्न नाश्ते जैसे समोसा, कचोरी, पोहा, उपमा, डोसा और छोले भटूरे उपलब्ध कराए जाएंगे, जबकि कोल्ड ड्रिंक और आइसक्रीम एमआरपी पर मिलेंगे।

## तीन दहाड़े आईल सेंटर पर चूना लगा गया युवक

**पिपलिया मंडी।** स्थानीय चौपाटी पर परसराम पाटीदार के पाटीदार आईल सेंटर दुकान से गुरुवार को प्रातः 11.30 बजे एक अज्ञात लड़का जिसने अपना नाम सत्तू बताया जो साढ़े सात लिटर आईलकी केन लेके गया और पेमेंट भी नहीं दिया बोल के गया कि ब्रिज के यहां पर टैक्टर का काम हो रहा है। उस समय दुकान पर बालक बैठा था। वापस शाम तक वह व्यक्ति नहीं आया। मतलब आईल का चूना लगा कर चला गया।

## 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**बड़वानी।** कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने जिले के ग्राम बमनाली निवासी श्री प्रेमसिंग पिता सुतारिया बारेला की मृत्यु कृषि कार्य करते समय करंट लग जाने से हो जाने पर उसके निकटतमक परिजन उनकी पत्नी श्रीमती बानुबाई पति प्रेमसिंग बारेला को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजनान्तर्गत स्वीकृत की है।

# कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप ने विशेष जनसंपर्क अभियान में दी मोदी सरकार के कार्यों की जानकारी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा विशेष जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप ने इस अभियान के तहत शहर के प्रबुद्धजनों से मुलाकात कर उन्हें मोदी सरकार के जनकल्याणकारी कार्यों और विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।

श्री काश्यप ने रतलाम शहर विधानसभा में विशेष जनसंपर्क अभियान की शुरूआत मुखर्जी मंडल के सुयोग परिसर स्थित पद्मश्री डॉ. लीला जोशी के निवास पहुंच कर की। डॉ. जोशी ने श्री काश्यप का स्वागत किया, तत्पश्चात श्री काश्यप ने उनकी चिकित्सा क्षेत्र में की जा रही सेवाओं का उल्लेख करते हुए सरकार द्वारा इस दिशा में किए गए कार्यों की जानकारी दी। श्री काश्यप ने बाद में साहित्यकार डॉ. मुरलीधर चांदनीवाला और समाजसेवी हिम्मत गेलड़ा के निवास पहुंचकर केन्द्र सरकार के कार्यों पर प्रकाश डाला। डॉ. चांदनीवाला ने इस दौरान श्री काश्यप का शॉल-श्रीफल से अभिनंदन कर प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा 4399 दिन पूर्ण कर इतिहास बनाये जाने की बधाई दी। जनसंपर्क के दौरान महापौर प्रहलाद पटेल, मुखर्जी मंडल अध्यक्ष मयुर पुरोहित, महामंत्री विवेक शर्मा, श्रेत्रीय पार्षद अनिता जयेश वसावा, समाजसेवी दिनेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

श्री काश्यप ने कुशाभाऊ ठाकरे मंडल में काटजू नगर स्थित डॉ. विपीन माहेश्वरी और शास्त्री नगर स्थित समाजसेवी सुशील छाजेड़ के निवास पहुंचकर जनसंपर्क किया। बाद में गुलमोहर कॉलोनी स्थित उद्योगपति बी.एल. पुरोहित के निवास पहुंचकर उनके परिवार को भी सरकार की उपलब्धियों से अवगत कराया। इस दौरान आर.डी.ए. अध्यक्ष मनोहर पोरवाल, इंदौर ग्रामीण जिला प्रभारी शैलेन्द्र डागा, मंडल अध्यक्ष आदित्य डागा, महामंत्री भूपेन्द्र कावड़िया, पार्षद स्मिता राजेश माहेश्वरी, मनीषा विजय सिंह चौहान एवं पत्रकार सुरेन्द्र छाजेड़ आदि उपस्थित रहे।

### पुरुषोत्तम मास में देहदान

## शिक्षक परिवार ने लिया प्रेरणादायी निर्णय

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



अधिकमास यानी पुरुषोत्तम मास में दान का महत्व कई गुना बढ़ जाता है। ऐसे पावन समय में नेत्र एवं देहदान करना समाज को नई दिशा देने वाला पुण्य कार्य है। ऐसा ही अनुकरणीय कार्य शिक्षक गौड निवासी रेलवे कॉलोनी परिवार ने किया।

रेलवे स्कूल के रिटायर्ड शिक्षक स्व. दिग्विजय सिंह पिता गणेशी लाल गौड उम्र 92 वर्ष के बुधवार दोपहर निधन के उपरांत उनके एवं रेलवे स्कूल से ही रिटायर पत्नी के द्वारा संयुक्त रूप से रतलाम डॉक्टर लक्ष्मी नारायण पांडे मेडिकल कॉलेज के उद्घाटन अवसर पर में लिए गए संकल्प के अनुसार परिवार ने तुरंत काकानी सोशल वेलफेयर फाउंडेशन के सचिव गोविंद काकानी से संपर्क किया। महज 4 घंटे के भीतर उनके नेत्र दान का पुनीत कार्य बड़नगर गीता भवन ट्रस्ट से डॉक्टर ददरवाल द्वारा परिवारजन व नेत्रम संस्था के सदस्यों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। परिजनों एवं क्षेत्र निवासियों के अंतिम दर्शन के बाद आज सुबह उनका देहदान संपन्न हुआ।

**शासकीय सम्मान के साथ विदाई**

देहदान के पूर्व निवास स्थान रिटायर रेलवे कॉलोनी पर मध्य प्रदेश शासन द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। अंतिम यात्रा घर से निकाल कर डॉ लक्ष्मी नारायण पांडे मेडिकल कॉलेज पहुंची जहां पर मानव संरचना विभाग प्रभारी डॉक्टर राजेंद्र सिंगरौले ने शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए अंग एवं देहदान के महत्व पर प्रकाश डाला। मेडिकल कॉलेज डीन डॉ अनीता मुथा ने केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के द्वारा लिए गए प्रेरणादायक निर्णय से देहदान के कार्य में गति मिली है।

इसी के फल स्वरुप आज 50 वा देहदान मेडिकल कॉलेज को प्राप्त हुआ देहदान के पुनीत कार्य में काकानी सोशल वेलफेयर फाउंडेशन एवं समाजसेवी संस्थाओं का सराहनीय योगदान सदैव मिलता है।

## नवविवाहिता की संदिग्ध मौत, मायके पक्ष ने लगाया हत्या का आरोप

**मन्दसौर।** गरोठ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ढाबा में एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतका इंदिरा बाई का शव बुधवार रात को घर के अंदर फंदे से लटका हुआ मिला। इस घटना के बाद गुरुवार को अस्पताल परिसर में मायके और ससुराल पक्ष के बीच भारी तनाव और बहस देखने को मिली, जिसके चलते स्थिति को संभालने के लिए पुलिस बल तैनात करना पड़ा। मृतका के भाई पप्पू राठौर ने आरोप लगाया है कि उनकी बहन को लंबे समय से प्रताड़ित किया जा रहा था और उनके जीजा ईश्वर गरासिया ने मारपीट कर उसकी हत्या की है। दूसरी ओर, मृतका के ससुर प्रेम सिंह गरासिया ने इन आरोपों को खारिज करते हुए इसे देर रात की आत्महत्या बताया है। थाना प्रभारी बलवीर सिंह यादव ने जानकारी दी कि पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में ले लिया है और निष्पक्ष जांच के लिए डॉक्टरों के पैनल से पोस्टमार्टम कराया जा रहा है, जिसकी रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## लोकायुक्त प्रकरण में सहायक ग्रेड-2 अनिल वर्मा निलंबित

**रतलाम।** जिला शिक्षा अधिकारी श्री अशोक लोढा ने बताया कि प्रिन्ट, इलेक्ट्रॉनिक, सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त जानकारी अनुसार शासकीय कन्या कमला नेहरू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जावरा में पदस्थ सहायक ग्रेड 2 श्री अनिल वर्मा के विरुद्ध लोकायुक्त उज्जैन के द्वारा भ्रष्टाचार का प्रकरण दर्ज हो जाने पर संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संभाग उज्जैन श्री अनसिंह बघेल द्वारा मध्यप्रदेश सिविल सेवा नियम के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है । निलंबन अवधि में श्री अनिल वर्मा का मुख्यालय जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, रतलाम रहेगा।

## नगर निगम कार्यालय परिसर में आज से लगेगा जनकल्याण शिविर

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल के निदेर्शानुसार विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून एवं अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून की अवधि में विभिन्न कार्यक्रम संचालित किये जाने के तहत 12 से 14 जून तक नगर निगम कार्यालय परिसर स्थित फायर स्टेशन भवन पर कार्यालयीन समय में जनकल्याणकारी शिविर आयोजित किया गया है। जिला कलेक्टर मिशा सिंह के मार्गदर्शन में नगरीय क्षेत्र रतलाम हेतु 12 से 14 जून तक नगर निगम कार्यालय परिसर स्थित फायर स्टेशन भवन पर तीन दिवसीय जन कल्याण कारी शिविर का आयोजन किया गया है। आयोजित शिविर में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किया जायेगा तथा आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जायेगा। आयोजित शिविर में केन्द्र एवं राज्य शासन की प्रमुख हितग्राही मूलक योजनाओं (सेचुरेशन एवं लक्ष्य आधारित) के पात्र किन्तु वंचित हितग्राहियों की विभागीय मैदानी अमले के सहयोग से पहचान कर उनका पंजीयन, स्वीकृति एवं लाभ वितरण की कार्यवाही प्राथमिकता से की जायेगी। शिविर में विभिन्न विभागों की हितग्राही मूलक योजनाओं के हितग्राहियों के आवेदन भी प्राप्त कर उनका पंजीयन एवं निराकरण किया जायेगा। शिविर में नियुक्त विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## मनासा तहसील के दो खाद्य प्रतिष्ठानों को शट डाउन कर खाद्य सामग्री निर्माण एवं विक्रय बंद कराया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच



कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा एवं अपर कलेक्टर श्री बी.एस. कलेश तथा एसडीएम सुश्री किरण आंजना के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा विभाग नीमच की टीम ने सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए मनासा तहसील के दो खाद्य प्रतिष्ठानों को शट डाउन कर खाद्य सामग्री निर्माण एवं विक्रय बंद कराया है।

देशी तड़का रेस्टोरेंट, बरलाई रोड तलाऊ, तहसील मनासा एवं देशी तड़का रेस्टोरेंट में बासी खाना विक्रय करने की शिकायत सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त हुई थी।

टीम द्वारा खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के गुरुवार को आकस्मिक निरीक्षण किया गया। मौके पर अस्वच्छ परिस्थितियों में सब्जी, रोटी आदि का निर्माण, भंडारण एवं विक्रय होते पाया गया। किचन में पर्याप्त साफ-सफाई नहीं थी, बर्तन गंदे पाए गए तथा फ्रिज में भी अस्वच्छ स्थिति में खाद्य पदार्थों का भंडारण मिला। खाद्य पंजीयन वर्ष 2024 में ही समाप्त हो चुका था।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री राजू सोलंकी ने बताया कि इस कार्रवाई के दौरान मौके से तैयार लहसुन-प्याज ग्रेवी, मिर्ची पाउडर एवं आटा सहित कुल 3 नमूनेजांच हेतु लिए गए। जन स्वास्थ्य हित में रेस्टोरेंट का संचालन बंद कराकर परिसर शट डाउन किया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने होटल किंगफिशर, रामपुरा रोड फुलपुरा, तहसील मनासानियमित निरीक्षण के दौरान होटल किंगफिशर का निरीक्षण किया गया। यहां भी अस्वच्छ परिस्थितियों में मटन, मछली, चिकन, अंडा करी, रोटी, सेव-टमाटर सब्जी आदि का निर्माण एवं विक्रय पाया गया।

### ग्रीष्मकालीन मार्शल आर्ट समर कैंप का समापन

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मिले मेडल और प्रमाण पत्र



'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर

स्थानीय गांधी चौराहा स्थित महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल में मिक्स मार्शल आर्ट्स एसोसिएशन और खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में आयोजित 30वें ग्रीष्मकालीन ताइक्वांडो, वूशू, कराटे, पेंचक सिलाट मार्शल आर्ट समर कैंप एवं प्रतियोगिता का समापन हुआ।

इस अवसर पर कैंप में शामिल खिलाड़ियों ने सेल्फ डिफेंस के साथ-साथ चाइनीज तलवार (दाओशू), लठ (गुनशू), फरसा और ननचाकू जैसे वेपंस का शानदार प्रदर्शन कर उपस्थित सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष व पिट्ठू एसोसिएशन के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र धनोतिया ने की। इसके साथ ही संस्था संरक्षक व भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य अनिल कियावत, जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा, क्षेत्रीय पार्षद प्रमिला गोयल, संस्था संरक्षक लोकेंद्र कुमार डाबी और विद्यालय के व्यवस्था प्रभारी सुरेश चंद बोराना ने विशेष अतिथि के रूप में शिरकत कर विजेता खिलाड़ियों को मेडल और प्रमाणपत्र वितरित किए।

इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि स्पोर्ट्स एक बेहतरीन प्लेटफॉर्म है जो डिसिप्लिन सिखाने के साथ-साथ उज्जवल करियर के रास्ते भी खोलता है; राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले खिलाड़ियों के लिए शासन द्वारा स्कॉलरशिप और स्पोर्ट्स कोटा से सरकारी नौकरी का भी प्रावधान है। वहीं, व्यवस्था प्रभारी विजय कोठारी ने बताया कि यह संस्था पिछले 30 वर्षों से मंदसौर के बालक-बालिकाओं को निशुल्क सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग दे रही है। प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत किया। संचालन एसोसिएशन अध्यक्ष गगन कुरील ने किया तथा आभार सचिव सैयद आफताब आलम ने माना।

## हर द्वार योग की गंगा का हुआ शंखनाद

**रतलाम।** 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में नगर निगम रतलाम एवं पतंजलि योगपीठ के संयुक्त तत्वावधान में नगर निगम परिसर से 49 वार्डों में आयोजित होने वाले 11 दिवसीय निःशुल्क योग महोत्सव का भव्य शुभारंभ महापौर प्रहलाद पटेल द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार, भारत माता पूजन, दीप प्रज्वलन एवं शंखनाद के साथ किया गया।नगर निगम कार्यालय परिसर के प्राकृतिक वातावरण में आयोजित इस कार्यक्रम में महापौर परिशद सदस्य अक्षय संघवी, पार्शद परमानन्द योगी, श्रीमती निषा सोमानी, नागरिक एवं महर्षि संजय शिवशंकर दवे आदि उपस्थित थे।

**पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल**
**निर्माण गतिशक्ति विभाग**
**ई-टेंडरिंग सूचना**

संख्या : GS-C-RTM/NIT, दिनांक : 09.06.2026, पश्चिम रेलवे निर्माण (गति शक्ति) रतलाम भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ''खुली निविदा'' ई-निविदा के माध्यम से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर आमंत्रित करते हैं । विवरण इस प्रकार है।

**क्र. संख्या :** 1, **ई-टेंडरिंग संख्या :** RTM-GSU-Engg-ROB-BMI-72R, **कार्य का नाम :** Construction of Railway portion of two lane Road Over Bridge (1 x 72.00 M Bow String/Camel Back Steel Girder + 1 x 36.00 M and 1 x 24.00 M span composite Steel Girder) at Km. 609/10 - 12 in lieu of Level Crossing No. 72 in Godhra - Ratlam section, between Bamnia and Bhairongarh stations of Ratlam Division Western Railway, **अनुमानित लागत :** ₹ 244762803.16, **बयाना राशि :** ₹ 4895300.00, **निविदा खुलने की तिथि :** 06.07.2026. विस्तृत निविदा सूचना अर्हता शर्तें एवं अन्य शर्तें वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

ADM/5/1/97

Follow us on: twitter.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**
**वाणिज्य शाखा ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक-रतलाम मंडल - पश्चिम रेलवे **पार्किंग स्टेण्ड** की ई-नीलामी आमंत्रित की है। केटलॉग को **IREPS** वेबसाइट ई-ऑक्शन पर प्रकाशित किया गया है, विवरण निम्न प्रकार से है।

**केटलॉग सं. :** PARKING-RTM-10-1, **अनुबंध का प्रकार : पार्किंग स्टेण्ड, लॉट नं. :** PARKING-RTM-MDS-MX-92-26-1 (Mandsaur Main Side), **अनुबंध की अवधि :** 03 वर्ष, ई-नीलामी की तिथि और समय लॉट के लिए ई-नीलामी **दिनांक 25.06.2026** को **11:00** बजे प्रारंभ होगी। प्रारंभिक कुलिंग ऑफ अवधि 30 मिनट है। अनुक्रमिक लॉट को बंद करने का अंतराल 10 मिनट है। **IREPS** के ई-ऑक्शन मॉड्यूल पर लॉटवाइज समापन समय देखा जा सकता है।

ADM/4/1/98

Follow us on: twitter.com/WesternRly

### न्यूज कालम




## आशा कार्यकर्ताओं ने पारिश्रमिक न मिलने पर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**मन्दसौर।** अपनी लंबित मांगों और समस्याओं को लेकर आशा एवं आशा सुपरवाइजर कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर मंदसौर में प्रदर्शन किया गया। प्रदेशव्यापी चार दिवसीय हड़ताल के तहत जिले के सभी ब्लॉकों से आई बड़ी संख्या में आशा कार्यकर्ताओं और सुपरवाइजर्स ने महाराणा प्रताप बस स्टैंड स्थित अभिव्यक्ति स्थल पर अपनी आवाज बुलंद की। संगठन की प्रदेश उपाध्यक्ष भारती सोलंकी के नेतृत्व में जिलाधीश प्रतिनिधि तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम एक 12 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया, जिसका वाचन रीना राठौर ने किया। ज्ञापन में बताया गया कि तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा जुलाई 2023 में की गई एक हजार रुपये की मानदेय वृद्धि अब तक नहीं मिली है, साथ ही जनवरी 2026 से जून 2026 तक का प्रोत्साहन भत्ता भी अटका हुआ है। भीषण गर्मी में जमीनी स्तर पर काम करने वाली इन महिलाओं को बजट और सॉफ्टवेयर की खराबी का बहाना बनाकर गुमराह किया जा रहा है। संगठन ने मांग की है कि आशा कार्यकर्ताओ को न्यूनतम 18 हजार रुपये और सहयोगिनियों को 24 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन दिया जाए। इस दौरान साधना सेन, हेमलता दुबे सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। प्रदर्शन के बाद सीतामऊ ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन भी किया गया, जिसमें साधना सेन को अध्यक्ष और विष्णु धाकड़ को सचिव मनोनीत किया गया।

## लायंस के डॉ. श्रीमाल अध्यक्ष एवं सुराना सचिव मनोनीत

**मन्दसौर।** लायंस क्लब मन्दसौर की नॉमिनेशन कमेटी अध्यक्ष बलजीत सिंह नारंग ने वर्ष 2026-27 की नवीन कार्यकारिणी के मनोनयन की घोषणा की। लायन अध्यक्ष रत्नेश कुदार व सचिव डॉक्टर विक्रांत भावसार में बताया नवीन कार्यकारिणी में अध्यक्ष डॉ. के.सी. श्रीमाल, सचिव मयूर सुराना एवं कोषाध्यक्ष सुशील जैसवानी मनोनीत हुये। साथ ही उपाध्यक्ष नेमकुमार गांधी, डॉ. सुरेश पमनानी, विजय सुराना, सह सचिव दीपक चौधरी, टेमर सुरेश धनोतिया, टेल ट्विस्टर डॉ. कमलेश पमनानी एवं मार्केटिंग कम्यूनिकेशन चेयरपर्सन डॉ. देवेन्द्र पुराणिक बनाये गये। संचालक मण्डल में प्रेमदेव पाटीदार, आशीष सिंह मण्डलोई, डॉ. विक्रांत भावसार, सुनील बाफना, सिद्धार्थ पोरवाल, राहुल नाहटा, मोती सिंह रावत, मयंक गाँधी, डॉ. दीपक अग्रवाल, तनय जैन सत्यनारायण छापरवाल, अमित कटलाना, कपिल नाहटा, हर्षित सोनगरा एवं डॉ. सौरभ मण्डवारिया का मनोनयन किया गया।


डॉ. श्रीमाल


मयूर सुराना

## नीमच के सौरभ ने दिखाया ट्रायथलान रेस में जर्मनी में जलवा




**नीमच।** नीमच की कमला नर्सरी के मालिक राजकुमार जैन के 44 वर्षीय सुपुत्र सौरभ जैन जो मुम्बई में थिंक केपिटल नामक फर्म के डायरेक्टर हैं, इन्होंने जर्मनी के हैंबर्ग में आयोजित आयरनमेन रेस 15 घण्टे में पूरी कर आयरनमेन का खिताब जीता। इस रेस में एथलीट को 3.8 किलोमीटर खुले समुद्र में तैरना होता है। उसके बाद 180 किलोमीटर साइकलिंग करना पडती है, उसके बाद 42 किलोमीटर की फुल मैराथन रेस दौडना पडती है। सौरभ जैन ने यह सब 15 घण्टे में पूरा करके आयरनमेन का खिताब जीता। सौरभ स्कूल के दिनों में मध्यप्रदेश स्अैट स्विमिंग के चैम्पियन रहे और 7 बार राष्ट्रीय स्तर पर म.प्र. के रिप्रजेन्ट किया था। सौरभ ने 2017 में रनिंग शुरू की और 2022 में ट्रायथलान की शुरूआत की। सारैभ ने पहले हाफ फिर फुल आयरनमेन डिस्टेंस के लिये खुद को तैयार किया। ट्रायथलान रेस में ये सभी रेस एक के बाद एक निरंतर तय करनी होती है जिसे सौरभ ने 15 घण्टे में तय कर आयरनमेन का खिताब अपने नाम किया। सौरभ की इस उपलब्धि पर नीमच के डॉ.पृथ्वीसिंह वर्मा, रघुराजसिंह चौरडिया, नरेन्द्र डूंगरवाल आदि ने अपनी बधाईयां प्रेषित की है।

## युवक का पेड़ पर लटका मिला शव, पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा

**नीमच।** जिले के चीताखेड़ा समीप ग्राम भीमपुरा में २५ वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। जहां एक पेड़ पर युवक फंदे पर लटका हुआ मिला द्य इस घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भिजवाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, भीमपुरा निवासी गेंदमल मीणा (25), पिता हेमराज मीणा, हाल ही में गुजरात से मजदूरी कर अपने गांव लोटा था द्य बुधवार को उसका शव खेत के समीप स्थित पेड़ पर में मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी ग्रामीणों द्वारा पुलिस को दी गई, जिसके बाद डायल-100 टीम मौके पर पहुंची।पुलिस ने ग्रामीणों की सहायता से शव का पंचनामा कार्रवाई की। एएसआई लक्ष्मण सिंह चौहान एवं आरक्षक दिनेश धनगर ने मौके का निरीक्षण कर शव को पोस्टमार्टम के लिए नीमच जिला चिकित्सालय भेजा। परिजनों के अनुसार, युवक गुजरात में मजदूरी का कार्य करता था कुछ दिन पूर्व ही गांव आया था।

## म.प्र. अनुसूचित जाति आयोग सदस्य श्री मालवीय का दौरा कार्यक्रम

**नीमच।** मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य श्री रामलाल मालवीय का 11 एवं 12 जून को नीमच जिले का भ्रमण कार्यक्रम निर्धारित है। मध्य प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य श्री रामलाल मालवीय 11 जून को सायं 6 बजे नीमच सर्किट हाउस पर आएंगे एवं रात्रि विश्राम करेंगे। आयोग के सदस्य श्री मालवीय 12 जून को नीमच में प्रातः 10.30 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभाग की प्रचलित योजनाओं एवं कार्यों की प्रगति, आयोग में प्रचलित शिकायतों के जांच प्रतिवेदन व अद्यतन स्थिति के संबंध में कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं जिला संयोजक जनजातीय कार्य व अनुसूचित जाति विकास के साथ समीक्षा बैठक करेंगे और दोपहर एक बजे सर्किट हाउस पर जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों से भेंट एवं चर्चा करेंगे।

## जिनीषा नांदेचा बनेगी फ्लाइंग ऑफिसर, नगर में गर्व का माहौल



**खाचरोद।** नगर की प्रतिभाशाली बेटी जिनीषा नांदेचा ने अपनी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प से भारतीय वायुसेना में चयनित होकर नगर, परिवार और समाज का नाम गौरवान्वित किया है। जिनीषा ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा इंपीरियल इंटरनेशनल स्कूल से प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने आदित्य बिरला पब्लिक स्कूल, नागदा से आगे की पढ़ाई पूरी की। इंजीनियरिंग की तैयारी के लिए वे कोटा गईं और तत्पश्चात SGSITS से इलेक्ट्रॉनिक्स एवं टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री प्राप्त की। उन्होंने वर्ष 2025 में AFCAT (AFCAT-2) परीक्षा उत्तीर्ण की। इसके बाद नवंबर माह में 5 दिनों की कठिन प्रक्रिया में शामिल हुईं, जहां गांधीनगर स्थित चयन केंद्र पर 235 अभ्यर्थियों में से मात्र 16 का चयन हुआ — जिनमें जिनीषा नांदेचा भी शामिल रहीं। इसके पश्चात उन्होंने बेंगलुरु में मेडिकल परीक्षण भी सफलतापूर्वक पूरा किया। अंततः 8 जून 2026 को जारी अंतिम मेरिट सूची में उनका चयन सुनिश्चित हुआ, जिससे पूरे नगर में हर्ष और गर्व का माहौल बन गया। अब उनका प्रशिक्षण लगभग डेढ़ वर्ष का होगा, जिसमें प्रारंभिक 6 माह हैदराबाद तथा शेष 1 वर्ष बेंगलुरु में प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात उन्हें फ्लाइंग ऑफिसर के पद पर नियुक्त किया जाएगा।

## पेंशनर्स की लंबित मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा



**सुसनेर।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन, सुसनेर द्वारा प्रदेश के करीब 5 लाख पेंशनर्स की लंबित मांगों के निराकरण को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) किरण वरवड़े को सौंपा गया। ज्ञापन में पेंशनर्स की वर्षों से लंबित समस्याओं का शीघ्र समाधान करने की मांग की गई। एसोसिएशन ने बताया कि पेंशनर्स को समय पर महंगाई राहत, स्वास्थ्य सुविधाओं एवं अन्य आर्थिक लाभों का लाभ नहीं मिल रहा है, जिससे उनमें निराशा एवं असंतोष बढ़ रहा है। ज्ञापन में लंबित महंगाई राहत एवं एरियर का भुगतान, कैशलेस स्वास्थ्य बीमा योजना में पेंशनर्स पर अतिरिक्त प्रीमियम का भार नहीं डालने, 79 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर अतिरिक्त पेंशन लाभ देने तथा कर्मचारियों की तरह उपदान राशि प्रदान करने सहित विभिन्न मांगें शामिल हैं। पेंशनर्स ने शासन से उनकी न्यायोचित मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर शीघ्र निराकरण करने की मांग की। इस अवसर पर राणा महेंद्र सिंह, कोमल चन्द्र जैन, चंद्रकांत बख्शी, सुरेश त्रिवेदी आदि उपस्थित रहे।

## गो सम्मान आह्वान अभियान के द्वितीय चरण में जुटाए जा रहे हस्ताक्षर

**सुसनेर।** राष्ट्रव्यापी गो सम्मान आह्वान अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत बुधवार को स्थानीय त्रिमूर्ति मंदिर परिसर में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य संपूर्ण भारत में गौहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने तथा गोमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा प्रदान करने की मांग को जन-जन तक पहुंचाना है। अभियान के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, गौभक्तों एवं नगरवासियों ने हस्ताक्षर कर अपना समर्थन दिया। कार्यकर्ताओं ने लोगों को गौ संरक्षण एवं संवर्धन के महत्व से अवगत कराते हुए अधिक से अधिक संख्या में अभियान से जुड़ने का आह्वान किया। आयोजकों ने बताया कि अभियान के द्वितीय चरण में जिला स्तर पर व्यापक जनसंपर्क कर हस्ताक्षर एकत्र किए जा रहे हैं। अभियान के तहत 5 लाख हस्ताक्षरों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। संकलित हस्ताक्षरों के साथ प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल के नाम प्रार्थना पत्र जिला कलेक्टर के माध्यम से सौंपे जाएंगे। इस संबंध में 27 जुलाई को कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन एवं हस्ताक्षर अभियान का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा। अभियान से जुड़े लोगों का कहना है कि गौमाता भारतीय संस्कृति, आस्था और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है। इसलिए गौवंश संरक्षण के लिए प्रभावी और सशक्त कानून बनाए जाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम के दौरान नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाते हुए अभियान को अपना समर्थन प्रदान किया।



## राज्यसभा चुनाव में नामांकन निरस्त किए जाने के विरोध में कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन



**महिदपुर।** राज्यसभा चुनाव में मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किए जाने के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं शहर कांग्रेस कमेटी महिदपुर द्वारा आम्बेडकर चौक पर उपवास एवं धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक दिनेश जैन बोस की उपस्थिति में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराया। इस दौरान वक्ताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा के दबाव में नामांकन निरस्त कर लोकतांत्रिक व्यवस्था का गला घोंटने का प्रयास किया गया है, जो लोकतांत्रिक मूल्यों एवं संवैधानिक परंपराओं के विपरीत है। धरना-प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने इस कार्रवाई को अन्यायपूर्ण बताते हुए निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया की मांग की। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र की रक्षा और न्याय की मांग को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से अपना विरोध व्यक्त किया।

# 24 घंटे में ट्रक चोरी का खुलासा : 11.74 लाख का माल बरामद दो आरोपी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



थाना शुजालपुर सिटी पुलिस ने ट्रक चोरी के एक मामले का महज 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए चोरी गया ट्रक और उसमें भरी 6.6 टन चने की दाल बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बरामद सामग्री की कुल कीमत 11 लाख 74 हजार 630 रुपए बताई गई है। पुलिस फ रार दो अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

पुलिस के अनुसार डाबरीपुरा निवासी निखिल सोनी ने 9 जून को थाना शुजालपुर सिटी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 8 जून की रात हनुमानगढ़ी मंदिर के पास खड़ा उसके मालिक भावसिंह मेवाड़ा का ट्रक क्रमांक एमपी 37 जीए 1631 अज्ञात बदमाश चोरी कर ले गए। ट्रक में करीब 6.6 टन चने की दाल रखी हुई थी। मामले में पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 305 (बी) के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक शाजापुर के निर्देशन में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीवी फु टेज, मुखबिर तंत्र और साइबर सेल की मदद से आरोपियों की पहचान कर उन्हें दबोच लिया। पुलिस ने ग्राम बोलाई निवासी राजेश उर्फ राज मेवाड़ा तथा रायकनपुरा शुजालपुर निवासी अविनाश मालवीय को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी गया ट्रक तथा उसमें रखा पूरा माल बरामद कर लिया गया। पुलिस के मुताबिक मामले में जुगल बागरी निवासी रायपुर रोड शुजालपुर सिटी तथा लखन भिलाला निवासी ग्राम बोलाई अभी फ रार हैं, जिनकी तलाश जारी है। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार पाठक के नेतृत्व में पुलिस टीम के सदस्यों एवं साइबर सेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधिकारियों ने टीम की तत्परता और पेशेवर कार्यशैली की सराहना की है।

### किसानों ने सारंगपुर थाने पहुंचकर दर्ज कराई शिकायत

# ग्राम मऊ में कुओं और ट्यूबवेल से मोटर पंप व केबल तारों की चोरी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

मऊ क्षेत्र में चोरों के हौसले इस कदर बुलंद हो चुके हैं कि अब वे एक साथ सैकडों किसानों को निशाना बनाने से भी नहीं कतरा रहे हैं। सारंगपुर तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम मऊ में चोरों ने एक ही रात में करीब 200 किसानों के कुओं और ट्यूबवेल से मोटर पंप और कीमती केबल चोरी कर सनसनी फैला दी है। इस बडी वारदात से पीडित और आक्रोशित किसानों ने बुधवार को सारंगपुर थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी को शिकायती पत्र सौंपकर चोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

गर्मी के इस मौसम में सिंचाई के मुख्य साधन (मोटर पंप) चोरी हो जाने से किसानों के सामने भारी संकट खडा हो गया है। शिकायती पत्र में किसानों ने बताया कि करीब 1 माह पहले भी क्षेत्र से 5 जलधारा मोटर पंप चोरी हुए थे, जिसकी लिखित शिकायत नजदीकी पुलिस चौकी में दर्ज कराई गई थी। किसानों का साफ कहना है कि चोरो पर कार्रवाई न होने के परिणामस्वरूप चोरों ने इस बार 200 किसानों को एक साथ अपना शिकार बना लिया।



**एक ही रात में 200 किसानों को बनाया निशाना**

ग्राम मऊ के पीडित नारायण सिंह राजपूत,विजय शर्मा, मनीष मालवीय, विष्णु राजपूत, इंद्रसिंह राजपूत, चंदरसिंह राजपूत आदि किसानों ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि गत रात्रि 8 जून को अज्ञात चोरों के एक गिरोह ने गांव के खेतों में धावा बोला। चोरों ने क्षेत्र के लगभग 200 किसानों के कुओं और ट्यूबवेल पर लगे मोटर पंप और विद्युत केबल उखाडे और चोरी कर रफूचक्कर हो गए। सुबह जब किसान अपने खेतों पर पहुंचे, तब उन्हें इस बडी वारदात का पता चला।

इस बडी चोरी के बाद ग्राम मऊ के समस्त कृषक एकजुट होकर सारंगपुर थाने पहुंचे। आवेदन सौंपने वालों में मुख्य रूप से विष्णु, राधेश्याम, नारायण सिंह, मानसिंह, देवसिंह, मनीष, रामसिंह, चंदर सिंह, विजय शर्मा सहित बडी संख्या में ग्रामीण और किसान शामिल रहे। किसानों ने थाना प्रभारी से निवेदन किया है कि उक्त घटना को अंजाम देने वाले गिरोह का पदार्फाश कर चोरी की रिपोर्ट दर्ज की जाए और जल्द से जल्द उचित व सख्त वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जाए। किसानों की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के विरूद्ध बीएनएस 2023 की धारा 303(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर जांच शुरू की है।

## सूचना मिलते ही पुलिस चौकी का दल तुरंत मौके पर

**मक्सी।** शाजापुर जिले के नेशनल हाईवे-52 स्थित नैनावद घाटी पर बुधवार शाम एक सड़क हादसा हो गया। यहां एक तेज रफ्तार अर्टिगा कार और लोडिंग ऑटो रिक्शा के बीच टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में ऑटो रिक्शा में सवार दो लोग घायल हो गए।

घायलों की पहचान दिनेश पिता गिरधारीलाल और अर्जुन उम्मट के रूप में हुई है, जो दोनों ग्राम गोलवा के निवासी हैं। बताया गया कि वे अपने लोडिंग ऑटो रिक्शा में खाद संबंधी सामग्री लेकर आगर जिले के कानड़ क्षेत्र से अपने गांव गोलवा लौट रहे थे, तभी नैनावद घाटी के पास यह हादसा हुआ।

दुर्घटना की सूचना मिलते ही नैनावद पुलिस चौकी का दल तुरंत मौके पर पहुंचा। पुलिस ने घायलों को तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल शाजापुर भिजवाया। इसके साथ ही, क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क किनारे कर यातायात व्यवस्था को भी सुचारु किया गया।

दुर्घटना की सूचना मिलते ही नैनावद पुलिस चौकी का दल तुरंत मौके पर पहुंचा। पुलिस ने घायलों को तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल शाजापुर भिजवाया। इसके साथ ही, क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क किनारे कर यातायात व्यवस्था को भी सुचारु किया गया।

टक्कर इतनी भीषण थी कि अर्टिगा कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि ऑटो रिक्शा को भी नुकसान पहुंचा है। हालांकि, राहत की बात यह रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। नैनावद पुलिस चौकी ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। पुलिस प्रत्यक्षदर्शियों के बयान और वाहन चालकों से पूछताछ के आधार पर आगे की कार्रवाई कर रही है।

## थाना प्रभारी परिहार का तबादला अशोक पाटीदार ने संभाला पदभार

**महिदपुर।** महिदपुर थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह परिहार का तबादला होने के बाद अशोक पाटीदार को महिदपुर थाने का नया थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है। अशोक पाटीदार इससे पूर्व बड़नगर थाने में थाना प्रभारी के पद पर कार्यरत थे।

नवागत थाना प्रभारी अशोक पाटीदार के महिदपुर पहुंचने पर पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नगर के गणमान्य नागरिकों द्वारा पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया।

पदभार ग्रहण करने के बाद थाना प्रभारी अशोक पाटीदार ने कानून व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए आमजन के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा अपराध नियंत्रण के लिए प्रभावी कार्य करने की बात कही।

उल्लेखनीय है कि महिदपुर थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं अपराध नियंत्रण की जिम्मेदारी अब अशोक पाटीदार के नेतृत्व में संचालित होगी।

# प्रधानमंत्री के रुप में मोदी के 12 वर्ष पूर्ण होने पर नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर में अभिषेक एवं पूजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खाचरौद



नरेन्द्र मोदी द्वारा देश के प्रधानमंत्री पद पर निरंतर 12 वर्ष पूर्ण करने के उपलक्ष्य में भाजपा नगर मंडल खाचरौद द्वारा श्री नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर में विशेष अभिषेक एवं पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में देश की खुशहाली, समृद्धि एवं विकास की कामना के साथ प्रधानमंत्री श्री मोदी के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन हेतु भगवान महादेव का अभिषेक एवं पूजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष श्रीमती मनीषा अखिलेश शर्मा ने अपने बधाई संदेश में प्रधानमंत्री की कार्यशैली पर प्रकाश डालते हुए उनके स्वस्थ जीवन की कामना की।

इस अवसर पर वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकताओं ने उपस्थित होकर प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश की प्रगति पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

पूजन-अर्चन के पश्चात उपस्थित जनों को प्रसाद वितरित किया गया।

इस दौरान सुरेश छाजेड़, विजय सेठी, अनिल छाजेड़, अश्विन ढिंढोरकर, सुमित गेलड़ा, अखिलेश शर्मा, विनोद चतुर्वेदी, नितेश संगीतला,जगदीश खटोलिया, नारायण गगरानी, संगीता किलोरिया,रेखा सेन, रीना जायसवाल,मधु सोलंकी, नीतीश सिसोदिया, अमित सेठी, विनोद चतुर्वेदी, सुरेश लोदवाल, राजू मकवाना, बाबूलाल राठौड़, प्रवीण नायक, अतुल चोरड़िया, जितेन्द्र केराफ, कोमल सकलेचा,सतीश शर्मा, हरिराम कांकर, राजेश खटोलिया, संजय गांग, महेश माली, नितेश लाला गगरानी, दिपक सोलंकी नंदराम राठौर,श्रवण सोलंकी , इंकिसार अली, दिनेश मीणा, कैलाश सोलंकी,मोहन बोले, सुनील माहेश्वरी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सड़क चौड़ीकरण रोका पानी निकासी हेतु नाला निर्माण कार्य

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंगोरिया



उन्हेल से इंगोरिया सड़क चौड़ीकरण हेतु निर्माण कार्य चल रहा है। शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल और जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के सामने पानी निकासी हेतु नाला निर्माण के लिए एक माह पहले से ठेकेदार ने जे सी बी से एक बढ़ा गड्ढा भी खोद रखा है। सड़क निर्माता एजेंसी रमेश कुमार बंसल है। मंगलवार को एजेंसी के कर्मचारियों ने कुछ लोगों के कहने से नाला निर्माण कार्य रोक दिया है। सड़क का निर्माण एम पी आर डी सी की देख रेख में हो रहा है।

नाला निर्माण नहीं हुआ तो स्कूल आने वाले बच्चे होंगे प्रभावित प्रिंसिपल महेश कुमार मालवीय और बैंक के शाखा प्रबंधक ने जिला कलेक्टर, नायब तहसीलदार इंगोरिया, बड़नगर एस डी एम और संभागीय प्रबंधक ग्रामीण सड़क विकास निगम उज्जैन को पत्र लिख कर मांग की है कि उक्त प्रस्तावित नाला निर्माण शीघ्र पूरा किया जाए। सड़क बन जाएगी और पानी निकासी की व्यवस्था नहीं की गई तो छोटे बच्चों को स्कूल आने में परेशानी होगी। घुटने घुटने पानी भरा रहता है। बारिश में पहले से ही जल भराव हो रहा था। नाला निर्माण आवश्यक है।

खड्डे से नल जल योजना की पाईप लाईन फुट रही है

उक्त गड्ढा खुदा होने से इस जगह पर एक माह में 8 बार ग्राम पंचायत की नल जल योजना बंद हुई है। रहवासियों ने मांग की कि ठेकेदार तुरंत नाला निर्माण कर पाईप लाईन डाल कर खड्डा बंद कर देवें। बार बार नल जल योजना बाधित हो रही है पेयजल के लिए लोगों को भटकना पड़ रहा है। अभी भी दो दिन से ग्राम पंचायत की जल सप्लाई बंद है। इधर ग्राम वासियों को पेय जल के लिए परेशान होना पड़ रहा है।

उन्हेल से इंगोरिया 23 किलोमीटर सड़क चौड़ीकरण निर्माण कार्य चल रहा है। चौड़ीकरण में वर्तमान सड़क की दोनों साईड 3_3 मीटर सड़क का निर्माण होना है। निमार्ता एजेंसी के अधिकारी विष्णु सिंह पंवार के मुताबिक सड़क इतनी चौड़ी हो जाएगी कि दो डंफर एक साथ निकल सकेंगे। उधर इंगोरिया चौपाटी पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अस्पताल और सार्वजनिक सुविधा घर के सामने भी रोड चौडा होना है वहां भी अतिक्रमण पसरा है।

## आशुतोष छजलानी बने त्रिस्तुतिक जैन श्री संघ के अध्यक्ष



**महिदपुर।** महिदपुर के श्री सोधर्म वृहत त्रिस्तुतिक तपोगच्छिय श्री संघ के अध्यक्ष पद पर शिक्षाविद एवं एमपीएस ग्रुप के डायरेक्टर आशुतोष छजलानी को सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया। यह निर्णय रविवार शाम श्री राजेंद्रसूरी जैन पोषधशाला में आयोजित समाज की बैठक में लिया गया। बैठक में उपस्थित समाजजनों द्वारा आशुतोष छजलानी के नाम का प्रस्ताव रखा गया, जिसका सभी ने समर्थन करते हुए उन्हें सवार्नुमति से अध्यक्ष मनोनीत किया। अध्यक्ष पद स्वीकार करने के बाद श्री छजलानी ने समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि वे अपने कार्यकाल में समाज को नई दिशा एवं नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे तथा समाज के विकास कार्यों में किसी प्रकार की बाधा नहीं आने देंगे। श्री राजेंद्रसूरी गुरुदेव के समक्ष उन्होंने विधिवत अपना पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर उपस्थित समाजजनों ने उनके नेतृत्व पर विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि वे श्री छजलानी के विजन और योजनाओं के साथ मजबूती से खड़े रहेंगे तथा उनके नेतृत्व में समाज के निरंतर विकास की अपेक्षा रखते हैं।

## शा.उ.मा.वि. पाडल्यामाता में संकुल स्तरीय बैठक संपन्न

**सारंगपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाडल्यामाता में संकुल अंतर्गत आने वाले समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्यों एवं शिक्षकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्यालयों से संबंधित विभिन्ना महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में प्राचार्य पीसी रावतिया द्वारा सभी शिक्षकों को निर्देशित किया गया कि वे प्रतिदिन अनिवार्य रूप से ई-अटेंडेंस दर्ज करें तथा विद्यार्थियों की अपार आईडी निर्माण का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण करें। इसके साथ ही छात्रवृत्ति, साइकिल वितरण, यू-डाइस मैपिंग एवं अन्य विभागीय कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। विद्यालय परिसर की स्वच्छता बनाए रखने एवं नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने पर भी विशेष जोर दिया गया। बैठक में उपस्थित सभी विद्यालयों के प्रतिनिधियों को शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्यों को गंभीरता से लेते हुए समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के लिए कहा गया। प्राचार्य ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि विभाग द्वारा निर्धारित सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

## बगड़ावत ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत



**सुसनेर** जिला किसान कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कमल यादव ने प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान एवं विधायक भैरों सिंह परिहार की अनुशंसा पर भंवर सिंह बगड़ावत को सुसनेर ब्लाक अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है।

## प्रोग्रेसिव पेंशनर्स ऐसोसिएशन ने 6 सूत्रीय मांगो को लेकर दिया ज्ञापन




**महिदपुर।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स ऐसोसिएशन के प्रांतीय आहवान पर महिदपुर के प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन ब्लॉक/तहसील इकाई द्वारा मध्यप्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री के नाम 6 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन तहसीलदार सुश्री संतुष्टि पाल को प्रेषित किया। ज्ञापन का वाचन नंदलाल सतीजा ने किया। इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष एम.डी. बैरागी, उपाध्यक्ष रामसिंह राठौर, संयोजक वासुदेव शर्मा, सचिव जयराम गहलोत, कोषाध्यक्ष अमृतलाल शर्मा, सहसंयोजक कैलाश ठाकुर, रमेशचन्द्र परिहार, अशोक कुमार पाठक, सुरेन्द्र कुमार दीक्षित, हिरालाल शर्मा, कालूसिंह परिहार, राजेन्द्रसिंह भटनागर, आर.सी. परमार, मुन्नालाल दोहरे, नारायणसिंह चैहान, योगेन्द्र वर्मा, घनश्याम शर्मा, बालमुकुन्द सोनगरा, नारायणसिंह चैहान, बद्रीलाल व्यास, अरुण चावड़ा, लक्ष्मीनारायण सोनगरा, गिरधारीलाल मालवीय, रमेशचन्द्र देवड़ा, दिलीप कुमार बोथरा, राजकुमार ग्रोवर, मोहनलाल परमार, लक्ष्मीनारायण डाबी, रामचन्द्र मकवाना आदि उपस्थित थे। आभार उपाध्यक्ष रामसिंह राठौर ने माना।

## पर्यावरण पखवाड़े के तहत वार्ड 13 में शुरू हुआ जनजागरूकता अभियान




**जीरापुर।** नगर परिषद द्वारा पर्यावरण पखवाड़े के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 13 से स्वच्छता एवं पर्यावरण जागरूकता अभियान की शुरूआत की गई। अभियान के तहत सेग्रीगेशन कार्य, होम कंपोस्टिंग एवं जीरो वेस्ट प्रबंधन को बढ़ावा देते हुए वार्ड को स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से घर-घर संपर्क किया गया। नगर परिषद की टीम ने नागरिकों को गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग रखने, घर पर ही जैविक कचरे से खाद तैयार करने तथा पर्यावरण संरक्षण के महत्व की जानकारी दी। साथ ही स्वच्छता को जनआंदोलन बनाने और कचरा प्रबंधन में सहभागिता निभाने का आह्वान किया। अभियान में नोडल अधिकारी ब्रजेश उपाध्याय के नेतृत्व में भगवान परिहार, राम दांगी, मनोहर दांगी एवं राघवेंद्र सिंघला शामिल हुए।

## शाहरुख बोले- पहले तुम दिल तोड़ती थीं, अब हड्डियां तोड़ रही हो

# अल्फा का टीजर रिलीज, जमकर एक्शन करती दिखीं आलिया भट्ट

**आलिया भट्ट स्टारर वायएफआर पाई यूनिवर्स की अपकमिंग फिल्म अल्फा का टीजर बुधवार को जारी किया गया। टीजर 1 मिनट 55 सेकेंड का है, जिसमें आलिया जबरदस्त एक्शन करती नजर आ रही हैं।**



टीजर में कहानी एक युवा महिला के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसका किरदार आलिया निभा रही हैं। उसे बचपन से ही एक खास मकसद के लिए तैयार और ट्रेन किया जाता है। टीजर में उनके पिता बॉबी देओल उन्हें 'अल्फा' नाम के एक सीक्रेट प्रोग्राम से इंट्रोड्यूस कराते हैं, जिसे भारत के अगली पीढ़ी के सैनिकों को तैयार करने के लिए डिजाइन किया गया है।

अल्फा का टीजर रिलीज होने के बाद शाहरुख खान ने आलिया की जमकर तारीफ की है। शाहरुख ने पर लिखा, ह्लबहुत बढ़िया आलिया। पहले तुम दिल तोड़ती थीं, अब हड्डियां तोड़ रही हो। तुम्हारा टैलेंट लगातार बढ़ता जा रहा है। उम्मीद है 'अल्फा' लोगों का दिल जीतेगी और सीक्वल के लिए कुछ विलेन भी बच जाएंगे। जाओ, सबको दिखा दो सिग्मा गर्ल! बॉबी सर, जब आप विलेन बनते हैं तो कमाल कर देते हैं।

**बॉबी ने आलिया से अनबन की खबरों को अफवाह बताया-** हाल ही में बॉबी देओल ने अल्फा की शूटिंग के बीच आलिया से अनबन की खबरों पर चुप्पी तोड़ते हुए इसे अफवाह बताया था। टीवी शो 'आप की अदालत' में उनसे आलिया से अनबन की खबरों पर सवाल किया गया था, तो एक्टर ने कहा था, ₹मुझे भी किसी दोस्त ने उस खबर का स्नैपशॉट भेजा था। मैं भी हैरान था। लोग इतने वेल्ले हैं कि कुछ भी लिखकर बना देते हैं।आगे बॉबी ने कहा था, ह्लमैंने अभी रणबीर के साथ फिल्म की, फिर मुझे जब पता चला कि मुझे आलिया के साथ एक फिल्म मिली है, तो मैंने सोचा कि ये हो क्या रहा है मेरे साथ, क्योंकि दोनों ही मेरे फेवरेट एक्टर हैं। दोनों के साथ मुझे काम करने को मिल रहा है। ये बहुत अच्छा है। वह कितनी अच्छी एक्ट्रेस हैं, कितनी हार्डवर्किंग हैं। कितनी प्रोफेशनल हैं। उन्हें फाइट सीक्वेंस करना हो तो वह बहुत तैयार रहती हैं।

### फिल्म अल्फा के बारे में जानिए

अल्फा यश राज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स की 7वीं और फीमेल लीड वाली पहली फिल्म है। आलिया भट्ट फिल्म में लीड रोल प्ले कर रही हैं। शरवरी वाघ, बॉबी देओल और अनिल कपूर भी फिल्म में अहम किरदारों में हैं। ऋतिक रोशन, इस यूनिवर्स की फिल्म वॉर के किरदार कबीर का कैमियो रोल प्ले करने वाले हैं। फिल्म 3 जुलाई को रिलीज होने के लिए शेड्यूल है। फिल्म का निर्देशन शिव रवैल ने किया है।



### अल्फा के बाद पठान 2 के आने की चर्चा

इस यूनिवर्स में अल्फा के बाद पठान 2 और टाइगर वर्सेस पठान की भी चर्चा है। पठान 2 को स्पाई यूनिवर्स की 8वीं फिल्म माना जा रहा है, जिसमें शाहरुख खान दिखेंगे। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, पठान 2 की स्क्रिप्ट का काम पूरा हो चुका है। वहीं टाइगर वर्सेस पठान में सलमान खान और शाहरुख खान के एक साथ दिखने की चर्चा थी। फिल्म को लेकर टील्ल२ढ जैसी कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि सितारों की भारी-भरकम फीस के चलते इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। वहीं इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म पूरी तरह बंद नहीं हुई है, बल्कि इसे कुछ समय के लिए होल्ड पर रखा गया है।



## पीला गमछा ओढ़े स्कूटी पर निकलीं रवीना

बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन अपने दो दिवसीय ऋषिकेश दौरे के दौरान आध्यात्मिक रंग में रंगी नजर आईं। वह साड़ी पहनकर और चेहरे पर पीला गमछा ओढ़कर स्कूटी से जानकी सेतु पार करती दिखीं। इस दौरान उन्होंने 'हर-हर गंगे' के जयकारे लगाए। उन्हें देखने के लिए लोगों की भीड़ जुट गई और प्रशंसकों ने उनके साथ सेल्फी भी ली। रवीना टंडन परमार्थ निकेतन पहुंचीं, जहां उन्होंने कथा श्रवण किया, गंगा आरती में हिस्सा लिया और गौ पूजन किया। पूरे प्रवास के दौरान वह भक्ति और आध्यात्मिक गतिविधियों में लीन नजर आईं। उन्होंने परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती का आशीर्वाद भी लिया।

### स्कूटी पर घूमीं, लगाए जयकारे

बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन का ऋषिकेश दौरे का सबसे चर्चित पल तब रहा, जब वह साड़ी पहनकर और चेहरे पर पीला गमछा ओढ़े स्कूटी से जानकी सेतु पार करती नजर आईं। गंगा तट और आसपास के क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए उन्होंने 'हर-हर गंगे' के जयकारे भी लगाए। उनका यह सादा और आध्यात्मिक अंदाज लोगों को काफी पसंद आया। स्थानीय लोगों और पर्यटकों ने उनके व्यवहार की सराहना की और कई लोगों ने उनके वीडियो भी अपने मोबाइल में रिकॉर्ड किए। रवीना टंडन को स्कूटी पर देखकर जानकी सेतु और आसपास के इलाके में लोगों की भीड़ जुट गई। कई लोग उन्हें करीब से देखने और उनके साथ तस्वीर खिंचवाने के लिए उत्साहित नजर आए।

---

# Sport

## विमेंस टी-20 वर्ल्डकप आज से, भारत का 14 को पाकिस्तान से मुकाबला

### पहली बार 12 टीमें और 33 मैच; भारत ग्रुप ऑफ डेथ में

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

10वां विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप 12 जून से इंग्लैंड और वेल्स में शुरू होगा। पहला मुकाबला मेजबान इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच खेला जाएगा। फाइनल 5 जुलाई को लॉर्ड्स में होगा। इस बार 12 टीमें 24 दिनों में 33 मुकाबले खेलेंगी।

यह अब तक का सबसे बड़ा विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप होगा। टूनार्मेंट की डिफेंडिंग चैंपियन न्यूजीलैंड है। टीम ने 2024 में पहली बार खिताब जीता था। ऑस्ट्रेलिया 6 ट्रॉफी के साथ टूनार्मेंट की सबसे सफल टीम है। भारत कभी ट्रॉफी नहीं जीत पाई है। टीम ने 4 बार सेमीफाइनल और एक बार फाइनल में जगह बनाई है। भारत इस बार ग्रुप ऑफ डेथ में है, जिसमें ऑस्ट्रेलिया-साउथ अफ्रीका जैसी टीमें हैं। भारत का पहला मैच 14 जून को बर्मिंघम में पाकिस्तान से होगा।

2009 में पहली बार विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप इंग्लैंड में हुआ था। टूनार्मेंट में 8 टीमें शामिल थीं। मेजबान इंग्लैंड ही पहली चैंपियन बनी थी। शुरूआती 3 वर्ल्ड कप तक 8 टीमें खेलती थीं। 2014 से टीमों की संख्या बढ़कर 10 हुई।

### निखिल चौधरी ऑस्ट्रेलिया की टीम में शामिल

भारत में जन्मे ऑलराउंडर निखिल चौधरी को पहली बार ऑस्ट्रेलिया की टी-20 टीम में चुना गया है। वे बांग्लादेश के खिलाफ 3 टी-20 मैचों की सीरीज में हिस्सा लेंगे।

### खेल जगत के 100 प्रभावशाली लोगों की सूची जारी

**नई दिल्ली।** टाइम मैगजीन ने पहली बार खेल जगत की 100 सबसे प्रभावशाली हस्तियों की सूची जारी की है। इसके कवर पेज पर चार बार के एनबीए चैम्पियन लेब्रन जेम्स को जगह मिली है।


**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
**योग्यता-** B.E.D/D.E.D./Deled
**वेतन-** 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

**आवश्यकता है**
स्टॉफ की आवश्यकता है न्यू ओपनिंग रेस्टोरेंट के लिए-
2- कचोरी-समोसा, जलेबी बनाने वाले उस्ताद, 2- रेस्टोरेंट मैनेजर्स, 2- इंडिया शैफ, 2- तंदूर, 2- कैशियर, 5- किचन हेल्पर, 3- पैंट्री वाले, 4- कैप्टन, 6-वेटर, 4- हाउस किपिंग वालों की आवश्यकता है।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें 9893713817

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क 9111328540

**मकान बेचना है**
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क 8717818385

उज्जैन में पहली बार मालवा का
नया स्वाद नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल साँई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बॉय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला मो. 9406801039

**सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता**
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटनें मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

झारडा — मकान बेचना है — Size 12.5x30 — मैन रोड नाग मंदिर चौक, शांतिलाल दसेड़ा के पास, झारडा
नागदा — मकान बेचना है — Size 20x40 — श्रीराम कॉलोनी सरस्वती स्कूल के पास, नागदा
संपर्क : गोपाल सोनी- मो. 9806179344

**बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति**
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

**अवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की।
कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें 7974817308, 9516848052

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क 9893374872

**हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?**
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

**जय श्री महाकाल**
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन










मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com